e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 38

शनिवार

08.02.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110


**सुविचार**

ज़िन्दगी आसान नहीं आसान बनानी पड़ती है, सबर करना पड़ता है कुछ बर्दाश करना पड़ता है और बहुत कुछ नज़र अंदाज़ करना पड़ता है ।


ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


## क्विक न्यूज

### अनियंत्रित होकर बाइक कुएं में जा गिरी, चार दोस्तों की मौत

**मनावर :** धार जिले के मनावर में गुरुवार देर रात सड़क हादसे 4 युवकों की मौत हो गई। चारों युवक आपस में दोस्त थे और शादी समारोह से लौट रहे थे। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कुएं से बाहर निकाला। मृतकों के शवों को निकाल कर पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।जानकारी के अनुसार हादसा मनावर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात करीब एक बजे उमरबन गांव के पास हुआ।

### मांझा कारखाने में तेज धमाका, मालिक समेत तीन लोगों की मौत, शवों के उड़े चीथड़े

**बरेली :** बरेली के किला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह बड़ी घटना हो गई। बाकरगंज की तंग गली में स्थित मांझा कारखाने में तेज धमाका हुआ, जिससे कारखाना मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि पूरा इलाका दहल गया। धमाके की आवाज तीन किलोमीटर तक सुनी गई। शवों के चीथड़े उड़ गए। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। इलाके में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि इस इलाके में आठ साल पहले भी इसी तरह की घटना हुई थी। जानकारी के मुताबिक बाकरगंज में अतीक रजा खां का मकान है। वह मकान के पिछले हिस्से में मांझा बनाने का कारखाना चला रहे थे। शुक्रवार को सुबह मांझा बनाते समय तेज धमाका हो गया। घटना में अतीक और मांझा कारीगर फैजान की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा कारीगर सरताज गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। कुछ देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया।

### खदान में ट्रक की चपेट में आकर दो खदान कर्मियों की मौत

**हमीरपुर :** चिकासी थाना क्षेत्र के मौरंग खदान में शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आने से दो खदान कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे में दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, चिकासी थाना क्षेत्र के इटौरा-छिटकिरी में मौरंग खदान तमाम ट्रक मौरंग लेने के लिए खड़े थे। मौरंग लोड होने पर चालक ट्रक को बैक कर रहा था। तभी खदान की अड्डी पर लेटे दो कर्मचारी ट्रक की चपेट में आ गये। दोनों की मौत हो गई। हादसे में मौरंग खदान कर्मियों की मौत से वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर थाना प्रभारी और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### सहकार भारती ने महाकुम्भ में थाली व थैला का वितरण किया

**महाकुंभनगर :** प्रयागराज महाकुम्भ में सहकार भारती उत्तर प्रदेश की दो दिवसीय चिंतन बैठक 6 एवं 7 फरवरी को संपन्न हुई। इस अवसर पर सहकार भारती उत्तर प्रदेश की तरफ से कुंभ मेले में शामिल होने वाले तीर्थ यात्रियों को 500 थाली, 500 गिलास और 500 कपड़ा का थैला वितरण किया गया।सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर व स्वदेशी जागरण मंच क्षेत्र संगठक अजय कुमार ने तीर्थ यात्रियों को थाली,गिलास व कपड़े का थैला वितरण किया। तीर्थयात्री मेले में प्लास्टिक या डिस्पोजेबल प्लेट आदि का प्रयोग न करें इस दृष्टि से पर्यावरण संरक्षण में सहकार भारती उत्तर प्रदेश द्वारा एक प्रयास किया गया।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने मुंबई में ड्रग कार्टेल पकड़ने पर एनसीबी टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम को मुंबई में 200 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त करने और चार लोगों की गिरफ्तारी के लिए बधाई दी है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए अपनाए गए दृष्टिकोण की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया,भारत ने जीरो टॉलरेंस के साथ ड्रग कार्टेल को कुचल दिया। मुंबई में बहुत उच्च श्रेणी के कोकीन, गांजा और कैनबिस को जब्त करने और 4 लोगों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए अपनाए गए जांच के दृष्टिकोण की सफलता का प्रमाण है। इस बड़ी सफलता के लिए नार्कोटिक्स ब्यूरो की टीम को बधाई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

# महाराष्ट्र में जोड़े गए फर्जी मतदाता : राहुल गांधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले के साथ संयुक्त रूप से शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाता जोड़ने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में पिछला चुनाव लड़ने वाले पूरे विपक्ष का प्रतिनिधित्व किया। हमारी टीम ने मतदाता सूचियों और मतदान पैटर्न का विस्तार से अध्ययन किया। दुर्भाग्य से, हमें कई अनियमितताएं मिली हैं।

### बैलेट पेपर से दोबारा हो चुनाव

पत्रकार वार्ता में एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि हम चाहते हैं कि उन निर्वाचन क्षेत्रों में भी बैलेट पेपर से दोबारा चुनाव हों, जहां हमारे उम्मीदवार जीते हैं। ऐसे 11 सीटें हैं, जहां हम पार्टी के चुनाव चिन्हों के बीच भ्रम के कारण चुनाव हार गए। यहां तक कि सत्ताधारी पार्टी ने भी इसे स्वीकार कर लिया है। हमने तुतारी से चुनाव चिन्ह बदलने के लिए कई बार अनुरोध किया, लेकिन अनुरोध पर विचार नहीं किया गया। हम केवल चुनाव आयोग से निष्पक्षता की मांग करते हैं।

### महाराष्ट्र में पांच साल में जितने मतदाता जोड़े गए, उससे ज्यादा पांच महीनों में जोड़ दिए गए

उन्होंने चुनाव आयोग से सवाल करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में पांच साल में जितने मतदाता जोड़े गए, उससे ज्यादा मतदाता सिर्फ पांच महीनों में जोड़ दिए गए थे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 से लेकर लोकसभा चुनाव 2024 के बीच पांच वर्षों में महाराष्ट्र की मतदाता सूची में 32 लाख मतदाता जोड़े गए। वहीं, वर्ष 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच पांच महीने की अवधि में महाराष्ट्र में 39 लाख नए मतदाता जोड़ दिए गए। मतलब हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं की संख्या के बराबर की आबादी महाराष्ट्र में 5 महीने में जोड़ दी गई।



### चुनाव आयोग महाराष्ट्र का वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है

संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता ने कहा कि महाराष्ट्र में हमारा वोट कम नहीं हुआ है, भाजपा का वोट ज्यादा हुआ है। जहां भाजपा की स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत रही है। इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। हम चुनाव आयोग से महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट मांग रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग हमें ये लिस्ट नहीं दे रहा है। चुनाव में पारदर्शिता लाना आयोग का काम है। महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग से सार्वजनिक तौर पर सवाल पूछ रही हैं, लेकिन फिर भी हमें लिस्ट नहीं सौंपी जा रही है। चुनाव आयोग जल्द से जल्द महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट हमें सौंप दे।

### अधिक मतदाता क्यों जोड़े जा रहे हैं ?

उन्होंने कहा कि ऐसे में सवाल यह है कि लोकसभा चुनाव के पांच महीनों के बाद पांच साल पहले की तुलना में अधिक मतदाता क्यों जोड़े जा रहे हैं। यह पांच लाख लोग कौन हैं और कहां से आए हैं।उन्होंने कहा कि सरकार के अनुसार महाराष्ट्र की व्यस्क जनसंख्या 9.54 करोड़ है, लेकिन चुनाव आयोग के अनुसार महाराष्ट्र में 9.70 करोड़ मतदाता हैं। मतलब चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में जनसंख्या से ज्यादा मतदाता हैं। राहुल ने एक और उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में कामठी में 1.36 लाख वोट मिले, ये चुनाव कांग्रेस जीत गई। इसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यहां 35 हजार नए वोटर जोड़े गए। ये सारे वोटर भाजपा के खाते में चले गए और भाजपा चुनाव जीत गई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसे अनेक उदाहरण हैं।

# पीएम मोदी 12-13 फरवरी को करेंगे अमेरिका का दौरा



**नई दिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फ्रांस के राष्ट्पति के निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-12 फरवरी तक फ्रांस के दौरे पर रहेंगे. पीएम यहां एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगें, जिसमें अमेरिकी उपराष्ट्पति और चीन के उप प्रधानमंत्री समेत कई देश के राष्ट्ाध्यक्ष पहुंचेंगे. पीएम मोदी 10 फरवरी की शाम को पेरिस पहुंचेंगें, जहां वह फ्रांस के राष्ट्पति इमैनुएल मैक्रों की ओर से आयोजित डिनर में शामिल होंगे. इसके बाद पीएम मोदी अमेरिका का दौरा भी करेंगे.भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि यूएस के राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप के न्योते पर पीएम मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर होंगे. ट्रंप के दूसरी बार शपथ लेने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा होगा.पीएम मोदी 11 फरवरी 2025 को एआई एक्शन समिट में शामिल होंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्पति इमैनुएल मैक्रों इंडिया फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करेंगे.,ढ्ढ एक्शन समिट बहुत महत्वपूर्ण है, यह इस तरह का तीसरा उच्चस्तरीय समिट है. इससे पहले यूके और दक्षिण कोरिया में यह समिट हो चुका है.भारत के विदेश सचिव ने कहा कि हम ऐसे एआई एप्लीकेशन के पक्षधर हैं जो सेफ और विश्वसनीय हों. पीएम मोदी 12 फरवरी को फ्रांस के मार्सिले में भारत के नये वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे. वहां उनके साथ फ्रांस के राष्ट्पति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद रहेंगे.

# भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को किया तलब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नई दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद नूरल इस्लाम को तलब किया. बांग्लादेश के आंतरिक मामलों के लिए भारत के खिलाफ बयानबाजी के मुद्दे को लेकर उन्हें बुलाया गया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि 7 फरवरी को उन्हें बुलाया गया था. उन्हें यह बताया गया कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध चाहता है, जिसे हाल की उच्च-स्तरीय बैठकों में कई बार दोहराया गया है. भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा,यह अफसोसजनक है कि बांग्लादेश के अधिकारियों की ओर से दिए गए बयान भारत को नकारात्मक दिखाता है. वे बांग्लादेश के आंतरिक मुद्दों के लिए भी हमें ही जिम्मेदार ठहराते हैं. शेख हसीना ने बुधवार को एक ऑनलाइन संबोधन में अपने समर्थकों से बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के खिलाफ खड़े होने का आह्वान किया था. शेख हसीना ने यूनुस सरकार पर असंवैधानिक तरीके से सत्ता हथियाने का आरोप लगाया. हसीना के संबोधन से पहले ही हजारों प्रदर्शनकारियों ने उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक नेता मुजीबुर रहमान के घर को ध्वस्त कर दिया और आग लगा दी. हसीना के भाषण के बाद भी हिंसा जारी रही. इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि शेख हसीना का बयान उनका निजी बयान है, उससे भारत का कोई लेना देना नहीं है. विदेश मंत्रालय ने कहा,भारत सरकार पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध बनाने के लिए प्रयास करेगी. हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश भी माहौल को खराब किए बिना इसी तरह का प्रयास करेगा.

### आरबीआई ने रेपो रेट में की 0.25 प्रतिशत की कटौती

# आरबीआई के फैसले से होम और कार लोन सस्ते हो जायेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार, 7 फरवरी को रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत (25 बेसिस पॉइंट्स) की कटौती का ऐलान कर दिया। इस कटौती के बाद रेपो रेट 6.25 प्रतिशत हो जाएगा। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार जून 2023 में रेपो रेट में बदलाव किया था। आरबीआई ने जून 2023 में रेपो रेट बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। जून 2023 के बाद से ही रेपो रेट में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ था। जून 2023 के बाद आज पहली बार रेपो रेट में बदलाव किया गया है और अब इसे घटाकर 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत कर दिया गया है। आरबीआई ने आखिरी बार मई 2020 में ब्याज दरों में कटौती की थी। आरबीआई ने उस समय कोविड के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने के लिए रेपो रेट में 0.40 प्रतिशत (40 बेसिस पॉइंट्स) की कटौती की थी। जिसके बाद आज करीब 5 साल बाद रेपो रेट में किसी तरह की कटौती की गई है। 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी, 2025 तक चली एमपीसी की मीटिंग में रेपो रेट घटाने का फैसला किया गया। पिछले साल 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर नियुक्त किए गए संजय मल्होत्रा की ये पहली एमपीसी मीटिंग थी।आरबीआई के इस फैसले से होम लोन और कार लोन सस्ते हो जाएंगे और करोड़ों कर्जदारों की लोन EMI घट जाएंगी। यानी, जिन लोगों का लोन चल रहा है, उन्हें RBI के इस फैसले से काफी राहत मिलेगी। लेकिन, एक वर्ग ऐसा भी है, जिन्हें इस फैसले का नुकसान उठाना पड़ेगा। जी हां, रेपो रेट में कटौती होने से जहां एक तरफ लोन सस्ता हो जाएगा, वहीं दूसरी ओर एफडी यानी फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज भी कम हो जाएगा। यानी, जिन लोगों का कोई लोन नहीं चल रहा है और वे एफडी में निवेश करते हैं, उन्हें इस फैसले का नुकसान उठाना पड़ेगा।

# महाकुंभ मेले में आग से 22 टेंट जलकर खाक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रयागराज :** महाकुंभ में आग लगने की खबर है. बताया जा रहा है कि आग सेक्टर 18 के पास में लगी थी। हालांकि राहत की बात ये रही कि आग पर वक्त रहते काबू पा लिया गया. जैसे ही आग लगने की सूचना मिली वैसे ही फायर ब्रिगेड़ की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई. इसके बाद आग को बुझाने की मशक्कत की गई और आग पर काबू पा लिया गया. शुरुआत में आग की लपटे काफी ऊपर उठ रही थी। खाक चौक थाना के प्रभारी निरीक्षक योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि ओल्ड जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास एक शिविर में आग लग गई . हालांकि, फायर फाइटर्स आग बुझाने में लगे हैं और काफी हद तक उस पर काबू पा लिया गया है. उन्होंने बताया कि मौके पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी भी पहुंच गए हैं. बताया जा रहा है कि आग की चपटे में आने से 22 टेंट जलकर खाक हो गए. आग बुझाने के लिए महज 5 मिनट में भी फायर ब्रिगेड की 40 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थी. एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ मेला क्षेत्र के शंकराचार्य मार्ग सेक्टर 18 में लगी आग पर काबू पा लिया गया है.











## सवारी गाड़ी ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक की मौत कई घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सतबरवा :** शुक्रवार अहले सुबह 4 बजे के करीब एनएच 39 पर सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में अनियंत्रित सवारी गाड़ी ने टक्कर मार दी।जिसके बाद सवारी गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं गंभीर रूप से घायल मनिका निवासी मजहर हुसैन( 38 वर्ष )पिता अख्तर हुसैन की मौत इलाज के क्रम में हो गई जबकि इसी परिवार के अन्य तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना पाकर सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव में जुट गई।घायलों को स्थानीय नवजीवन अस्पताल तुम्बागड़ा में भर्ती किया गया जहां से गंभीर रूप से तीन घायलों को एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। एसआई विश्वनाथ राणा ने बताया कि लेस्लीगंज से कव्वाली सुनकर महिलाओं समेत कई लोग सवारी गाड़ी से मनिका लौट रहे थे इसी क्रम में बकोरिया पेट्रोल पंप पर सड़क किनारे खड़े कंटेनर ट्रक यूपी 70 ईटी 7045 से अनियंत्रित होकर जा भिड़ा। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। सभी घायल मनिका के ही बताए जाते हैं।

## पूर्वडीहा के एक युवक की सड़क दुर्घटना में दिल्ली में मौत हो गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा निवासी संजय दुबे का पुत्र आकाश दुबे की मौत गुरूवार को सुबह करीब साढ़े तीन बजे सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक आकाश दुबे दिल्ली में एक आईटी कंपनी में बतौर इंजीनियर के रूप में काम करता था। गुरुवार की सुबह वह ड्यूटी से अपने घर आ रहा था इसी दौरान पीछे से एक अज्ञात गाड़ी ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों एवं दिल्ली पुलिस के सहयोग से स्थानीय हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मालूम हो कि आकाश दुबे पिछले तीन साल से दिल्ली में ही नौकरी करता था उसकी एक बहन भी साथ में रहती है वह भी इंजिनियर है और दोनों साथ में ही नौकरी करते थें। उसकी बहन एक सप्ताह पहले अपने गांव पूर्वडीहा आई हैं साथ ही पूर्वडीहा के सत्यपाल दुबे उर्फ बब्लु दुबे जो गुड़गांव में रहते है उसने बताया कि मृतक आकाश का पोस्टमार्टम कराकर शव दिल्ली से पूर्वडीहा के लिए गुरुवार को ही भेज दिया गया है।मृतक का शव आज दोपहर तीन बजे तक पूर्वडीहा पहुंच चुका हैं वहीं परिजनों के द्वारा दाह संस्कार विधि विधान से कोयल नदी तट पर किया गया।

## जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ने यूपी के पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव से किया मुलाकात



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिलाध्यक्ष रविप्रकाश उर्फ बबलू ने साधन सहकारी लिमिटेड के अध्यक्ष अजमेर सिंह यादव की पुत्री की शादी में आये उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात किया। मुलाकात के क्रम में राजनीतिक विचार विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## सर्वजन पेंशन योजना का भुगतान पांच माह से लंबित, सामाजिक कार्यकर्ता करेंगे आंदोलन



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वजन पेंशन योजना के सैकड़ों लाभुकों का भुगतान पांच माह से लंबित है. जिससे बिश्रामपुर नगर परिषद के एक हजार से भी ज्यादा वृद्ध,विधवा व दिव्यांग परेशान हैं. पेंशन भुगतान के बारे में जानकारी लेने के लिये प्रतिदिन ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं. शुक्रवार को दर्जनों पेंशन लाभुकों ने अपनी व्यथा सामाजिक कार्यकर्ता मो.सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी को बतायी.पेंटर जिलानी ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके हित की लड़ाई वे खुद लड़ेंगे. उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र भी प्रेषित किया. जिसमें कहा गया है कि पेंशन की राशि से ही इनका गुजर बसर होता है. अगर 11 फरवरी तक लाभुकों को पेंशन के लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया तो 13 फरवरी को सांकेतिक रूप से एक दिवसीय भूख हड़ताल करेंगे. इसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया तो आमरण अनशन करेंगे।

## वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आज से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वर्षगांठ का तीन दिवसीय कार्यक्रम आठ फरवरी से शुरू होगा. श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि आठ फरवरी को कलश यात्रा के साथ मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ होगा. नौ फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा. दस फरवरी को नौ कन्या पूजन के बाद अपराह्न 12.30 बजे से 4.30 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जायेगा. जबकि इसी दिन रात्रि नौ बजे से भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा. श्री टैगोर ने बताया कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की स्थापना वर्ष 1994 में माघ मास, शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुई थी, तब से इस तिथि को मंदिर का वर्षगांठ बड़े ही धुमधाम से मनाया जाता है. अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, राजीव कुमार (घंटी), सतीष कुमार, प्रदीप कुमार, संजय प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा, आकाश कुमार जायसवाल आदि सक्रिय हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा पदाधिकारी, मंजूर आलम,सीएमओ अर्चना मेहता, एएनएम अनुराधा कुमारी, सविता कुमारी, सुषमा कुमारी, विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र कुमार चंदेल सचिव राकेश तिवारी, आचार्य दीपक पाण्डेय, राजकुमार सिंह ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। अनुमंडल अस्पताल से आए हुए डॉक्टर टीम को अंग वस्त्र देकर स्वागत सह सम्मान किया गया। बीआरई के निर्देशानुसार अनुमंडलीय अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा भैया-बहनों के एनीमिया एवं स्वास्थ्य जांच हेतु कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे भैया-बहनों के खून जांच, हिमोग्लोबिन जांच के साथ ही साथ अन्य जांच भी किया गया।कैंप में 590 भैया-बहनों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन से भैया-बहनों के शारीरिक एवं मानसिक विकास सुचारु रूप से होता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विद्यालय द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराया जाता है। जिससे सैकड़ों की संख्या में भैया-बहन लाभान्वित होते है। मुख्य चिकित्सक डॉ मंजूर आलम ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहन इस उम्र में अपने स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही संवेदन शील होते हैं। इसलिए इनके प्रति समाज को बहुत ही जागरूक रहना पड़ेगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## पलामू में बालिका आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हुसैनाबाद ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में नामांकन हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में जानकारी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जारी की गई है।झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हैदरनगर में कक्षा 6वीं के लिए कुल 50 सीटें निर्धारित की गई हैं। चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित कोटि की बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी~अनाथ बालिकाएँ (जिनके माता-पिता दोनों नहीं हैं) एकल अभिभावक वाली बालिकाएँ (जिनके केवल माता या पिता हैं) आदिवासी बालिकाएँ दिव्यांग बालिकाएँ पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाएँ आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 शाम 4~00 बजे तक रखी गई है। अभिभावकों को आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे~ आवेदिका तथा माता-पिता/अभिभावक का आधार कार्ड (छायाप्रति)बीपीएल कार्ड (छायाप्रति) जाति प्रमाण पत्र (छायाप्रति) बैंक खाता विवरण (छायाप्रति)स्थानीय निवास प्रमाण पत्र (छायाप्रति) आवेदिका तथा माता-पिता/अभिभावक के पासपोर्ट साइज़ के दो-दो फोटो इधर, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हुसैनाबाद हुसैनाबाद प्रखंड में कक्षा 6वीं के लिए कुल 75 सीटें आरक्षित की गई हैं। यहाँ चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित कोटि की बालिकाओं का समावेश किया जाएगा।

## पलामू वारियर्स को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा डंडीला यूथ क्रिकेट टीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला जे बी उच्च विधालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला क्वार्टरफाइनल मुकाबला शुक्रवार को पलामू वारियर्स और डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के बीच खेला गया.टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पलामू वारियर्स की टीम ने आठ विकेट के नुकसान पर निर्धारित 16 ओवर में 163 रन बनाया.जवाबी पारी खेलने उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 15.1 ओवर में सात विकेट खोकर 164 रन बनाकर तीन विकेट से मैच जीत लिया. इसी जीत के साथ डंडीला यूथ क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी. बेहतर प्रदर्शन के लिये डंडीला टीम के ओपनर बैट्समैन गोलू कुमार को मैंन ऑफ द मैच चुना गया. गोलू ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 65 रन बनाया था.गोलू को मैंन ऑफ द मैच का ट्रॉफी युवा भाजपा नेता शुशील शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, कुमार कलिका सिंह उर्फ राजू सिंह व वरिष्ठ पत्रकार जयकांत शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिया. मौके पर काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग व खेल प्रेमी मौजूद थे।

## महाकुम्भ जा रहे श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र दे कर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर से एक दर्जन श्रद्धालु कुम्भ दर्शन की यात्रा पर रवाना हुए। जिन्हें छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष और फुटपाथ दुकानदार संघ के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने अंगवस्त्र दे कर महाकुंभ के लिए रवाना किया। इस अवसर पर अरविन्द ने कहा कि 144 सालों के बाद लगनेवाला महाकुंभ अद्भुत और अद्वितीय आयोजन है जो सनातन संस्कृति का सुंदरतम स्वरूप भी है, महाकुंभ दर्शन के माध्यम से छतरपुर की बेहतरी की कामना हो। वही फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर ने कहा कि वे महाकुंभ में ईश्वर से प्रार्थना करेंगे की छतरपुर में समृद्धि हो, इलाका आगे बढ़े। प्रयागराज के लिए रवाना होने वालों में फुटपाथ विक्रेता संघ के अध्यक्ष गौतम सागर, गोकुल प्रसाद, अवधेश प्रसाद, विनोद प्रसाद, विजय, नरेश, जितेंद्र सहित आधा दर्जन महिला श्रद्धालु भी जत्था में शामिल थे।

## अवैध रूप से संचालित निजी अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र पर छापामारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर मे अवैध रूप से संचालित की जा रहे निजी हॉस्पिटल, क्लिनिको एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र पर छापामारी दल के कार्रवाई से दर्जन निजी क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र पर ताला लटका नजर आया छापामारी दलों द्वारा 6 फरवरी के शाम छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व मेंअवैध रूप से संचालित किया जा रही निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड केंद्र के खिलाफ छापामारी टीम बनाई गई और छतरपुर शहर सरईडीह रोड में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर एवं निजी अस्पताल पर गुरुवार की शाम मांललिता हॉस्पिटल, बर्मा हॉस्पिटल, खुशी अल्ट्रासाउंड पर छापामारी दलों द्वारा छापामारी की गई वहीं संचालकों द्वारा दस्तावेज की मांग की गई लेकिन लेकिन कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया तीनों संचालकों के विरुद्ध छतरपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील किया गया वहीं छतरपुर अंचल पदाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित की जा रही क्षेत्र में निजी हॉस्पिटल पर छापेमारी जारी रहेगी।

## हादसे को निमंत्रण दे रहा बिजली का खंभा



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता पंचायत स्थित लोहड़ी गांव में 11 केवी एचटी लाइन सतबरवा को नीलांबर पीतांबरपुर से जोड़नेवाली सड़क के ऊपर से गुजरती है उसका खंभा पूरी तरह से झुका हुआ है जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहनों या राहगीरों के साथ कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी सिर्फ आश्वासन के सिवा कुछ फायदा नही हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। एसडीओ को इसकी सूचना देने पर उन्होंने कहा कि जल्द ठीक कर दिया जाएगा लेकिन महीनों गुजर गए और खंभा खतरनाक रूप से झुकता ही जा रहा है। आपको बता दें कि यह काफी व्यस्त सड़क है जो सतबरवा ट्रेनिंग कॉलेज से होकर दर्जनों गांवों को जोड़ते हुए नीलांबर पीतांबरपुर तक जाती है।

## कपड़ों कि सौगात लेकर कपड़ा बैंक पहुंची किन्नर गुरु राधा दीदी, शौकत ख़ान ने किया सभी को तिरंगा देकर सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अकेला आदमी जब मन किसी अच्छे कार्य को करने के लिये ठान कर रास्ते पर चलने लगता है तो वह अकेला होता है। लेकिन समय के साथ साथ उसके साथ पूरा कारवाँ बन जाता है।जब शौकत खान ने निशुल्क सत्तू,चावल तथा कपड़ा बैंक का शुभारंभ किया था तो कमोबेश यही स्थिति थी।धीरे-धीरे कारवाँ बढ़ता गया। इसी कड़ी में मानवता कि सेवा में हाथ बढ़ाने किन्नर समाज कि गुरु राधा दीदी शुक्रवार को आगे आई। मानवता कि मंदिर कहें जाने वाले शौकत खान का अनेक निशुल्क बैंक गढ़वा में किन्नर समाज कि गुरु राधा दीदी अपनी पुरी टीम के साथ पहुंची और गरीबों के लिए प्रतिदिन चल रहे निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक में ढ़ेर सारा नये नये साड़ी और कपड़ा के साथ तीन बोरा राशन शौकत खान को डोनेट किया।गरीबों के बीच दर्जनों किन्नर और किन्नर समाज के अंदर मानवता कि जज्बा को देखकर बहुत सारे नागरिकों कि भीड़ कपड़ा बैंक के बाहर उमड़ पड़ी। बहुत से लोग राधा दीदी के साथ फोटो, विडियो लेने लगे। वही कुछ सेल्फी खिंचाने को आगे आये।जब कि किन्नर समाज कि गुरु राधा दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि शौकत खान के द्वारा गरीबों के लिए जो निस्वार्थ सेवा कार्य किया जा रहा है। वो वाकई में काबिले तारीफ है। इनकी जितनी भी तारीफ किया जाये कम होगा।उन्होंने कहा कि शौकत खान कि निस्वार्थ सेवा कार्यो को हम लोग देखकर बहुत प्रभावित हैं और समय-समय पर हम और हमारे गढ़वा किन्नर समाज कि तरफ से अनेक निशुल्क बैंक गढ़वा में लगातार कपड़ा और राशन से सहयोग किया जाता है। जिससे गरीबों कि सेवा निरंतर चलता रहें। हम सब के छोटे-छोटे कपड़ों और राशन का दान गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहे है।किन्नर समाज कि गुरु राधा किन्नर ने भावुक होते हुये बोली कि मेरा दुनिया में कोई नहीं है। अब मेरे लिए मेरा जो कोई भी है वो गढ़वा जिले के हमारे जजमान है। यहां के सम्मानित नागरिक ही मेरे सब कुछ है। मुझे गढ़वा के लोगों से जो प्यार और आशीर्वाद के साथ बधाई मिलता है। मैं चाहती हूं कि यही के गरीबों के बीच खर्च कर दु। इसलिए मैं लगातार समजिक कार्यो के साथ साथ धार्मिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हु और आप सभी कि दी हुई बधाई को मैं जनहित में खर्च कर देती हूं।शौकत खान के सराहनीय सेवा कार्य के लिए इन्हें और इनके पुत्र साजिद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करती हु।इन्हें आशिर्वाद देती हूं कि आगे ये इसी तरह गरीबों कि सेवा करते रहे किन्नर समाज आपके साथ है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पंचायत स्तर पर चलाया सदस्यता अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह संयोजक मंडल सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा एवं रविन्द्र राम तथा शनि कुमार के नेतृत्व में छतरपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें 487 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी के कार्यो से प्रभावित होकर लोग खुद पार्टी से जुड़ रहे हैं।यह हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि आमजन भी स्वेक्षा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। झारखंड के सभी वर्गो जैसे युवा बेरोजगार किसान महिलाओं एवं किशोरियों सभी के लिए सरकार द्वारा जो भी योजनाएं दी जा रही है लोगों को उसका सत प्रतिशत लाभ मिल रहा है जिसके कारण लोग सरकार को अपना समर्थन दे रहे हैं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पलामू से डेढ़ लाख से अधिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया है जो बहुत ही आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। झारखंड की सरकार बिना किसी द्वेषभाव के सभी जाति सभी धर्म के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। बिजली बिल माफी केसीसी लोन माफी मईया सम्मान योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि जैसे योजनाओं ने झारखंड के विकास में को नया आवाम दिया है। सदस्यता अभियान के साथ ही चराई मुरुमदाग, बगैया, मुनकेरी, चिरू, खो ढ़ी और हुटुकदाग पंचायत कमिटी के पुनर्गठन किया गया। चराई पंचायत अभिषेक सिंह को अध्यक्ष निर्मल यादव को सचिव मुरुमदाग पंचायत में शिवनाथ राम को अध्यक्ष मिथिलेश सिंह को सचिव बगैया पंचायत में श्यामलाल कुमार को अध्यक्ष एवं लाल देव कुमार को सचिव मुनकेरी पंचायत में अजीत कुमार को अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रवि को सचिव चीरू पंचायत में चंदीप उरांव को अध्यक्ष एवं मिलो देवी को सचिव खोढ़ी पंचायत में रोज मोहम्मद अंसारी को अध्यक्ष और तस्लीम अंसारी को सचिव हुटूकदाग पंचायत में रामरुप राम को अध्यक्ष एवं सुरेश उरांव को सचिव के रूप में सर्वसहमति से चयनित किया गया। साथ में फ़िरदौस आलम, अखिलेश प्रजापति, रंजीत कुमार शिवनाथ राम उपस्थित रहे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा रांची का चुनाव 9 फरवरी को

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा रांची का चुनाव 9 फरवरी को पुरानी पुलिस केंद्र रांची कांके रोड स्थित सुबह 7:00 से शाम 5:00 तक होगा। बताया जा रहा है, कि इस चुनाव में करीब 3672 वोटर हैं, जो अध्यक्ष पद के पांच उम्मीदवार मैदान में हैं, उसमें से किसी एक को अध्यक्ष चुनेंगे। इसके अलावा उपाध्यक्ष दो ,एक सचिव , एक कोषाध्यक्ष, एक संयुक्त मंत्री, एक केंद्रीय सदस्य और एक अंकेक्षक को मतदान करेंगे। इस बार चुनाव में दो टीमें सामने खुलकर आई है, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र किंडो की टीम है, तो वहीं दूसरी तरफ सुरेंद्र भगत की टीम है। इसके अलावा रामचंद्र मंडी और निर्दलीय में जय मसीह टोपनो , शुभ नारायण मिश्र शामिल हैं। अब इन लोगों का किस्मत का फैसला 9 फरवरी को पुलिस मतदाता करेंगे। और मतगणना भी देर रात से शुरू हो जाएगी , और 10 फरवरी सुबह से रुझान भी आने शुरू हो जाएंगे। बता दे कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा रांची के निवर्तमान अध्यक्ष इस बार भी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जितेंद्र किंडो दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं, उनके साथ उपाध्यक्ष मंगल हंसदा और अमित धीरज हैं। सचिव राम अवतार सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ,संयुक्त मंत्री कुमार राजू, केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र गोगराई, अंकेक्षक पद के उम्मीदवार नागेंद्र उरांव हैं। तो वहीं दूसरे टीम में अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र भगत हैं और उनके साथ उपाध्यक्ष उम्मीदवार में नवीन कुमार तिवारी और पंकज कुमार, सचिव मंत्री संजय कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष नारायण यादव, संयुक्त मंत्री माती लाल , केंद्रीय सदस्य धनीराम मांझी, अंकेक्षक निजाम अहमद खान शामिल हैं।

## झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद में तीन उम्मीदवार, मतदान 28 को

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)** सप्तम महाधिवेशन के लिए झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के केन्द्रीय कार्यालय, राँची के परिसर में केन्द्रीय पदाधिकारियों के चुनाव के लिए 01.02.2025 को नामांकन की प्रकिया की गयी थी। जांचोपरांत एवं नाम वापसी की तिथि 04.02.2025 को समय समाप्ति के बाद पदवार उम्मीदवारों की सुची निम्न प्रकार है। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष रहे योगेन्द्र सिंह ने अपना नाम अध्यक्ष के उम्मीदवार से वापस ले लिए, इसके बाद अब अध्यक्ष पद में तीन उम्मीदवार बच गये हैं। इन उम्मीदवारों को करीब 11 सौ से अधिक पुलिस निरीक्षक व पुलिस सहायक निरीक्षक आदि 28 फरवरी को मतदान करेंगे। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पुअनि राहुल कुमार मुर्मू, रवीन्द्र कुमार, कमलेश सिंह शामिल हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार, निरंजन कुमार तिवारी, रोहित कुमार रुजक,मो महताब आलम, रामाकान्त उपाध्याय, अशोक कुमार तिवारी। महामंत्री पद के उम्मीदवार, संजीव कुमार, अरविन्द प्रसाद यादव, इन्द्रजीत राम। संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार संतोष कुमार महतो, श्रीकांत शर्मा,मनोज पासवान, राकेश कुमार पाण्डेय और संगठन सचिव मंटू कुमार,निर्मल यादव शामिल हैं।

# सदन में डॉ महुआ माजी ने केंद्र सरकार की विफलताओं को खोल कर रख दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने झारखंड सरकार की उपलब्धियां को सदन पर जब रखा तो पीठासीन घनश्याम तिवारी को भी सुन कर प्रभावित हुए और सदन में उन्हें यह कहना पड़ा कि सभी माननीय सदस्य सुने। बताते चले की राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी ने सदन में दहाड़ मारते हुए बताया कि झारखंड गठन के बाद से 17 18 साल तक भाजपा का शासन रहा और इस बीच मानव तस्करी अपने चरम पर थी , करीब 15000 से अधिक झारखंड की बेटियों को दूसरे प्रदेशों में इसकी तस्करी किया गया, लेकिन जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकार बनी तो तस्करी करने वाले जेल गए और तस्करी पर विराम लगा। इसके लिए महिलाओं को सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मंईयां सम्मान जैसी योजना को शुरू किया गया। बता दें कि सांसद डा महुआ माजी ने सदन में राज्यसभा में राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रही थी। डॉ महुआ माजी ने सदन में झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को खुल बताया और भाजपा सरकार की विफलताओं को रेखांकित किया।



**डॉ महुआ माजी ने सदन ने कहा :** डॉ महुआ माजी ने सदन में बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए मंइयां सम्मान योजना के तहत 25 सौ रुपये हर महिने दे रही है, फूलो-झानो और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जैसी योजनाएँ चला रही है। जब 2016-17 में भाजपा सरकार में 4 हजार 96 सरकारी स्कूलों को मरज कर बंद कर दिया, जिससे दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों की बच्चियों को ड्राप आउट होना पड़ा। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाये और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत किये और मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप के माध्यम से झारखंड के पचास युवक युवतियों को विदेश में पढ़ने भेज रहे हैं। इतना ही नहीं महिला सुरक्षा पर केंद्र सरकार निर्भया फंड के एक करोड रुपए का सही उपयोग न होना और बुनियादी सुविधाओं की कमी रहना बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।केंद्र सरकार को इस पैसे से बेटियों की सुरक्षा के लिए स्कूल, कॉलेज, हास्टल, शिक्षा संस्थान सहित हर जगह सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछा देने चाहिए, जहां हमारी बेटियां सुरक्षित रहे, जो नहीं हो रहा है। इसके साथ जो हमारी महिला पुलिस है उसकी सुरक्षा के प्रति केंद्र सरकार गंभीर नहीं हैं। कई ऐसे जगह हैं जहां पर उन्हें काफी समस्याओं और असहजता का सामना करना पड़ता है। पुलिस बैरक में रहने, कपड़े बदलने के साथ-साथ बाथरुम का नहीं होने से इन्हें कई जगह परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महुआ माजी ने केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विस्तार पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भले केंद्र सरकार परमाणु ऊर्जा विस्तार पर अपनी उपलब्धि बता ले, लेकिन परमाणु उर्जा के दुष्प्रभावों के बारे कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। झारखंड के जमशेदपुर में जादूगोड़ा जैसी जगह है जहां परमाणु ऊर्जा से हनी हो रहा है , युरेनियम जो गारु नदी से बहते हुए स्वर्ण रेखा नदी में जाकर मिलती है उस नदी के पानी को भी प्रदूषित कर रहा है, वहाँ लोग बीमार हो रहे हैं, इसके बचाव पर कोई ठोस कदम केंद्र सरकार ने आज तक नहीं उठा पाई है । आगे कहा कि हम सामाजिक न्याय, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पंजाब नैशनल बैंक वित्तीय सहायता प्रदान के लिये लगाया गया कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पंजाब नैशनल बैंक राँची मंडल के प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पवन कुमार मिश्रा, वित्तीय निदेशक, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के कर कमलों द्वारा टी.ओ.पी ग्राउंड, कडरू हनुमान मंदिर रांची के पास हाउसिंग लोन एवं सूर्या घर ऋण एक्सपो का शुभारंभ किया गया। यह एक्सपो 7 फरवरी से 8 फरवरी, 2025 तक चलेगा। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने, उसे सजाने-सवारने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। साथ ही घर की आंतरिक साज-सज्जा और आवास बीमा परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध है। यह एक्सपो ऋण लेकर मकान बनाने और सूर्या घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वाले इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है।



इसमें आवास ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। 8.40त्न की किफ़ायती ब्याज दर बैंक हाउसिंग लोन और 7त्न ब्याज दर पर सूर्या घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण मुहैया कराया जा रहा है। ग्राहक के पास पूर्ण दस्तावेज़ तथा अनुमोदित प्रोजेक्ट्स होने पर ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जा रही है तथा विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जा रही है। विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों की टीम विशेष परामर्श के लिए उपलब्ध है और वे मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इसमें बैंक द्वारा अनुमोदित प्रतिष्ठित आवास परियोजनाओं का स्टॉल भी लगा हुआ है। इच्छुक जनता से बैंक की अपील है कि इस एक्सपो में आएँ और इसका लाभ उठाएँ। आपकी सेवा में पीएनबी हमेशा तत्पर है।

# जन जंगल और ज़मीन के लिए आदिवासी जन समुदाय के संघर्ष की कहानी है......ये धरती हमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री तिरुमाला तिरुपति व्यंकटेश्वर फिल्म्स के बैनर तले 07 फरवरी 2025 को स्थानीय प्रेस क्लब, रांची में अप. 12:00 बजे झारखंडी आदिवासी समाज पर आधारित हिन्दी फिल्म'' ये धरती हमारी '' का विराट प्रदर्शन एवं संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस फिल्म को 22 फरवरी को सभी सिनेमा घरों में प्रदर्शित किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में फिल्म के निर्माता मुख्य कलाकार आर. नारायण मूर्ति ने फ़िल्म के विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि जन जंगल और ज़मीन के लिए आदिवासी जन समुदाय के संघर्ष की कहानी है। ये धरती हमारी%। भारतीय संविधान में जो प्रावधान आदिवासियों के उत्थान के




लिए निर्धारित हैं। उनको नाकारा जाता है और जब उनका शोषण जब हद से बढ़ जाता है तो बगावत होती है। आदिवासियों की व्यथा को उजागर करती फिल्म ये धरती हमारी बहुत जल्द ही सिनेदर्शकों तक पहुंचने वाली है। आम लीक से हट कर बनाई गई मानवीय संवेदनाओं को उजागर करती इस फिल्म में सिनेदर्शकों के टेस्ट को ध्यान में रखते हुए फिल्म की कथावस्तु में एक्शन, कॉमेडी और ट्रेजेडी का समावेश किया गया है। इस फिल्म की शूटिंग आदिवासी बहुल इलाकों में की गई है। श्री तिरुमला तिरुपति व्यंकटेश्वर फिल्म्स के बैनर तले निर्मित व आर नारायण मूर्ति द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म के प्रोड्यूसर सी एच पद्मावती, कथा, पटकथा लेखक और निर्देशक आर नारायण मूर्ति, एडिटर मोहन रामा राव, डी ओ पी डी वी राजू और संगीतकार वंदे मातरम निवास हैं। इस फिल्म की खास बात यह है कि इस फिल्म के संवाद झारखंड की धरती से जुड़े बॉलीवुड के मशहूर गीतकार व संवाद लेखक नवाब आरजू ने लिखा है। इस फिल्म के गीतों को स्वर दिया है उदित नारायण, कुमार शानू, अलका याग्निक, विनोद राठौड़ और वंदेमातरम श्रीनिवास ने। इस फिल्म के मुख्य कलाकार आर. नारायण मूर्ति, निशा पोरलोकर, टीनू आनंद, पेंटल, महेश राज ,फुरकान अहमद, केतन ठाकर, रमेश गोयल, जुबेदा और अली खान आदि हैं।

## एडवांस्ड पिलाटेस एवं फिजियोथेरेपी से मिलेगा स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों से निजात : डॉ शुभालक्ष्मी खटुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शुक्रवार को द मूवमेंट स्टूडियो फोर पिलाटेस फिजियोथैरेपी का उद्घाटन एम आर टावर में मुख्य अतिथि के संध्या रानी मेहता (डीआईजी सीआईडी) ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नौशाद आलम( आईपीएस), देव कमल और देवानिका हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ अनंत सिन्हा, डॉ तरुण ओडुकिया भी उपस्थित हुए। लाइन टैंक रोड में स्थित द मूवमेंट स्टूडियो फोर पिलाटेस फिजियोथैरेपी के संस्थापक डॉक्टर शुभालक्ष्मी ने कहा कि पिलाटेस व्यायाम की एक श्रृंखला है, जो शरीर के सभी प्रमुख मांसपेशी समूहों की गतिशीलता और ताकत को संतुलित तरीके से बढ़ावा देता है। यह शारीरिक



व्यायाम विधि विशेष रूप से मांसपेशियों को टोन करने, सही पोस्चर बनाए रखने और शरीर की आंतरिक सहनशक्ति और बाहरी ताकत को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करती है। इस मौके पर मौजूद आदित्य मल्होत्रा, डॉ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश कुमार, डॉ राहुल सिन्हा, के साथ साथ डॉ प्रियंका , डॉ ज्योत्स्ना, डॉ शिवानी, डॉ नेहा, डॉ आर्यन, डॉ अफजल के साथ साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का आयोजन 10 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का आयोजन झारखण्ड पुलिस द्वारा मोरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा मेगा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स होटवार, राँची के परिसर में 10.02.2025 से 15.02.2025 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 10 फरवरी 2025 को महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं वरीय सेवानिवृत्त पदाधिकारी तथा कनीय पदाधिकारी की उपस्थिति में मार्च पास्ट की सलामी के साथ अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट




2025 का शुभारंभ होगा। साथ ही साथ 15.02.2025 को इस समारोह का समापन माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार द्वारा किया जाएगा। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन अखिल भारतीय पुलिस खेल कूद अथारिटी के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। सर्वप्रथम वर्ष 1953 में राईफल रिवाल्वर, सूटिंग प्रतियोगिता के रूप में प्रारंभ किया गया था । इसको प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य व्यवासायिक प्रदर्शन के मानको को सभी पुलिस संगठनों के कर्मियों के बीच सर्वश्रेष्ठीकरण को प्रोत्साहिक करना था। जैसे-जैसे इस आयोजन की सफलता एवं लोकप्रियता बढ़ता गया, इस पुलिस डियूटी मीट में अतिरिक्त प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। उदाहरण स्वरूप वर्ष 1954 में फर्स्ट एंट एम्बुलेन्स ड्रिल को शामिल किया गया एवं वर्ष 2010 में कमाण्डो प्रतियोगिता को शामिल किया गया।सेन्टर कॉडिनेशन कमिटि के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय पुलिस डियूटी मीट का आयोजन किया जाता है। राज्यों के महानिदेशक के कॉन्फ्रेस के दौरान दो वार्षिक कार्यकाल के लिए चुने जाते है।

# तीन दिवसीय जनजातीय, संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम सह प्रदर्शन का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तीन दिनों तक चलने वाला तीन दिवसीय झारखंड जनजातीय एवं संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम सह प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ( पयर्टन,कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार) के वित्तीय सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत का 7 फरवरी को समापन समारोह कार्यक्रम मिस्स व्हिकम बालिका मध्य एवं उच्च विद्यालय चुटिया राँची आयोजित किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सी पी सिंह, एवं विशिष्ट अतिथि प्रख्यात पत्रकार सह पद्मश्री बलबीर दत्त, सम्मानित अतिथि डॉ उमेश नन्द तिवारी ( विभागध्यक्ष , नागपुरी विभाग राँची विश्वविद्यालय , मिस्स व्हिकम बालिका मध्य विद्यालय) के अध्यक्ष रेव्ह विकला बाखला एवं सचिव सारिका मंजू शॉ अतिथि रंजीत राम,मानपुरा नायक, मुकुट लाल कुजूर, सुजीत शर्मा, पुस्कर महतो अंजना बोदरा इनके अलवा श्रेत्रिय गमान्य अतिथि उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि इस तरह का कार्यशाला सभी जगह आयोजित होना चाहिए तभी हमलोग की संस्कृति बचेगी। मुख्य संयोजक पद्मश्री मुकुंद नायक सहायक संयोजक, किशोर नायक, विद्यालय संयोजिका, नूर डाडेन विद्यालय सह संयोजिका लोलेन कन्डुलना के साथ साथ कुंजबन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केन्द्र, चुटिया रांची के अध्यक्ष किशोर नायक, संस्थापक सचिव प?द्मश्री मुकुंद नायक एंव लोक कलाकार सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ सभी प्रशिक्षक गण अभिषेक कु. बड़ाईक, सुश्री नूतन लकड़ा, लक्ष्मी कच्छप फूलो कच्छप, बालेशवर नायक, रामेश्वर मिंज, दुर्योधन नायक, किशोर महली,उपस्थित थे।

### रांची प्रेस क्लब मीडिया कप शुरू, पहले दिन मयुराक्षी और गंगा की टीम ने हासिल किया जीत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची प्रेस क्लब मीडिया कप 2025 लीग से लेकर सेमीफइनल तक के सभी मैच 7 फ़रवरी 2025 से शुरू हो गया जो 13 फ़रवरी 2025 तक जेके इंटरनेशनल



स्कूल (आगड्डु) में खेला जायेगा। पहले दिन मयुराक्षी और गंगा की टीम मैच जीती। सभी मैच 16-16 ओवरों का है। जिसमे, पहला 05 ओवर पावप्ले रहेगा।प्रतियोगिता में 'एक्स फैक्टर' नियम लागू होगा। यह सभी टीमों के लिए अनिर्वाय होगा। इसका मतलब हर टीम को अपनी प्लेइंग 11 के अलावा एक अतिरिक्त खिलाड़ी को खेलाने का मौका मिलेगा। लेकिन, यह खिलाड़ी पहली इनिंग में खेल चुके किसी एक खिलाड़ी की जगह दूसरी इनिंग में खेल सकेगा।

## विशाल कलश शोभा यात्रा और जीवंत झांकियों का आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर. आर. स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में रातू रोड वाली मईया का 39वां वार्षिक महोत्सव दिनांक 6 और 7 फरवरी (गुरुवार और शुक्रवार) को मनाया गया इस पावन अवसर पर, माताओं और बहनों द्वारा विशाल कलश शोभा यात्रा और जीवंत झांकियों का आयोजन किया गया जो हमारे मंदिर प्रांगण से राणी सती मंदिर होते हुए जल लेकर, पहाड़ी मंदिर, गाडीखाना चौक, बकरी बाजार, शहीद चौक, अपर बाजार, महावीर चौक, न्यू मार्केट चौक होते हुए हमारे मंदिर प्रांगण तक किया गया आप सभी आरआर स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

## बेड़ो पुलिस ने खेत में लगे अफीम की फसल को किया नष्ट



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो थाना क्षेत्र के जंगल बहुल गांव केनाभिट्टा गांव में शुक्रवार को अवैध तरीके से की गई अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान करीब 20 कट्ठा जमीन में की गयी अफीम की फसल को थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने पुलिस बल के साथ ट्रैक्टर के रोटावेटर से जुताई कर नष्ट कर दिया। साथ ही अफीम की खेती से जुड़े दो जमीन मालिक के विरोध मामल दर्ज भी कर लिया है। दोनो आरोपी फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना मिलने पर थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने जांच की। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस बल के सहयोग से छापामारी कर अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस अभियान में थाना प्रभारी के साथ सशस्त्र बल के जवान आदि शामिल थे।

## जंगली हाथी ने किया घर ध्वस्त



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के पंडरा गांव में गुरूवार की रात विशाल जंगली हाथी ने मंगरा लोहरा के घर को ध्वस्त कर दिया। घर में सोए मंगरा की पत्नी किसी तरह अपनी जान बचाकर भागी। चिल्लाने की आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग जमा हुए और ढोल नगाढ़ा बजाकर हाथी को घाघरी जंगल की ओर खदेड़ दिया। इधर सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप वार्ड सदस्य शंकर गोप, कृषि मित्र कमलेश्वर गोप पीड़ित परिवार से मिले। पूर्व मुखिया सुनील कश्यप ने वन विभाग को सूचना करते हुए यथा शीघ्र जंगली हाथी से बचाव के लिए गांव में बम फटाका का व्यवस्था करने का मांग किया। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का और आश्वासन दिया।

## अड़की थाना क्षेत्र में अफीम नष्ट



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 07/02/2025 दिन शुक्रवार को 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सिमा बल के कमांडेंट राजीव भट्ट के दिशा निर्देश पर एफ कम्पनी अड़की के कम्पनी कमांडर निलेश सन्तोष मासुले के नेतृत्व में एफ कम्पनी अड़की, कुरूनंगा के साके इचाहातु में लगभग 20 एकड़ अफीम कि खेती को नष्ट किया अभी तक सशस्त्र सिमा बल एफ कम्पनी अड़की ने लगभग 250 एकड़ में लगे अवैध अफीम कि खेती को नष्ट कर चुकी हैं और अब तक पांच लोगों कि गिरफ्तारी भी कि है। इसके साथ ही असिस्टेंट कमांडेंट निलेश सन्तोष मासुले गांव गांव में जाकर अफीम कि खेती न करने की हिदायत दे रहे हैं और गांव वालों को जागरूकता अभियान चलाकर कर अफीम कि खेती के जगह दुसरा खेती जैसे हरा साग सब्जी,चना, मटर, गेहूं, अरहर, मूंग, लेमन ग्रास, ड्रैगन फ्रूट जैसे अन्य खेती करने कि सलाह भी दे रहे हैं। और स्स्क्रसमय-समय पर गांव गांव में जाकर MCA, VCA प्रोग्राम करती रहती है। इस तरह का कार्य स्स्क्रहमेशा करते रहती है।

## बिरसा कॉलेज खूंटी का मंत्री चमरा लिंडा ने किया निरीक्षण



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंत्री चमरा लिंडा आज शुक्रवार को बिरसा कॉलेज पहुंचे इस दौरान उन्होंने बिरसा कॉलेज, खूंटी पहुँच कर विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं एवं रख - रखाव का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात हॉस्टल परिसर, शौचालय समेत परिसर के अन्य हिस्सों का भ्रमण करते हुए आवश्यक दिशा - निर्देश दिया।

## 12वीं के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार दोपहर 3 बजे शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज चान्हो में द्वितीय वर्ष 12वीं क्लास के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए वही कॉलेज से निकलने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के द्वारा नम आंखों से विदाई दी गई।

### 14 फरवरी से होगी ओरिजिन एसयूवी के लिए बुकिंग शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिंद्रा इलेक्ट्रिक अपनी बहुप्रतीक्षित ओरिजिन एसयूवी को लॉन्च करने के लिए तैयार है, जिसकी बुकिंग 14 फरवरी, 2025 को सुबह 9 बजे शुरू होगी। कंपनी एक्सईवी 9ई और BE 6 वेरिएंट की पूरी लाइनअप पेश करेगी, जिससे ग्राहक बैटरी पैक की एक श्रृंखला से चुन सकेंगे, BE 6 पैक वन की कीमत रू18.90 लाख से शुरू होगी। पैक थ्री के लिए डिलीवरी मार्च 2025 के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है, जबकि अन्य वेरिएंट जून और अगस्त 2025 के बीच आएंगे। 6 फरवरी, 2025 को सुबह 10 बजे से, ग्राहक महिंद्रा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने पसंदीदा मॉडल और वेरिएंट का चयन कर सकते हैं।

# 200 मी दौड़ में भारती ने मारी बाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** नेहरू युवा केंद्र राची द्वारा आयोजित प्रखण्ड स्तरीय युवा मंडल खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन जे एस एफ क्लब बरतुआ ने पंचायत खेल मैदान बरतुआ में बालिका वर्ग के कबड्डी, 200 मी दौड़ और स्किपींग का प्रतियोगिता कराया गया। स्किपींग में प्रथम- अंजली कुमारी, द्वितीय - भारती कुमारी, तृतीय - प्रतिज्ञा कुमारी विजेता रहीं। 200 मी दौड़ में प्रथम- भारती कुमारी, द्वितीय - बिमला कुमारी, तृतीय - प्रतिज्ञा कुमारी रहीं, कबड्डी में गणेशपुर बनाम बरतुआ के बीच खेला गया। जिसमें गणेशपुर ने बरतुआ को 14-11 अंक के अंतर से पराजित किया। वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जयडीहा पंचायत के पुर्व मुखिया विनोद बेदिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जयडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोगता, बरतुआ के ग्राम प्रधान शंकर करमाली ने विजेता उप विजेता टीमों को जर्सी, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्किपींग, एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर टुर्नामेंट को सफल बनाने में अजय करमाली, अमित पाहन, अरविंद करमाली, दिपक करमाली, पिन्टू गंझू, लककी करमाली, चांदो कुमारी, ममता कुमारी, यशोदा कुमारी, सीमा कुमारी एवं रमेश कुमार महतो का सराहनीय भूमिका रहीं।

# पिपरवार कोयलांचल मे 13 फरवरी को मनाया जाएगा शब-ऐ-बराअत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद के प्रांगण में जुम्मे की नमाज के बाद अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सदर इस्लाम अंसारी और संचालन सेक्रेटरी इरफान शेख ने किया।इस बैठक में आगामी 13 फरवरी को शब ऐ बराअत का त्योहार मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे सर्वसम्मति से शब ऐ बराअत को लेकर बचरा जामा मस्जिद और बचरा कब्रिस्तान को विधुत सज्जा के साथ आकर्षक ढंग से सजाने,मिलाद उन नबी का आयोजन करने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई।इसके अलावा आगामी रमजान महीने मे बचरा जामा मस्जिद में आयोजित होने वाले नमाजे तरावीह को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने कहा कि शब ऐ बराअत की रात ईबादत की रात होती है, इस रात को लोग जागकर खुदा की ईबादत करते है और अपने अपने गुनाहो की माफी मांगते है।अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी ने क्षेत्र के सभी लोगों से शब ऐ बराअत की रात को मस्जिद व ईदगाह जाकर ईबादत करने की अपील की।इस बैठक में हाफिज मुमताज आलम,हाफिज मन्नवर आलम,मोआज्जीन वासिक रजा,सदर इस्लाम अंसारी, सेक्रेटरी इरफान शेख,अब्दुल कुदूस,अयुब अंसारी,अमजद अली,जसमुदीन अंसारी, जैनुल आबेदीन,रेयासत आलम,रिंकु खान,मोहम्मद कुर्बान,सफीद अंसारी,ऐनुल अंसारी,छोटु खान,गुलाम सरवर,जहांगीर मंसूरी सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

# मुन्डा ब्रदर्स और लाल बादशाह की टीम रहा विजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रेंडो पतरातू में खेले जा रहें पांचवा महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी 2025 का दूसरा दिन शुक्रवार को पहला मैच दीपक ब्रदर्स बुढ़मू बनाम मुन्डा ब्रदर्स रांची के बीच खेला गया,जो काफ़ी रोमांच भरा रहा,जिसमें मुन्डा ब्रदर्स रांची की टीम1-0से विजय रही, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुकेश महली को मुख्य अतिथि अजय महतो एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश महतो के द्वारा दिया गया।दूसरा मैच एम एम एम एफ सी चुटटू पंचायत बनाम लाल बादशाह चुन्द के बीच खेला गया जिसमें लाल बादशाह चुन्द 2-0से विजय रही। इस मैच के मैन आफ द मैच का पुरस्कार जमुना टोप्पो को मुख्य अतिथि कमिश्नर मुंडा जिला परिषद ओरमांझी पश्चिमी के द्वरा दिया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य संरक्षक कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा एवं मैच के अध्यक्ष संजय मुंडा सचिव अजय एक्का कोषाध्यक्ष प्रेम किशोर महतो संरक्षक हाजी हेयात अंसारी,नसीमुद्दीन अंसारी,इम्तियाज अंसारी पुलिस मेंस एसोसिएशन उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा,सूरज प्रकाश महतो,संदीप राम,मदन महतो मौजूद रहे. शनिवार को पहला मैच बी.पी.एस.एस दुबलिया बनाम सेंट जॉन रांची के बीच दिन के 12बजे और दूसरा मैच इक्को क्लब चारी हुजीर आर आर ब्रदर्स कांके समय 2बजे खेला जायेगा।

# ओरमांझी भाजपा मंडल ने सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** भाजपा ओरमांझी मण्डल की बैठक मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता कि अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कूल्ही में सम्पन्न हुई। इस बैठक के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने कहा कि भाजपा पूरे देश में महा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी बूथों का गठन कर बूथ अध्यक्षों का चुनाव करना है! बूथ अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, का चुनाव करेंगे मण्डल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। भाजपा में पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन होता था राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, एवं बूथ अध्यक्ष का चुनाव करते थे। इस चुनाव में सक्रिय सदस्य भाग लेंगे। उन्हें कम से कम 50 सदस्य को जोड़ना होगा। महा सदस्यता अभियान 10 फरवरी के बाद बंद हो जाएगा। 12 फरवरी से बूथ अध्यक्षों का चयन शुरू हो जाएगा।इसके बाद नीचे स्तर से बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, अलख नाथ महतो, शशि भूषण कुमार, सुनील कुमार, राजधाम साहू गणेश किशोर महत्व राजकिशोर साहू ,अमित राज ,भानु प्रताप महतो, बिरजू महतो,नीलमोहन पहन, नंदलाल महतो,धनंजय महतो, प्राचार्य प्रकाश प्रकाश महतो, कुशेंद्र महतो, जगदीश महतो,राजेश्वर महतो,मोती महतो, आकाश महतो, अर्जुन सिंह,गंगेश्वरी देवी राम लखन महतो, गणेश महतो दीपक यादव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# सदन में कुड़मालि भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने का मामला उठाने पर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा का आभार जताया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा द्वारा देश के उच्च सदन राज्यसभा के पटल पर झारखंड के प्रमुख स्थानीय भाषा कुड़मालि, मुंडारी, नागपुरी ,खोरठा एवं हो को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने ,नई शिक्षा नीति में व्यापक रूप से स्थान देने तथा इन भाषाओं के संरक्षण ,संवर्धन अध्ययन एवं विकास हेतु विशेष अनुदान देने का मामला प्रमुखता से उठाया। इसके लिए भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने सांसद प्रदीप वर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज एवं क्षेत्रवासियों में इन भाषाओ को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने तथा इनके संरक्षण ,संवर्धन अध्ययन एवं विकास हेतु विशेष अनुदान की वर्षो से प्रमुख बहुप्रतीक्षित मांग रही है जिसको आज डॉ प्रदीप वर्मा ने सदन में प्रमुखता के साथ उठाने का काम किया है । इसके लिए क्षेत्रवासियों कि ओर से भी सांसद का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है।

## ओरमांझी के मुना पतरा हरिजन टोला में बजरंग बली का मंदिर निर्माण के लिए आधार शिला रखी गई



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाला मुन्ना पतरा हरिजन टोला परिसर में शुक्रवार को श्री श्री बजरंग सेना समिति मुन्ना पतरा द्धारा एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर पुरे विधि विधान पूर्वक पण्डित रामदयाल मिश्रा रामजी पाण्डेय व उपासक सागर नायक अरविंद नायक चुनीलाल महतो संदीप नायक पंकज नायक अजय नायक आदि मंत्रों चार के साथ पुजा अर्चना कर बजरंग बली मंदिर निर्माण का आधार शिला रखी गई मौके पर मुख्य रूप से ओरमांझी प्रखंड उपप्रमुख रिजवान अंसारी चकला पंचायत मुखिया शिवनाथ मुण्डा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे वहीं आयोजन समिति के भोला नायक सुरज नायक प्रविण कुमार नायक राजकुमार नायक कृष्णा नामक मुकेश नायक सुरेंद्र राम महावीर नायक सिंटू सिंह सागर पाण्डेय झाडू नायक झवी नायक प्रहलाद सिंह काली राम महतो अजय महतो सुरेंद्र नायक भुवन नायक गणेश नायक कार्तिक नायक अर्जून राम कृष्णा नायक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी रांची में दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार थे, जिसमे 2020 से 2024 के स्नातक, स्नातकोत्तर,पी एच डी के छात्र छात्राओं के गोल्ड मेडल एवं डिग्री देकर सम्मानित किया गया, इस समारोह में स्नातक 2020-23 के पंचपरगनिया (तृतीय भाषा)डिपार्टमेंट से छात्र हरेश कुमार महतो पिता धर्म सिंह महतो माता ठाकुरमनी देवी ग्राम चोगा प्रखण्ड सोनाहातु को महामहिम राज्यपाल महोदय के द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिससे अपने गांव के साथ साथ पूरे प्रखण्ड का नाम रौशन करने पर हरेश कुमार महतो को बधाई देने वालों का तांता लग गया। उनके डिपार्टमेंट के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उनके उज्वल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं दीं।

## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन इरबा का 22वां स्थापना मनाया गया



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन का 22 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, संस्थान का स्थापना 7फ़रवरी 2003 को स्व्हाजी एहसान अंसारी के द्वारा फ्लोरेंस स्कूल ऑफ़ नर्सिंग के नाम से किया गया, ये झारखंड का पहला प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज है फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स मे नर्सिंग के अलावा पैरामेडिकल एवं फार्मेसी का कोर्स भी सुचारू रूप से चल रहा है, स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सह संस्थापक जीनत कौशर ने कहा कि स्व0 हाजी एहसान अंसारी एक समाजसेवी थे.उन्होंने समाज के लोगो को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार मोहैया कराने हेतु इस संस्थान का स्थापना किया था और आज इस संस्थान से शिक्षा लेकर स्टूडेंटस देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं और आप सभी छात्रों से उम्मीद करती हूँ कि आप सभी शिक्षा पूरा करने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर सेवा दें,झारखंड के मानचित्र पर आज फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन जगमगा रहा हैं.संस्थान के स्थापना दिवस के मौके पर चार दिवसीय खेल-कूद का भी आयोजन किया गया.जिसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागीयों को सम्मानित किया गया,इस मौके पर मुख्या रूप से संस्थान के निदेशक डॉ0 शाहीन कौशर, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 संजीब कुमार कर, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या विनिशा बन्श्रीयर, डॉ0 सुधीर कुमार, ज्योति ग्लोरिया, अशुतोष बेहेरा,शकील प्रवीज, नीमा वंदना मिंज, डॉ0 मंजर आलम, शोएब अख्तर, आदित्य पवन, सादिक अंसारी, माधुरी लिली डांग, प्रियातोश रंजन एवं अन्य स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डॉ. विनोद सिंह बने केसीबी कॉलेज बेड़ो के नए प्राचार्य

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो में शुक्रवार को डॉ. विनोद सिंह ने नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. विनोद केसीबी कॉलेज में प्रोफेसर थे। जिसका तबादला झारखंड अधिविद्य परिषद में हुआ, जो बाद में जैक के उपाध्यक्ष के पद पर चुने गये। जहां तीन साल पुरा होने के बाद करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो के प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। जहां एबीवीपी बेड़ो इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल नगरमंत्री- विक्रम कुमार महतो के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट किया और उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

## बेड़ो पुलिस ने अवैध बालू लदा एक हाइवा किया जब्त

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना पुलिस ने अवैध रूप से बालू लदी हाइवा को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिसिया करवाई करते हुए थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने गुमला से रांची की ओर जा रही हाइवा नंबर जेएच 01 एफ पी 4828 अवैध रूप से 800 घनफिट बालू लदी हाइवा को रोका और वैध कागजात की मांग किया। बालू चालक द्वारा किसी तरह की कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर पुलिस ने बालू लदी हाइवा को थाना परिसर लाकर रखा और इस संबंध में बेड़ो थाना में कांड संख्या 10/2025 में प्राथमिकी दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# आपसी भाईचारगी और एकता का संदेश देता है प्यामे इंसानियत कान्फ्रेश : मौलाना चर्तुवेदी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव के उर्दु स्कूल मैदान में जलसा ऐ दस्तारबंदी व पयामे इंसानियत कांफ्रेस (दीक्षांत समारोह) का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन इकबाल हुसैन व सलीम जावेद ने संयुक्त रूप से किया।मुख्य अतिथि के रूप मे झामुमो के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चन्द्रा और विशिष्ट अतिथि मे रांची के झामुमो नेता जुनैद अनवर,आशिक अली उर्फ बाढ़ो मियां,हाजी अब्दुल रहमान,सुभान मियां,इस्लाम अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।इस कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे देश के बड़े विद्वान और चारों वेद के जानकार हजरत मौलाना अब्दुल्लाह सालीम चतुर्वेदी शामिल हुए।साथ ही मुफ्ती अशरफ अब्बास कासमी देवबंद,शायर दिल खैराबादी, असद आजमी,सूफियान हैदर,चतरा के मुफ्ती नजरे तौहीद सहित देश के कई उलेमा,मौलाना एवं नातखां शामिल हुए।आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया गया,जबकि अगं वस्त्र प्रदान कर सभी को सम्मानित किया गया।जलशा की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई।मुख्य वक्ता हजरत मौलाना अब्दुल्लाह सालीम चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पयामे इंसानियत कांफ्रेस देश मे आपसी भाईचागी और एकता का पैगाम देने का काम करता है।जिस तरह मुस्लमानो के लिए हज करना शवाब का काम है, जिस तरह हिन्दु भाईयो के लिए पूजा करना पूण्य का काम है उसी तरह एक दुसरे की मदद व गरीब असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य और शवाब का काम है।उन्होंने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बगैर शिक्षा के बेहतर समाज का निर्माण नही किया जा सकता है।इसलिए वर्तमान के इस दौर मे समाज के बच्चो को बेहतर शिक्षा दिलाने का काम करे।नशापान को उन्होंने समाज के लिए अभिषाप बताते हुए सभी लोगो से नशापान को समाप्त करने का आहवान किया।उन्होंने नशापान,दहेज प्रथा,अशिक्षा सहित समाज में फैले कुरुतियो को दुर करने के लिए समाज के लोगो को जागरूक होने का आहवान किया।साथ ही समाज से भटके लोगो को समाज के मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की।समाज को मजबूत बनाने के लिए उन्होने सभी से रोजा व नमाज के लिए प्रेरित किया।साथ ही समाज के लोगो के साथ हो रहे जुल्म व अपने हक और अधिकार के लिए सभी को जागरूक होकर एकजुटता के साथ संघर्ष करने की बात कही।कार्यक्रम के दौरान मदरसा इमदादुल उलूम बहेरा मे कुरान शरीफ मुक्कमल करने वाले कुल 30 बच्चो को हाफिज ऐ कुरान की उपाधि प्रदान की गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से जलशा समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना,सचिव इकबाल हुसैन,मोहम्मद असलम, सलीम जावेद,मोहम्मद ताज, राजा खान,फहीम रजा,हाजी तनवीर,मोहम्मद इरफान, मोहम्मद जुलफाम,फैयाज खान,जाहिद अली,आशिक अली,सकील अंसारी,तस्दीक आलम,तोहिद आलम,वसीम रजा,समसुल होदा,मोहम्मद अनवर,मोहम्मद खुर्शीद, क्युम अंसारी,मोहम्मद शाजहां,मोहम्मद गुडे, मोहम्मद सोनू सहित विभिन्न जिला मे प्रखण्डो व

## बेलटांड़ में आयोजित दुर्गा पूजा समिति के शिविर में 49 यूनिट रक्त संग्रहित




**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) के तत्वावधान में शुक्रवार को ग्राम प्रधान संघ भवन पटमदा में 5वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जमशेदपुर ब्लड सेंटर व प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के सहयोग से स्वेच्छा से 49 लोगों ने रक्तदान किया। इसमें एक महिला के अलावा एक दर्जन से अधिक नए रक्तदाता शामिल थे। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने उपस्थित थे। शिविर में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, समाजसेवी मनसाराम पावरी, शरत सिंह सरदार, जीतूलाल मुर्मू, पटमदा डिग्री कॉलेज जाह्ना के प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, शिशुपाल सिंह सरदार, रांगा सिंह सरदार, डॉ. केपी दास, सुभाष कर्मकार, उज्ज्वल कांति दास, तापस हालदार, माणिक हालदार, जयदेव माझी, रंजन दास, निमाई महतो, प्रदीप कुमार पैड़ा, निरंजन रजक, कृष्ण प्रसाद महतो, आदित्य हालदार, टीम पीएसएफ के निदेशक अरिजीत सरकार, स्वपन कुमार महतो आदि ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दिवंगत संस्थापक सदस्य मथुर माझी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए किया गया।

## लावजोड़ा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब राकेश स्पोटिंग ने जीता



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत कांदरजोना लावजोड़ा सिमलतल फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। अंतिम दिन शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल में राकेश स्पोटिंग ने लावजोड़ा एफसी को दो गोलों से पराजित कर विजेता का खिताब जीत लिया। प्रथम पुरस्कार के रूप में राकेश स्पोटिंग को 30 हजार और एक ट्रॉफी एवं उप विजेता को 20 हजार रुपए व एक ट्रॉफी दिया गया। समारोह में मुख्य रूप से भूला पंचायत के मुखिया मंगल सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो, बेलडीह पंसस प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि संजय गोराई, निताई गोराई, बीरेन महतो, मुचीराम महतो, रथु महतो अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मेला को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज महतो, लालटु महतो, अरुण महतो, भास्कर सिंह, संतोष सिंह, कोठारी सिंह व त्रिलोचन सिंह आदि लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## इंडोमेक फेयर में अस्पा फैशन डॉट कॉम के स्टॉल में उमड़ रही आगंतुकों की भीड़



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर में लगे इंडोमेक फेयर में रांची की अस्पा फैशन डॉट कॉम धूम मचा रही है। मेले के पहले दिन ही अस्पा द्वारा लगाए गए स्टॉल में काफी संख्या में लोगों ने विजिट किया। पहले दिन करीब 30 से अधिक कंपनियों ने अस्पा फ़ैशन में अपने कर्मचारियों के यूनिफॉर्म को बुक किया। इसके अलावा कई विद्यालयों ने भी यूनिफार्म के लिए कॉन्ट्रैक्ट किया है। मेले के प्रथम दिन की मिली सफलता को देखते हुए अस्पा के प्रबंधक आशीष कुमार ने बताया कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में यह काफी पोटेंशियल है और अस्पा इस क्षेत्र में काफी अच्छा कर रही है जिससे उन्हें बेहतर व्यवसाय की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बीते माह ही झारखंड के राजपाल द्वारा उन्हें उत्कृष्ट एमएसएमई का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कोलकाता, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश व बिहार से भी कई कंपनियों ने अस्पा फैशन से क्वारी किया है। अस्पा फैशन के प्रबंधक श्वेता वर्मा, निदेशक आशीष कुमार एवं क्षेत्रीय सेल्स हेड दिनेश शर्मा इस इवेंट को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## आज साकची में निकलेगी निशान यात्रा, सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वॉं श्री श्री श्याम महोत्सव शनिवार 08 फरवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। शनिवार को दोपहर 2 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर आकर संपन्न होगी। जिसमें 1100 से अधिक भक्त निशान के साथ शामिल रहेंगें। बाबा श्याम की ज्योत प्रज्जवलित रात 08.30 मुख्य यजमान रामकृष्ण चौधरी (बीजू बाबू) सपरिवार द्वारा किया जायेगा। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण क्रमशः, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत, विशाल संकीर्तन होगा। शनिवार 08 फरवरी को बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कोलकाता से विवेक शर्मा शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। यह जानकारी श्याम परिवार के संरक्षक उमेश शाह और अध्यक्ष गिरधारी लाल खेमका ने संयुक्त रूप से दी।

# एसटी मांग को लेकर कुड़मि नेताओं ने की महाआंदोलन की घोषणा

### 20 सितंबर को झारखंड, बंगाल, ओडिशा में एक साथ सौ जगह पर होगी रेल टेका : अजीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर/ पुरुलिया :** मुरगुमा स्थित केनेकेचे पहाड़ में दो दिवसीय कुड़मालि नेगाचारि धरम माहाजड़ुआही का 7वीं महासम्मेलन संपन्न हो गया। इस महासम्मेलन में झारखंड, बंगाल, ओडिशा, असम आदि जगहों से हजारों कुड़मि लोग शामिल हुए। इस सम्मेलन में आदिवासी धर्म आधारित चर्चाओं के साथ-साथ कड़मि आंदोलन के लिए साल भर का एजेंडा तैयार किया गया। इसमें आदिवासी कुड़मि समाज के नेतृत्व में अन्य संगठनों का भी निर्णय लिया गया यह सर्व सहमति से पारित होकर अंत में समाज के मुलखुंटि मूल मानता अजीत प्रसाद महतो ने सभी बिंदुओं को महासभा में घोषणा किया। इस वर्ष मुख्य रूप से आठ बिंदुओं को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें आने वाले 2025 की जनगणना में मातृभाषा के स्थान पर कुड़मालि, जाति के स्थान पर कुड़मि और धर्म के स्थान पर आदिवासी धर्म या एनिमिज्म धर्म लिखना है। अगर जाति आधारित जनगणना नहीं होती है, तो जनगणना का ही विरोध किया जाएगा। जन्म, विवाह, श्राद्धकर्म और अन्य पूजा इत्यादि में ब्राह्मण निषेध रहेगा। इसके लिए आदिवासी कुड़मालि नेग-नेगाचारी विधि से ही समस्त संस्कार, पूजा एवं क्रियाकर्म करना होगा। विवाह में कोई भी कुड़मि युवा दहेज नहीं लेने का निर्णय लेगा। जो कुड़मि विधायक व सांसद विधानसभा और संसद में कुड़मियों के सभी मांगों पर बात नहीं उठाते, उनके विरुद्ध में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अगले



विधानसभा चुनाव में बंगाल सरकार के विरोध में सख्त कदम उठाया जाएगा। क्योंकि ममता सरकार 2017 से कुड़मियों का कमेंट एण्ड जस्टिफिकेशन को अब तक रोककर रखा है। 25 मार्च 2025 को एसटी, धर्मकोड और कुड़मालि भाषा मांग को लेकर डीआई ऑफिस घेराव किया जाएगा। इन सभी बिंदुओं के निर्णायक मंडली में मुलखुंटि मूल मानता अजीत प्रसाद महतो, केंद्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार महतो, छोटेलाल महतो व अधिवक्ता बसंत महन्ता, केंद्रीय प्रवक्ता सशधर काड़ुआर, केंद्रीय सचिव अधिवक्ता सुनील कुमार महतो, केंद्रीय सहसचिव जयराम महतो व संजय



महतो, केंद्रीय कोषाध्यक्ष रासबिहारी महतो, केंद्रीय संपादक साधन महतो, कुड़मालि धर्म गुरु संतोष काटिआर, कुड़मालि इतिहासविद दीपक पुनअरिआर, झाड़खंड प्रदेश अध्यक्ष पद्मलोचन महतो, प्रदेश संगठन सचिव संजीव महतो, पीआरएस गुणधाम मुतरुआर आदि मुख्य रूप से उपस्थिति थे।

## आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में चल रहे इंडोमैक एक्सपो का आज अंतिम दिन, भारी भीड़ की उम्मीद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में चल रहे इंडोमैक एक्सपो में न केवल जमशेदपुर बल्कि झारखण्ड के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमी एवं व्यवसायी के अलावा राउरकेला और बंगाल के उद्यमी भी इस एक्सपो में काफी संख्या में शिरकत कर रहें हैं। नये-नये मशीनों एवं मशिनरीज के क्षेत्र में नये-नये बदलाव से अवगत हो रहें हैं। सरायकेला-खरसवाँ के असिस्टेंट मजिस्ट्रेट सह असिस्टेंट कलक्टर ने उक्त एक्सपो का अवलोकन किया एवं उन्होंने कहा कि झारखण्ड के उद्यमियों के लिए इस तरह का आयोजन मिल का पत्थर साबित होगा। एक्सपो में दृष्टी पावर के हेड बिजनेश डेवलपमेंट कैलाश जैन ने कहा कि चैन ह्वाइस्ट सभी प्राकार के ब्रांडेड एवं कटिंग विल्स, बियरिंग, पावर टुल्स, गियर बॉक्स आदि इनके उत्पाद हैं जो स्टील, पावर, फाउंड्री इंडस्ट्री में उपयोग में आते हैं। इंडएक्सपो के टीम ने कहा कि इस एक्सपो में कई राज्यों से लोगों के आने से वे काफी खुश हैं चूंकि कल 8 फरवरी एक्सपो का अंतिम दिन है इसलिए और भी अधिक भीड़ जुटने की उम्मीद है।

## 26 फरवरी को महाशिव रात्रि, दलमा पाट शिव थान में होगी पूजा अर्चना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** आगामी 26 फरवरी को होने वाले महाशिव रात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार को दलमा पाट के नाया कार्तिक सिंह के अध्यक्षता में दलमा समिति की बैठक संपन्न हुई है। बैठक में पूजा के दिन विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से विचार विमर्श हुई। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इस पर योजनावध रूप से तैयारी करने का निर्देश दिया गया।मौके पर रविन्द्र सरदार, राधेश्याम सिंह, भक्त रंजन सिंह,अमर सिंह सरदार, रवीन्द्रनाथ सिंह, दीपक कुमार सिंह,मंगल सिंह, सुदर्शन सिंह, कांचन सिंह आदि समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## झिमड़ी में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में झूमे दर्शक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के ऊं मां विनापाणि क्लब झिमड़ी छातारडीह के सौजन्य से शुक्रवार को झूमर सांस्कृतिक का रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया, जिसमें प्रसिद्ध झूमर सम्राट संतोष महतो एवं उनके सहयोगियों ने झुमर नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जेएलकेएम पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष गोपेश महतो ने फीता काट कर किया। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति ही झारखंडवासियों का पहचान है। उन्होंने आयोजन समिति का प्रशंसा की।मौके पर पंचायत समिति सदस्य पद्मलोचन महतो, शिक्षक चिरंजीत महतो, बासुदेव, पूर्ण शशि, अंगद, समर महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक्सएलआरआई के दिशा 2025 करियर मेले में जमशेदपुर के 500 प्लस छात्र हुये शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई जमशेदपुर के ह्यूमन पोटेंशियल सेंटर टीम समर्थ्य ने 2 फरवरी 2025 को दिशा के 12वें संस्करण का सफल आयोजन किया। यह जमशेदपुर का सबसे बड़ा करियर काउंसलिंग मेला है, जो स्कूली छात्रों को सही करियर मार्गदर्शन देने के लिए समर्पित है। इस वर्ष दिशा 2025 को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 650+ छात्रों ने पंजीकरण कराया और 500 से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। शहर के 50+ स्कूलों के छात्र इसमें शामिल हुए, जिनमें डीएवी पब्लिक स्कूल, लोयोला स्कूल, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल,



काशीडीह हाई स्कूल और डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।इस वर्ष 140+ एक्सएलआरआई छात्र स्वयंसेवकों के सहयोग से दिशा 2025 में 25+ विशेषज्ञ-नेतृत्व वाले करियर पैनल आयोजित किए गए। इन पैनलों में विज्ञापन, सशस्त्र बल, डेटा एनालिटिक्स, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, यूपीएससी, खेल, नृत्य और संगीत, सामाजिक कार्य, विधि और चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे विविध क्षेत्रों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध उद्यमी और करियर कोच सुमित अग्रवाल ने छात्रों को करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

## जमशेदपुर एफसी और नॉर्थ ईस्ट एफसी का मैच 13 फरवरी को, टिकट की बिक्री शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आगामी 13 फरवरी को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी और नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच रोमांचक मुकाबले के लिए बॉक्स ऑफिस पर टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है. टिकट स्ट्रेट माइल रोड पर गेट नंबर 2 से बिकना शुरू हो गया है । नॉर्थ और साउथ स्टैंड : 50 रुपये, ईस्ट अपर और वेस्ट अपर स्टैंड- 150 रुपये, ईस्ट और वेस्ट लोअर स्टैंड 250 रुपये, वीआईपी सीटें 499 रुपये, हॉस्पिटैलिटी टिकट 3,000 रुपये है।इसके अलावा, प्रशंसक ticketgenie.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं और ईमेल और फोन के माध्यम से अपने डिजिटल टिकट प्राप्त कर सकते हैं.




## टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन संचालक पर लगा गंभीर आरोप, जांच की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** प्रखंड अंतर्गत छोटा गम्हरिया पंचायत में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट द्वारा सीएसआर फंड से निर्मित बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन के शुल्क निर्धारण और संचालन की जांच की मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह के नेतृत्व में गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। उंक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि यह भवन अभी अधूरा है। इसमें न तो पूरी तरह से बिजली की व्यवस्था है और ना ही पानी की सुविधा है। इसके बावजूद भवन के उपयोग के लिए 20,001 रुपए शुल्क वसूला जा रहा है जो निजी विवाह भवनों से भी अधिक है। उन्होंने शुल्क को घटाकर 5001/- रुपए करने की मांग की है। पंसस पूजा सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि भवन का संचालन टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट के प्रतिनिधि द्वारा मनमाने तरीके से किया जा रहा है। ग्राम सभा की सहमति के आधार पर 16 जून 2022 को इस



भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इसे 1.10 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना था, लेकिन अबतक इसकी दूसरी मंजिल का निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है जो जांच का विषय है। उन्होंने ज्ञापन की प्रतिलिपि उपायुक्त और अंचल अधिकारी को भी प्रेषित करते हुए इस भवन की संपूर्ण जांच कराने और संचालन समिति के पुनर्गठन की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में पंसस विकास कुमार शर्मा और पूर्व पंसस अजीत कुमार सिंह भी शामिल थे।

## कुचाई में शिक्षक परिवार के द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षकों के लिए सम्मान सह विदाई समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड संसाधन केन्द्र में शुक्रवार को सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमियाडीह कुचाई के सेवानिवृत्ति शिक्षक वीरेंद्र नाथ नापित,उत्क्रमित मध्य विद्यालय जेनालांग बाडेडीह के सेवानिवृत्ति शिक्षक मनोज कुमार पाणी,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांगुरडीह के सेवानिवृत्ति शिक्षक श्रीराम हो तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोलाहातु के सेवानिवृत्ति शिक्षक विनोद कुमार सिंह को सम्मान के साथ साथ भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा, कुचाई प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी आदि ने सेवानिवृत्ति शिक्षकों को बुके और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होता, जीवनभर देता है शिक्षा, जितना सीखो, कम है। उन्होने ने कहा कि शिक्षक की सेवा बहुत अद्वितीय होती है।



समारोह में बीडीओ साधुवरण देवगम, सीओ सुषमा सोरेन, बीईओ संजय कुमार जोशी, बीपीओ नाथों महतो, लेखापाल कृष्ण मोहन महतो, शिवशंकर प्रधान, ललित नारायण प्रधान, सुधाकर ठाकुर, दिनेश कुमार दास, विजयता बांकिरा, उत्तम कुमार प्रधान, दीनबंधु सिंह पात्र, सुखराम कुम्हार, तरूण कुमार सिंह, पाल सर, मनमोहन कुमार भैरव चन्द्र दास, नव कुमार मंडल, मंगल सिंह बेसरा, अरविंद कुमार, विनोद कुमार सिंह, रूपेश मिश्रा, रामचरण गोराई, कुँवर सिंह लोहरा उपस्थित थे।

## ट्रंप सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी लगाकर वापस भेजने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अन्यायपूर्ण निर्वासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में साकची गोलचक्कर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने भारतीय प्रवासियों को क्रूरतापूर्ण तरीके से अपमानित करते हुए। हवाई जहाज में हथकड़ी




लगाकर मानवता के आचरण के खिलाफ में अपने कृत्य का प्रदर्शन किया। इस अमानवीय घटनाक्रम में मोदी सरकार के कृत्य ने गैर जिम्मेदाराना हरकत कर पराकाष्ठा पार कर दिया है कि जब प्रवासित भारतीय को भारत के विमानतल पर उतारा गया, तो उन्हें कैदी वाहन में ले जाया गया। एक छोटे से देश कम्बोडिया ने तो अमेरिकी विमान को लौटा दिया और अपने नागरिकों को अपना विमान भेजकर सम्मान के साथ वापस लाया।प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, रामाश्रय प्रसाद, एल बी सिंह, अवधेश कुमार सिंह, धर्मा राव, अमरजीत नाथ मिश्र, के के शुक्ल, ऋषि मिश्र, रंजीत सिंह, खगेनचन्द्र महतो, सुखदेव सिंह मल्ली, संध्या दास, जसवंत सिंह जस्सी, गुरदीप सिंह, रविंद्र मौर्या, राहुल गोस्वामी, राजेश कुमार, अरूण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, सतीश कुमार, सन्नी सिंह, विनोद यादव, अखिलेश यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी,संजय सिंह आजाद शामिल हुए।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक, तैयारी को लेकर बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजुमदार की अध्यक्षता में सिदगोड़ा टाउन हॉल में माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु निर्धारित केंद्रों में परीक्षा के सफल संचालन और विधि व्यवस्था को लेकर केंद्राधीक्षकों तथा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त आयोजन के निमित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ऋषभ गर्ग ने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का



संचालन सुनिश्चित कराये। विदित हो कि जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई। माध्यमिक परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9:45 बजे से 1:00 बजे तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा द्वितीय पाली अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। मैट्रिक परीक्षा को लेकर घाटशिला अनुमंडल में 26 तथा धालभूम अनुमंडल में 45 कुल 71 परीक्षा केन्द्र चिन्हित किए गए हैं वहीं इंटर परीक्षा के लिए घाटशिला अनुमंडल में 12 और धालभूम अनुमंडल में 23 कुल 35 परीक्षा केन्द्र होंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सुनिल चन्द्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशिष कुमार पाण्डेय, सहित प्रतिनियुक्त जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## दिल्ली में घुसपैठिए वोटर

क्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में 20 लाख से अधिक घुसपैठिए मतदान करेंगे? क्या देश की राजधानी में इतने रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं? यदि हैं, तो राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का दोषी और जवाबदेह कौन है? क्या लाखों अवैध शरणार्थियों को, सिर्फ चुनाव के मद्देनजर, राजनीतिक संरक्षण दिया जाना संभव है? क्या भारत सरकार और सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों ने आंखें मूंद रखी हैं? ऐसे कई सवाल बेहद संवेदनशील हैं। दिल्ली को घुसपैठियों की धर्मशाला नहीं बनाया जा सकता। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने 114 पन्नों की जो शोध-रपट जारी की है, बेशक उसे पूर्ण सत्य न माना जाए, लेकिन घुसपैठियों का मुद्दा तो पुराना है। इस रपट को नकारा भी नहीं जा सकता, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। चुनाव आयोग ने सभी दृष्टिकोण से सुनिश्चित करने और क्रॉस चेकिंग के बाद जो अंतिम मतदाता-सूची तैयार की है, क्या उसमें करीब 20 लाख घुसपैठियों के नाम भी दर्ज हैं? इस अवैध मतदान से न केवल हमारी चुनाव-प्रणाली प्रभावित होगी, बल्कि दिल्ली की जनसंख्या के समीकरण भी बदल रहे हैं। यहां की 84 फीसदी हिंदू आबादी घट कर 81.7 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 5.7 फीसदी थी, जो बढ़कर करीब 13 फीसदी हो गई है। यह खतरनाक बदलाव है। सवाल यह है कि घुसपैठिए मतदाता बने, उन्हें सभी सरकारी संसाधन और सुविधाएं भी हासिल हैं, उनके पास मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि सरकारी, वैध दस्तावेज भी हैं, तो उनकी छंटनी कर कैसे साबित किया जा सकता है कि वे अवैध घुसपैठिए हैं? वे बांग्लादेश, म्यांमार सरीखे पड़ोसी देशों से भारत में घुसे हैं? रपट में खुलासा किया गया है कि राजधानी दिल्ली में 20 लाख से अधिक घुसपैठिए मौजूद हैं और वे किन इलाकों में रहते हैं। पुलिस ने अधिकतर चेहरे चिह्नित भी कर रखे हैं। उन्हें उनके देश वापस भेजने का फैसला भी हो चुका है, लेकिन डिपोर्ट करने के 70 फीसदी मामले आज भी लंबित पड़े हैं, क्योंकि घुसपैठियों के मूल देश उन्हें अपने नागरिक मानने को तैयार नहीं हैं। यही नहीं, पुलिस को भी इनके इलाकों में जाने से रोका गया है। क्या घुसपैठिए इतना बड़ा खतरा हैं अथवा राजनीतिक संरक्षण के तहत ऐसा किया गया है? करीब 45 फीसदी घुसपैठिए झुग्गियों में रहते हैं। वहां उन्हें मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा सरीखी सरकारी सुविधाएं हासिल हैं। जिन इलाकों में घुसपैठिए रहते हैं, वहां आसपास के स्कूलों में 20-30 फीसदी बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ये घुसपैठिए असंगठित क्षेत्रों में काम या मजदूरी करते हैं और कम वेतन या दिहाड़ी पर भी काम करने को तैयार रहते हैं, लिहाजा कारोबारी उन्हें काम पर रखने को प्राथमिकता देते हैं और श्रम के कोई भी दस्तावेज नहीं देने पड़ते हैं। भाजपा ने इसे भी मुद्दा बनाया है कि जो काम पूर्वांचल या अन्य क्षेत्रों के लोगों को मिलने चाहिए थे, वे कम पैसे के कारण घुसपैठियों को मिल रहे हैं। यह भी बेरोजगारी का बड़ा कारण है। रपट में बताया गया है कि फर्जी दस्तावेज बनाने का भी एक गिरोह सक्रिय है, जो स्थानीय नेताओं के इशारे पर इन घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेज तैयार करता है। बदले में ये अवैध अप्रवासी उन नेताओं को चुनाव में वोट देते हैं। किसी भी स्तर पर घुसपैठ स्वीकार्य न हो।

दिल्ली को घुसपैठियों की धर्मशाला नहीं बनाया जा सकता। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने 114 पन्नों की जो शोध-रपट जारी की है, बेशक उसे पूर्ण सत्य न माना जाए, लेकिन घुसपैठियों का मुद्दा तो पुराना है। इस रपट को नकारा भी नहीं जा सकता, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। चुनाव आयोग ने सभी दृष्टिकोण से सुनिश्चित करने और क्रॉस चेकिंग के बाद जो अंतिम मतदाता-सूची तैयार की है, क्या उसमें करीब 20 लाख घुसपैठियों के नाम भी दर्ज हैं। इस अवैध मतदान से न केवल हमारी चुनाव-प्रणाली प्रभावित होगी, बल्कि दिल्ली की जनसंख्या के समीकरण भी बदल रहे हैं। यहां की 84 फीसदी हिंदू आबादी घट कर 81.7 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 5.7 फीसदी थी, जो बढ़कर करीब 13 फीसदी हो गई है। यह खतरनाक बदलाव है। सवाल यह है कि घुसपैठिए मतदाता बने, उन्हें सभी सरकारी संसाधन और सुविधाएं भी हासिल हैं, उनके पास मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि सरकारी, वैध दस्तावेज भी हैं, तो उनकी छंटनी कर कैसे साबित किया जा सकता है कि वे अवैध घुसपैठिए हैं? वे बांग्लादेश, म्यांमार सरीखे पड़ोसी देशों से भारत में घुसे हैं?

### विपक्षी दल इस घटना को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार को घेर रहे हैं

## कुंभ भगदड़ पर शर्मनाक राजनीति

राजेश कुमार पासी

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इसी को देखते हुए इस आयोजन की जबरदस्त तैयारी की थी। लगभग 25 दिनों से कुंभ चल रहा है और यहां आने वाले श्रद्धालु इस आयोजन की जबरदस्त तारीफ कर रहे हैं। सरकार द्वारा किये गये इंतजामों से बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। मौनी अमावस्या के दिन सबसे बड़ा अमृत स्नान था जिसमें लगभग 12 करोड़ लोगों ने स्नान किया। इस दिन एक भगदड़ में दर्जनों लोगों के घायल होने के अलावा 30 लोगों की जान चली गई। एक छोटे शहर के कुछ हिस्से में 10 करोड़ लोग इकट्ठे थे, इसलिए अगर वहां भगदड़ मच गई तो ये स्वाभाविक सी घटना है लेकिन यह नहीं होना चाहिए था।

12 साल में आयोजित होने वाले कुंभ का भारतीय धर्म और संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इस बार का कुंभ तो 12 कुंभों के बाद होने वाला महाकुंभ है, इसलिए इसका विशेष महत्व है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इसी को देखते हुए इस आयोजन की जबरदस्त तैयारी की थी। लगभग 25 दिनों से कुंभ चल रहा है और यहां आने वाले श्रद्धालु इस आयोजन की जबरदस्त तारीफ कर रहे हैं। सरकार द्वारा किये गये इंतजामों से बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। मौनी अमावस्या के दिन सबसे बड़ा अमृत स्नान था जिसमें लगभग 12 करोड़ लोगों ने स्नान किया। इस दिन एक भगदड़ में दर्जनों लोगों के घायल होने के अलावा 30 लोगों की जान चली गई। एक छोटे शहर के कुछ हिस्से में 10 करोड़ लोग इकट्ठे थे, इसलिए अगर वहां भगदड़ मच गई तो ये स्वाभाविक सी घटना है लेकिन यह नहीं होना चाहिए था। इस भगदड़ के कारण सरकार के इंतजामों पर सवाल खड़ा हो गया है। यह सवाल इसलिए खड़ा हो गया है क्योंकि सरकार को पता था कि इस दिन इतने लोग वहां आ सकते हैं। सरकार को पता था इसलिए सरकार ने इंतजाम भी किये थे। भगदड़ होने का मतलब है कि सरकार के इंतजामों में कहीं कोई कमी थी। विपक्ष को यह अधिकार है कि वो इस सम्बन्ध में सरकार से सवाल करें और लोकतंत्र में ऐसा होता भी है। विपक्षी दल इस घटना को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार को घेर रहे हैं। संसद में भी यह मामला उठाया गया है। लोकतंत्र में यह एक सामान्य बात है कि ऐसी घटनाओं पर विपक्ष सरकार से सवाल-जवाब करे लेकिन विपक्ष इस मामले में जैसी राजनीति कर रहा है, वो बहुत ही शर्मनाक है। 29 जनवरी को इस मामले पर विपक्ष ने संसद में जबरदस्त हंगामा किया और सरकार पर आंकड़ों को छिपाने का आरोप लगाया। देखा जाये तो यह आरोप भी ज्यादातर विपक्ष ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर सरकार पर लगाया करता है लेकिन जैसा आरोप लगाया गया है, वो बेहद आपत्तिजनक है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में कहा कि 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गये हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने उन्हें बयान वापिस लेने को कहा तो उन्होंने कहा कि यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं है तो सरकार को बताना चाहिए। इसके अलावा लोकसभा में भी विपक्ष ने जबरदस्त हंगामा किया



और सरकार को कहा कि वो कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जारी करे। समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने कहा है कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि भगदड़ में हजारों लोग मारे गये हैं। उनका कहना है कि लोगों को दफना दिया गया है, जो लोगों को बाद में मिलेंगे। उन्होंने कहा है कि हिन्दुओं को दबा दिया गया है। समाजवादी पार्टी की नेता और सांसद जया बच्चन ने कहा है कि इस मेले में गंगा का पानी सबसे दूषित है क्योंकि भगदड़ में मारे गये लोगों के शव नदी में फेंक दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ में करोड़ों लोग आ ही नहीं सकते, सरकार झूठ बोल रही है। उनका कहना है कि इतने लोग एक जगह कैसे इकठ्ठा हो सकते हैं। यही बात समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कही थी कि सभी रेलगाड़िया खाली आ रही है, सरकार झूठ बोल रही है कि कुंभ में इतने लोग आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री योगी पर तंज कसा है कि जो सच छुपाये वो योगी नहीं हो सकता। आरजेडी नेता मनोज झा ने कहा है कि कुंभ में ट्रक भरकर मोबाइल मिले हैं, इनके मालिक कहां है। इसके अलावा कई नेता ऐसी ही बातें कर रहे हैं और सरकार को सच बताने को कह रहे हैं। सोशल मीडिया में विपक्षी समर्थक अपने नेताओं की बातों को आगे बढ़ा रहे हैं। यह अफवाह फैलाई जा रही है कि कुंभ में हजारों लोग मर गये हैं। दूसरी तरफ सरकार ने घटना की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन कर दिया है, जो मामले की जांच करके बता देगा कि सरकार की कहां कमी रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। इसके अलावा योगी सरकार ने मामले की जांच के लिए एसटीएफ का भी गठन किया है क्योंकि सरकार को घटना में साजिश की बू आ रही है। कहा जा रहा है कि घटनास्थल पर घटना के समय 16000 सक्रिय मोबाइल फोन बंद हो गये है। घटनास्थल पर मौजूद इतने मोबाइल फोनों का अचानक बंद हो जाना सरकार को एक साजिश लगता है। इसके अलावा प्रत्यक्षदर्शियों ने बयान दिया है कि घटना से पहले वहां बसों में भरकर युवा आये थे और वो हुड़दंग कर रहे थे। कहा जा रहा है कि घटना इन लोगों के हुड़दंग के कारण ही हुई। मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है क्योंकि यह राज्य सरकार की प्रतिष्ठा का सवाल है। योगी सरकार कई महीनों से इस आयोजन की तैयारी कर रही थी और दुर्घटना से पहले आयोजन सफलतापूर्वक चल रहा था और घटना के बाद भी चल रहा है। मेरा मानना है कि जल्दी ही सरकार देश के सामने सच्चाई पेश कर देगी। आज हर हाथ में मोबाइल है और इसके अलावा घटनास्थल पर मौजूद सीसीटीवी भी अपराधियों को सामने लाने की सरकार की मदद करेंगे। आप सोचिए कि जब हर हाथ में मोबाइल है तो किसी भी सरकार के लिए लोगों की मौत छुपाना कैसे संभव हो सकता है। पूरी दुनिया में इतना बड़ा आयोजन नहीं होता है, इसलिये पुलिस और प्रशासन इस आयोजन को करने के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। इसके बावजूद भगदड़ में हुई मौतों के लिए जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिये लेकिन महीनों से दिन-रात काम कर रहे पुलिस और प्रशासन के लोगों की मेहनत पर पानी फेरना ठीक नहीं है। खड़गे और अन्य विपक्षी नेता कह रहे हैं कि हज़ारों लोगों की मौत हो गई है तो सवाल उठता है कि उनकी लाशें कहाँ गयीं। वैसे देखा जाए तो इसका भी जवाब उन्होंने खुद दे दिया है। राजद नेता मनोज झा कह रहे हैं कि उनको दफना दिया गया है और जया बच्चन कह रही हैं कि लाशों को सीधा गंगा नदी में बहा दिया गया इसलिये गंगा प्रदूषित हो गई है। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने लाशों को ठिकाने लगाने के बारे में बयान देने से पहले आपस में बात नहीं की है। सरकार को घेरने का अच्छा तरीका तो यह था कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की फौज गंगा नदी में उतरकर लाशों को बाहर निकाल देती और देश के सामने पूरी सच्चाई आ जाती। दूसरी तरफ राजद के कार्यकर्ता गंगा नदी किनारे दबाए गए लोगों को निकाल कर जनता के सामने ला सकते थे। खड़गे पहले कह रहे हैं कि हज़ारो लोग मारे गए हैं, उनकी पार्टी भी इसमें मदद कर सकती थी। विपक्षी नेताओं की बुद्धि कहाँ चली गई है जो ऐसे अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। अगर उन्हें अपनी बात सिद्ध करनी है तो हज़ारो नहीं तो कुछ लोगों के शव तो ढूंढ ही सकते थे।

दृष्टि कोण

## प्रशासन और प्रदेश का आम जनमानस

प्रदेश के आम जनमानस के समग्र उत्थान के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार की शासन व्यवस्था निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री का दो वर्ष का कार्यकाल विभिन्न राजनीतिक एवं प्रशासनिक कारणों से देश व प्रदेश में चर्चा का विषय रहा है। प्रदेश में राजस्व, शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य जैसे मूल विभागों में विकासात्मक एवं सुधारात्मक प्रयोग एवं प्रयास, भविष्य में प्रदेश के विकास की गाथा में अवश्य ही अपनी अमिट छाप छोडने में सफल होंगे। विगत दो वर्षों की आर्थिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक अस्थिरता या उथल-पुथल वाली परिस्थितियों के समक्ष प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अत्यधिक सुदृढ़ होकर उभरी है, जिसमें विगत वर्ष अवसरवादिता से प्रेरित राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस के छह विधायकों व तीन निर्दलीय विधायकों का प्रदेश सरकार के विरुद्ध विद्रोह प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में अविस्मरणीय घटना के रूप में दर्ज हो चुका है। इसके उपरांत वर्तमान मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की दयनीय वित्तीय स्थिति, प्रशासनिक शिथिलता, प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, विभिन्न विभागों में कार्य संस्कृति के अभाव से निपटने के सार्थक प्रयासों में अधिक स्पष्टता एवं दृढ़ता प्रकट हो रही है। इन सुधारात्मक कार्यों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभाव प्रदेश के आम जनमानस के दैनिक प्रशासनिक कार्यों में परिलक्षित होगा। देश व प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षणकर्ता के रूप में कार्य करती है, परंतु वर्तमान परिस्तिथियों में यह भ्रष्टाचारी कारकों के संरक्षण प्रदान करने तक ही सीमित है। प्रदेश के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य के दृष्टिगत, अल्पकालिक ही नहीं अपितु दीर्घकालिक आवश्यकताओं की संभावना को समक्ष रखते हुए, सरकार का आदर्श वाक्य 'व्यवस्था परिवर्तन' की व्यापकता को समक्ष रखते हुए, प्रदेश सरकार का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के आम जनमानस की प्रशासनिक, सामाजिक एवं राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति करना है। परंतु प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं नैतिकता जैसे कारकों का अभाव होने के परिणामस्वरूप, प्रदेश सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के मूल उद्देश्य की प्राप्ति में उपरोक्त कारकों का अभाव अवरोधक के रूप में कार्य कर रहा है। प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में इन तत्वों का अभाव दीर्घकालिक है, जिससे वर्तमान सरकार के लिए, इनका समाधान भी जटिल है। निःसंदेह दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे कारकों के परिणामस्वरूप वर्तमान सरकार इन परिस्थितियों से उबर सकती है या सफल हो सकती है। प्रदेशवासियों के समक्ष प्रशासनिक अकर्मण्यता एवं भ्रष्टाचार के अनेक ऐसे प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, जिससे प्रदेश का आम नागरिक अत्यंत त्रस्त है। राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली सदैव ही संदेहास्पद एवं पक्षपातपूर्ण होने के कारण, आम नागरिक मानसिक एवं आर्थिक प्रताडऩा से त्रस्त है। प्रदेश सरकार इस दिशा में तत्परता के साथ कार्य भी कर रही है, परंतु इस विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की भ्रष्ट प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना, प्रदेश सरकार के समक्ष सबसे बड़ी समस्या एवं चुनौती है। व्यवस्था परिवर्तन के लिए प्रशासनिक व्यवस्था की इच्छा शक्ति, संकल्पशक्ति एवं संसाधनशीलता की परम आवश्यकता है। अपने संवैधानिक कत्र्तव्यों के प्रति प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनप्रतिनिधियों को सजगता, निष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करने की चेष्टा करनी होगी। अपर्याप्त प्रशासनिक एवं राजनीतिक भागीदारी के कारण अधिकांश प्रदेशवासी व्यवस्थागत हिस्सेदारी से वंचित हैं, जो कि प्रदेश में व्याप्त भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार का मुख्य आधार भी है। प्रशासनिक कार्यों में यदि आम जनमानस का परोक्ष हस्तक्षेप हो तो निश्चित रूप प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकता है। इस दिशा में प्रदेश सरकार की शिकायत निवारण हेतु, मुख्यमंत्री संकल्प योजना जैसे मंच के माध्यम से भ्रष्ट एवं पक्षपाती व्यवस्था से पीड़ित प्रदेश वासी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हैं। इस संकल्प योजना से मिलने वाले न्यायपूर्ण एवं सार्थक परिणामों से पीड़ित पक्ष सुरक्षित महसूस करते हैं। परंतु विडंबना यह है कि प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था अपनी अकर्मण्यातापूर्ण एवं शिथिल कार्यसंस्कृति के कारण पीड़ित पक्ष को न्याय प्रदान करने में विफल प्रतीत हो रही है। इस संकल्प योजना की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं तत्परता से निर्णय करने की क्षमता, पीड़ित पक्ष की सरकार के साथ अपनी समस्या की प्रत्यक्ष भागीदारी को सुनिश्चित करती है, परंतु इसमें वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप अधिक सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश जन शिकायतों में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता या पीड़ित पक्ष को ही प्रताड़ित किया जाता है। बिना निष्पक्ष जांच के, मामलों को समाप्त कर दिया जाता है, जोकि इस योजना के मूल मंतव्य के विपरीत है।

कुछ अलग

## चोर जी का सुल्फिया बयान

देवियो और सज्जनो! मैं वह चोर हूं जिसका कोई धर्म नहीं होता, जिसकी कोई जात नहीं होती। वह हर धर्म का होता है, हर जात का होता है। अपने पूरे जोशो जवास में गर्व से स्वीकारता हूं कि मैं वही चोर हूं! समाज के एक से एक हाई लेबल आदरणियों को अपने को चोर कहने में आपत्ति हो तो होती रहे, पर मुझे अपने को अपने द्वारा चोर कहने में रंच भर आपत्ति नहीं। जैसे किसी को अपने को जेंटलमैन कहलवाने पर गर्व होता है, वैसे ही मुझे अपने को चोर कहलवाने पर गर्व होता है। सच कहूं तो समाज को बचाने, चलाने की जिम्मेदारी इन तथाकथित जेंटलमैंनों से अधिक चोरों के कंधों पर होती है। कारण, चोर के भीतर एक जेंटलमैन छिपा हो या न, पर एक थर्ड से थर्ड क्लास जेंटलमैन के भीतर एक चोर जरूर बसा होता है। चोरी करना कोई बुरी बात नहीं। ईमानदार से ईमानदार करते हैं। पर बुरी बात तब होती है जब चोरी करने के बाद भी अपनी चोरी को हम दूसरों के मत्थे मढ़ते हैं खुद को ईमानदार दिखाए रखने के लिए। मैं उनकी तरह नहीं जो कदम कदम पर अपने से छुपकर शिद्दत से चोरी करते हैं और ऊपर से अपनी छाती पर ईमानदारी के तमगे लगाए फिरते हैं। चेहरे पर सेहरे लगाकर चोरों के समाज में जीना मुझे कतई पसंद नहीं। भाई साहब! मैं इनकी उनकी तरह नहीं जो समाज में नंबर वन चोरियां करके अपने को कोर्ट कचहरियों में पाकसाफ घोषित करवाने को एड़ी चोटी का जोर लगाए रहते हैं। मुझसे बड़े चोर चोर होने के बाद भी भले ही वे कोर्ट कचहरियों से अपने पाकसाफ के कागज हवा में लहराते इज्जतदार बने फिरते रहें तो फिरते रहें। मैं तो चोर होने में ही खुश हूं। क्योंकि मुझे पता है कि मैं चोर हूं, सो मैं अपने को कानून को घुमा फिरा बेवजह सज्जन घोषित करवाने की कभी कोशिश नहीं करता। मैं तो इस सोच का प्रेक्टिकल चोर हूं कि चोरी करने के बाद पकड़े जाने पर जितना समय कोर्ट कचहरियों में अपने को बेचोर साबित करवाने में जाया किया जाए, उतना अपने चोरी के धंधे को और परिष्कृत करने में लगाया जाए ताकि चोरी करने में और महारत हासिल हो सके। जनाब! भगवान कण कण में व्याप्त हों या न, पर मैं कण कण में व्याप्त हूं। मैं घर घर में हूं। मैं सरकार सरकार में हूं। मैं दफ्तरों दफ्तरों में हूं। मैं कत्र्तव्यनिष्ठ से कत्र्तव्यनिष्ठ अफसरों अफसरों में हूं। कहीं मैं ए क्लास ऑनेस्ट ठेकदार बनकर चोरी करता हूं तो कहीं चौकीदार बनकर चोरी करता हूं। कहीं मैं ऑफिस से पर्दे चुराकर ले जाता हूं तो कहीं मैं ऑफिस से चेयर मेज चुराकर ले जाता हूं। कहीं मैं सरकारी सरिया सीमेंट चुराकर ले जाता हूं तो कहीं मैं ऑफिस से ऑफिस ही चुराकर ले जाता हूं। कहीं मैं जनता का बजट चुराता हूं तो कहीं मैं देश को चुराता हूं। घर से लेकर संसद तक जितने भी माननीय, सम्माननीय पद हैं, उन सब पर मैं शान से बैठा हूं। हर स्टोर में अजगर बन लेटा हूं।डांट माइंड! मैं जानता हूं या फिर मेरा खुदा! मेरी वजह से पता नहीं कितनों को रोजगार मिला है। मेरी वजह से पता नहीं कितनों का चेहरा कमल सा खिला है। मैं रोजगारदाता हूं। मैं नकाबपोश ईमानदारों का भाग्यविधाता हूं। डांट माइंड! मेरी वजह से ही ईमानदारी का बाजार चलता है। मेरी वजह से ही बड़ों बड़ों का अवैध कारोबार चलता है। मेरी वजह से ही आदमी अपना ईमान बदलता है। इतना सब होने के बावजूद हमें समाज में सम्मान की नजरों से क्यों नहीं देखा जाता रे मेरे प्रभु!

देश दुनीया से

## अत्यंत वृहद है महाकुंभ का मर्म

कुंभ का शब्दार्थ है- घड़ा अर्थात कलश। कुंभ का जीवनार्थ है- काया व मन को पंचतत्त्वों के प्रत्यक्ष स्पर्श में लाकर आत्मसाधना की ओर अग्रसर होना। कुंभावधि में जल नामक तत्त्व गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर अमृतोन्मुखी हो उठता है। कुंभ के वृहद स्वरूप महाकुंभ में जलतत्त्व के अमृत संपर्क में आकर आत्ममुखी होने का अवसर है महाकुंभी आयोजन। गत तेरह जनवरी से प्रारंभ हुई यह आस्थायात्रा 26 फरवरी 2025 तक चलेगी। अ_ारह पुराणों से होते हुए चार वेदों तथा असंबद्ध रूप में 108 व मुख्यतः 13 उपनिषदों में समाहित पंचांग स्थिति (तिथि, वार, नक्षत्र, योग तथा करण/नभ, पृथ्वी, वायु, जल तथा अग्नि) द्वारा शुभाशुभ समय के निर्धारण के उपरांत नियत महाकुंभ आयोजन की पौराणिक कथा मूलतः विष्णु पुराण में पुरोल्लिखित हुई थी। इसके अनुसार, महर्षि दुर्वासा के श्राप द्वारा स्वर्ग ऐश्वर्य, धन, वैभव इत्यादि से रहित हो गया था। फलतः इन्द्रादि देवता शक्तिहीन हो गए। सहायतार्थ देवताओं ने भगवान विष्णु की शरणागति की। भगवान ने उन्हें असुरों के साथ मिलकर समुद्र मंथन का उपाय बताया। भगवान ने उन्हें बताया कि मंथन से अमृत प्राप्त होगा, जिसका पान करके वे सभी अमर हो जाएंगे। असुर राजा बलि को देवताओं ने यह युक्ति बताई। वह भी अमरत्व के लोभवश समुद्र मंथन हेतु तैयार हो गया। देवासुरों ने वासुकि नाग की रस्सी बनाकर मंदराचल पर्वत की सहायता से सागर मथना प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप एक-एक कर 14 रत्न निकले। इनमें हलाहल विष, कामधेनु गाय, उच्चैःश्रवा अश्व, ऐरावत गज, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा नामक अप्सरा, देवी लक्ष्मी, वारुणी अर्थात मदिरा, चन्द्रमा, पारिजात वृक्ष, पांचजन्य शंख, भगवान धन्वन्तरि तथा अमृतकुंभ सम्मिलित थे। इसी अमृत का पान करने दानव परस्पर छल-बल करने लगे। इस पारस्परिक संघर्ष में वे अमृतकुंभ लेकर यहां-वहां दौड़े। दौड़ाभागी में कुंभ से अमृत की बूंदें छलककर प्रयागराज, नासिक, उज्जैन एवं हरिद्वार में गिर पड़ीं। जिस क्रम में वे जहां गिरीं, वहीं उस स्थान पर समयक्रमानुसार छह वर्ष में अद्र्धकुंभ एवं बारह वर्षों में एक बार कुंभ का आयोजन होता है। तत्कालीन देवासुरों के विशाल अस्तित्व के अनुरूप सृजित अमृत की बूंदें आज के युग के मानवों हेतु नदी के समान ही हैं। प्रायः 12 वर्ष के समयचक्र में होने वाले कुंभ की समयावधि में बृहस्पति, सूर्य व चंद्रमा एक साथ एक दिशा एक स्थिति में विद्यमान होते हैं, किंतु बृहस्पति जब मकर राशि में तथा सूर्य व चंद्रमा अन्य शुभ स्थानों पर विराजित होते हैं, तब महाकुंभ का धरायण होता है। खगोलीय एवं ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 12 कुंभ घटियों के बाद 144 वर्ष का योग बनता है। इस बार यही संयोग है। कलियुग में एक व्यक्ति की दो पीढियों को ऐसा अवसर नहीं मिल पाता है। जिन व्यक्तियों की आयु इस समय तीस वर्ष से अधिक है, उनमें से अधिसंख्य के दादाओं और पिताओं के जीवनकाल में महाकुंभ की स्थिति उत्पन्न ही नहीं हुई। कुंभ के पौराणिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ असीमित हैं। इन अर्थों को व्यक्तिगत योग चेतना के माध्यम से ही अनुभव किया जा सकता है। कुंभ का मर्म पापमुक्ति एवं मोक्षप्राप्ति से भी गहन है। यदि व्यक्ति के अंदर प्राकृतिक उत्सव में संचित होकर जीवन के प्रति अंतर्दृष्टि खोलने की उत्कट इच्छा है तो उसके लिए महाकुंभ सर्वोत्तम अवसर है। प्रकृति के पंचतत्त्वों में से एक है नीर। प्रत्यक्ष दिखाई देतीं नीरवाहिनी नदियां गंगा, यमुना व अदृश्य रूप में विद्यमान सरस्वती के संगमस्थल के प्रति आस्था, कृतज्ञता एवं सम्मान प्रदर्शित करने का विशाल, भव्य व अद्भुत सम्मेलन संसार में कहां है! इस पावन समय में यह स्थल अलौकिक शोभा एवं सौंदर्य के साथ चमत्कृत है। इस शुभघड़ी में तीनों सरिताओं के अमृतमय नीर द्वारा क्षयमान शरीर को चेतना प्रदान कर, मंगल स्नान कर और निज क्षमता से ध्यान धर कर व्यक्ति के मन में मौन होने, आध्यात्मिक होने का जो विचारबल प्रस्फुटित होता है, वास्तव में वही महाकुंभ का वास्तविक प्रसाद है, जिसे प्राप्त करने करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन माहभर तक प्रयागराज में एकत्र होते रहेंगे। यह विचित्र एवं आश्चर्यचकित करने वाला अनुभव है कि दुनिया के कई देशों की कुल जनसंख्या एक करोड़ भी नहीं है, किंतु महाकुंभ में अब तक इस लेख के लिखे जाने तक पंद्रह करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम वारिप्रवाह में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ विशुद्ध धार्मिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं दार्शनिक आयोजन है। इसमें किसी भी अनावश्यक बाह्य विचार की आवश्यकता है ही नहीं। यह आत्मज्ञान प्राप्ति का प्राकृतिक उत्स है। यह वही अनुभव कर सकता है, जो रिक्त मन से कुंभ का भागीदार बनता है। पूर्वाग्रह से मुक्त होकर तथा उदार हृदय के साथ इस उत्सव का आत्मसाक्षात्कार करने पर निश्चय ही स्वर्गसम अनुभूतियां प्राप्त होती हैं। करोड़ों-करोड़ देशी-विदेशी लोगों की विशुद्ध आस्था को उनके पवित्र आचरण, अप्रतिम हाव-भाव, पंचतत्त्वों के प्रति उनकी सर्वांगीण भंगिमा के माध्यम से भलीभांति अनुभूत किया जा सकता है। इस पौराणिक संयोजन द्वारा श्रद्धालुओं में इतना आत्मिक प्रभाव उत्पन्न होता है कि वे भौतिक व प्रकट जीवन के कष्टकंटकों को भी पुष्पस्पर्श समझने लगते हैं। महाकुंभ द्वारा प्रज्वलित आत्मदीप्ति में जीवन की वास्तविकता वही देख सकता है तथा इससे स्थायी मुक्ति की अभिलाषा भी वही वरण कर सकता है, जो आस्थावान होकर संगम तट के अंश-अंश को अंगीकार करता है। यह दुर्लभ गति अप्रतिम है। इस गति में प्रवाहित होने का आत्मभाव विराट है। यह अपरिभाषित है। यह केवल और केवल अनुभव के वशीभूत है। महाकुंभ के पौराणिक उपक्रमों- जैसे शाही स्नान, अखाड़ा स्नान, साधु-संतों के स्नान, मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी के स्नान के सामानांतर इस मेले में उपस्थित होकर जो तटस्थ प्राकृतिक ऊर्जा सामान्य व्यक्ति को प्राप्त हो रही है।



आप का नजरीया

## सियासत में वैमनस्य भाव

जिस खेत का बीज बंट जाए, उसकी फसल की कीमत क्या होगी। सरकार की हाजिरी में विपक्ष की नाराजगी का एक पक्ष तो समझ आता है, लेकिन यहां तो सरहदें मापी जा रही हैं ईमानदारी के दस्तूर से। एक मत किसी को सरकार, किसी को विपक्ष बना गया, लेकिन यह क्या कि आपने जनता को बांटने के हर्फ सीख लिए। भाजपा विधायकों ने डंके की चोट पर विधायक प्राथमिक बैठकों का विरोध चुना था, इसलिए ये कांग्रेस के लिए, कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा खड़ी कर दी गईं। सरकार के दो वर्षों का फासला इतना बढ़ गया कि प्रदेश की छत के नीचे दो परस्पर विरोधी दीवारें टकरा रही हैं और ईंटें हिमाचल की हराम होने लगीं। भाजपा की घुटन का पैगाम सख्त है, इसलिए विधायक प्राथमिकताएं पांव रगड़ रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि बैठकें सजावटी हैं और चुने हुए विपक्षी विधायकों का अपमान सरकार की हर फाइल कर रही है। योजनाएं-परियोजनाएं बस छूकर चली जाती हैं या सरकार की कार्यशैली विपक्ष के प्रति ऐसा वैमनस्य भाव है कि बैठकों का बहिष्कार करना पड़ रहा है। यहां सवाल जनता की लोकतंत्र में भागीदारी तक उठता है। असल में विधायक प्राथमिकता बैठक है तो हलके की जनता की उम्मीदों की भागीदारी। जो भी गुण-दोष हैं, वे एकतरफा नहीं, बल्कि राजनीति के समंदर में मुद्दों की मछलियों का शिकार है। सारा ताना-बाना सत्ता की चमक और विपक्ष की धमक है, वरना प्रदेश को आगे बढ़ाने की ईमानदारी तो हर तरफ से कमजोर प्रतीत होती है। जो प्रदेश में विपक्ष है, वह केंद्र में सत्ता का शिखर है तो क्या वहां से निकली ईमानदारी हिमाचल पहुंच रही है। इधर हिमाचल में जिन्हें सत्ता मिली, क्या वो कांग्रेस सरकार ईमानदारी का परचम फैला रही है। बेशक दर्द के वाक्यात सत्ता के सीने में सुराख करके बैठे हैं और जिस घटनाक्रम में राज्यसभा की सीट कांग्रेस से खिसक गई, वह नींद हराम कर रही है। हम कहना यह चाहते हैं कि हमारे सामने स्वांग बदल कर दोनों पार्टियां अपने पैमानों में सियासत भर-भर कर जनता की लोकतांत्रिक भागीदारी को अभिशप्त करती रही हैं और यही मुकाबला आज विधायक प्राथमिक बैठकों तक पहुंच गया। विपक्षी विरोध की पीड़ा के आंकड़े और सबूत होंगे, लेकिन ऐसा भी क्या कि हर बार कोई विधानसभा क्षेत्र 'विपक्ष' की झोली में जाकर मजबूर हो जाता है। अचानक सत्ता की देखरेख में कुछ विधानसभा क्षेत्र चमक जाते हैं और अनेक अपाहिज हो जाते हैं। मसलन एक दशक की त्रासदी में केंद्रीय विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर जितने दंश भुगत रहा है, उन्हें हम भाजपा और कांग्रेस के बीच बराबरी से बांट सकते हैं। होते हैं यहां बड़े-बड़े खेल मियां, ये सियासी बिसात की सौदेबाजी है। हर कोई दुकान सजा के बैठा है और हम हर बार अपना वोट भुना रहे हैं। किसी ने विधायक प्राथमिकता बैठक में जाकर हमारे मत को भुनाया और कोई विरोध में बहिष्कार करके जनता के सवाल भुना रहा है। यह साबित करता है कि हिमाचल अब सत्ता का कुनबा बनकर प्रदेश के संसाधनों का दोहन कर रहा है। तमाम पद और पदवियां, योजनाएं-परियोजनाएं, मंच और मचान तथा समस्या और समाधान, इस बात पर निर्भर करते हैं कि आपका विधानसभा क्षेत्र किस तरफ बैठा है।

## अब भू माफियाओं का नायाब तरीका, न्यायालय का भी फर्जी विविध बना जमाबंदी कायम

- ➲जमाबंदी कायम करा गरीबों को दिया गया भूदान भूमि पर कब्जा
- ➲भूमिहीन बना रहा भूमिहीन, पदाधिकारियों से कारवाई की मांग
- ➲ना हजारीबाग ना चतरा में विविध बाद संख्या का कोई लेखा जोखा है मौजूद
- ➲मामले को लेकर भुक्तभोगियों ने टंडवा अंचल को लिखित आवेदन देकर भूमि वापस करने कि मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** इन दिनों भू माफियाओं का नायाब तरीका का मामला सामने आ रहा है। अब भूमाफिया अपर समाहर्ता चतरा और अंचल टंडवा का फर्जी विविधवाद बाजार से खरीद कर तथा उसका नकल बनवा कर तथा दावा ठोक गरीबों का भूमि को छीन ले रहे हैं। इसी मामले को लेकर टंडवा अंचल के खरिका गांव के 33 अनुसूचित समुदायों ने मिल कर टंडवा अंचलाधिकारी से उक्त भूमि को जांचोपरांत कब्जा मुक्त करा कर पुनः अनुसूचित गरीब परिवारों के बीच देने के लिए लिए गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में खरिका गांव निवासियों ने कहा है कि मेरे दादा मोती राम, पिता बढ़न राम ग्राम खरिका एवं अन्य 33 भूमिहीन लाभुको के नाम सन् 1998,89 में मौजा खरिका खाता संख्या 87,82 प्लॉट संख्या 199, 371, 408, 74, 990 में सभी भूमिहीनों को भूदान पर्चा दिया गया था। दिए गए पर्चा के आलोक में सभी पर्चा धारियों के नाम जमाबंदी कायम की गई थी। की गई जमाबंदी में सभी लोग जोत अबाद एवं घर मकान तथा सरकारी कुआं बना कर अब तक दखल कब्जा के साथ जोत अबाद भी जारी है। जबकि इसी खाता प्लॉट को ही संदीप कुमार सिंह वगैरह द्वारा न्यायल अपरसमाहर्ता हजारीबाग कार्यालय का विविधवाद संख्या 46/88/49/89 का फर्जी आदेश बाजार से बनवा कर उक्त न्यायल में ही फर्जी विविधवाद का आदेश न्यायल अपरसमाहर्ता में प्रस्तुत कर अंचल कार्यालय टंडवा द्वारा विविधवाद संख्या 22/6/7, 2006-2007 के आदेश दिनांक 5 जून 2008 के द्वारा सभी भूमिहीन पर्चाधारियों का जमाबंदी स्थगित करा दिया गया है। जिसे लेकर सभी भूमिहीन पर्चाधारियों ने न्यायल अपर समाहर्ता हजारीबाग के कार्यालय से अनेकों बार विविधवाद संख्या 46/88- 89 एवं 49/ 89 में पारित आदेश का नकल से संबंधित खोजबीन किया जा रहा है जिसमें अभी तक कोई साक्ष्य नहीं है ।वहीं विविधवाद की नकल की मांग कार्यालय से मांग करने पर कार्यालय हजारीबाग द्वारा उक्त विविधवाद का कार्यालय में कोई संधारित पंजी नहीं है ना इस विविधवाद द्वारा किसी को आदेश पारित की गई है। इस तरह फर्जीवाड़ा को लेकर अंचलाधिकारी टंडवा द्वारा स्थगित डिमांड को पुनः बहाल करते हुए ऑनलाइन लगान कायम पर्चा धारियों के नाम किया जाय। आगे मौखिक रूप में कहा है कि हम पर्चा धारी सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। आपको बता दें कि इसी तरह का मामला सिमरिया अंचल में किया गया था जहां सिंघम सीओ गौरव कुमार राय ने उक्त लोगों का जमाबंदी निरस्त कर 17 पर्चा धारियों को भूमि चिन्हित कर तथा मापी कर सभी को भूमि बोर्ड की बैठक कर दिया जा रहा है।

## किसानों को दिया रहा है तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा प्रशिक्षण किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण किसानों को दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बिदीप्म प्रभात कुमार चंदन कुमार चतरा के द्वारा दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलाया जाएगा। वहीं अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण में फसल सुरक्षा संबंधी उपाय एवं देखभाल तथा कीटनाशक दवाइयां की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सुमीरा देवी विकास कुमार पांडेय कृषक मित्र प्रसादी पासवान रोहित कुमार दांगी विनोद साहू सुनील कुमार साहू सहित 60 से अधिक किसान उपस्थित थे।

## गिद्धौर में जलसा ए दस्तारबंदी व प्यामे इंसानियत का आयोजन की तैयारी पूर्ण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मदरसा इमदादुल उलूम व इम्दादिया इंग्लिश मीडियम स्कूल गिद्धौर में जलसाए दस्तारबंदी व प्यामे इंसानियत का आयोजन शनिवार को किया गया है। मदरसा का संचालक ने बताया के इस जलसा में 26 बच्चों को हाफिज ए कुरान के सरों पर दस्तारे फजीलत बांधी जाएगी।इस जलसे में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी कई उलेमा व शायर उपस्थित होंगी। जलसा में मुख्य अतिथि हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहीद मुजाहिद जामिया रशीदुल उलूम चतरा एवं विशिष्ट अतिथि हजरत मौलाना अब्दुल्लाह शालीम कमर कासमी चतुर्वेदी, डायरेक्टर हुदा एजुकेशन अकेडमी बिहार मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। इस जलसे में हजरत मौलाना मोहम्मद अकरम साहब कासमी मोहतमिम जामिया हसना बिन सादिक जिला गिरिडीह,हजरत मौलाना मुफ्ती सनाउल्लाह कासमी काजि ए शरीयत हजारीबाग, हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद शहाबुद्दीन कासमी जनरल सेक्रेटरी जामिया तालिम झारखंड, एवं शायर जमालुद्दीन शाहब कोडरमा, असद आजमी इंटरनेशनल शायर आजमगढ़ यूपी,एवं तिलावते कुरान के लिए कारी सिकंदर साहब के साथ साथ कई उलेमे व शायर उपस्थित होंगी। मदरसे के संचालक कारी हसन इमाम शकिबी ने प्रखंड वासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अपील किया है।

## फसल सुरक्षा योजना को लेकर किसानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड के धनगड़ा पंचायत भवन में शुक्रवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया अरबिंद सिंह व संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ देवलाल उरांव, मुखिया अरबिंद सिंह, पसस उषा देवी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024-25 के अंतर्गत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय किसान प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के अभिजीत घोष के द्वारा फसल सुरक्षा के तहत रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि कृषक दानेदार यूरिया के जगह नैनो यूरिया का प्रयोग करें एवं जमीन के अंदर बैठने वाले सब्जियों अर्थात प्याज, आलू, लहसुन आदि फसलों में पोटाश का प्रयोग अधिक करें। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। साथ ही फसल चक्र एवं खेतों में उर्वरक क्षमता बढ़ाने हेतु चुन्ना का प्रयोग पर बल दिया गया। मौके पर जनसेवक गौतम केशरी, रोजगार सेवक सूरज पाठक, उपमुखिया सुषमा देवी व जीवन राम, जगदेव राम, सुगन साव, मो मुस्तफा, अभिषेक पांडे,पिंकी देवी, मथुरा गंझु रफीक मिया, बिनोद साव अशोक सिंह, मुकेश राणा समेत दर्जनों की संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### मनोज चंद्रा ने टेंट हाउस का किया फीता काट कर उद्घाटन

## सभी तरह का डेकोरेशन लाइट की सुविधा है मौजूद : निशिकांत ओझा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के हजारीबाग रोड बानासाड़ी छठ तलाब के समीप आर के लाइट का उद्घाटन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि जेएमएम नेता सह सिमरिया विधान सभा प्रत्याशी मनोज चंद्रा एवं उनकी अर्धांगिनी प्रेमलता चंद्रा ने पूजा अर्चना कर तथा विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत उक्त टेंट हाउस को फूलों फलों की कामना किया। वहीं आरके टेंट हाउस के संचालक निशिकांत ओझा ने कहा कि हमारे यहां डेकोरेशन का पूरा व्यवस्था है। यह डेकोरेशन का यूनिट कई जगहों पर है। हमारे यहां उचित खर्च में बेहतर शादी विवाह एवं आयोजन तथा पार्टियों में डेकोरेट किया जाता है। दिल्ली, पंजाब, हजारीबाग, बंगाल, रांची के तरह हमारे यहां डेकोरेट की सुविधा है। एक बार डेकोरेट करने के लिए अवसर हमें दें ताकि लोगों के लिए चर्चा का विषय बन सके। मौके पर मदन कुमार साहू के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## हाईवा का कहर जारी, महुआ पेड़ में मारी टक्कर चालक सुरक्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना अंतर्गत बघमरी मोड़ के समीप एक अनियंत्रित कोलवाहन हाईवा ने सड़क में स्थित महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे कोलवाहन हाइवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।और चालक बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि कोलवाहन कटकमसांडी से कोयला खाली कर चतरा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में बघमरी मोड़ के समीप वाहन अनियंत्रित हो गया। और एक विशालकाय महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक बाल बाल बच गया। मालूम हो की सड़क किनारे ऐसे कई सूखे पेड़ अभी भी मौजूद हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। पथ निर्माण के दौरान संवेदक को एनओसी नहीं मिलने के कारण इन पेड़ों को नहीं कटाया जा सका।

## जेएसएलपीएस सीएलएफ में सीएलएफ से जुड़े महिलाओं का करवाया जा रहा है तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत छः घरवा में संचालित क्लस्टर ऑफिस में तीन दिवसीय प्रशिक्षण महिलाओं को करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण बृहस्पतिवार से शुरुआत हुई है। शुक्रवार को दूसरे दिन का प्रशिक्षण करवाया गया है। सीएलएफ अध्यक्ष शीला कुमारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण में समुदायिक,आधारित संगठन का शासन एवं नेतृत्व बुनियादी संरचना के तहत प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण रांची जिला के सिल्ली ब्लॉक से आए लक्ष्मी देवी एवं पश्चिमी सिंहभूमि के खाटपानी ब्लॉक से आई सुखमति बांडरा के द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में कार्यकारिणी समिति निदेशक मंडल पदाधिकारी आम सभा एवं उप समिति की जानकारी दी जा रही है। सीएलएफ में आठ सिस्टम एवं प्रकार बताया जा रहा है। प्रशिक्षण में आईपीआरपी सुनीता देवी सीएलएफ सचिव सुमन कुमारी कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी सक्रिय महिला संगीता देवी लेखपाल शीला कुमारी के साथ दर्जनों महिलाएं उपस्थित हैं।

## वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन से संबंधित बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन से संबंधित बैठक की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। उप विकास आयुक्त ने केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा- माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से 1.00 बजे अपराह्न तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक परीक्षा-2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 11 फरवरी से 03 मार्च तक आयोजित होगी। माध्यमिक में 17771 और इंटरमीडिएट में 11838 परीक्षार्थी शामिल होंगे।इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए चतरा जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 17771 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## सिमरिया सुभाष चौक का होगा जीर्णोद्धार : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड सभागार कक्ष में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आईएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के अध्यक्षता में की गई। जबकि संचालन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया।बैठक में सिमरिया सुभाष चौक पर पूर्व में स्थापित किए गए स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चन्द्रबोस की प्रतिमा को प्रायः आए दिन भारी वाहनों द्वारा लापरवाह चालकों की लापरवाही से क्षतिग्रस्त किया जा रहा था। जिसकी सुरक्षा को लेकर बैठक में प्रतिमा को स्थानांतरण व जीर्णोद्धार तथा सुरक्षा प्रदान कराने के आवश्यक निर्णय लिया गया।जिसमें उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी सहमति जताते हुए नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को स्थानांतरण केशर हिंद भूमि पर करते हुए उक्त स्थान को पार्क का रूप दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रोहन साव, जिप सदस्य पूर्वी, पश्चिमी, उप प्रमुख, व विभिन्न पंचायतों के पंसस, थाना प्रभारी सिमरिया ट्रक एवं हाइवा एसोसिएशन अध्यक्ष कमाख्या सिंह, व्यापारी संघ सिमरिया, बस एजेंट उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय छात्रवृत्ति अनुमोदन व अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्राथमिक, मध्य एवं उच्च (वर्ग 1 से 10) के कुल 8414 छात्र-छात्राओं का सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला के सभी सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मनरेगा सप्ताह एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत किए जाने वाले वृक्षारोपण से संबंधित प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उपप्रमुख निशा शाहदेव व, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।इस विशेष कार्यक्रम का संचालन बीपीओ केतन गुप्ता मनरेगा के द्वारा किया गया। आज के इस कार्यशाला में मनरेगा सप्ताह अंतर्गत किए जाने वाले गतिविधियों एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपिएस, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, प्रखंड समन्वयक आवास, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक, सभी स्वयंसेवक, आवास मित्र, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं मनरेगा मजदूर/लाभुक उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में 100 दिन का कार्य पूरा करने वाले मनरेगा मजदूर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## महिला का गर्भ में पल रहे दो मांह के बच्चे की हुई मौत

### सरकारी नर्स ने अवैध नर्सिंग होम भेज कर गर्भपात करने का किया असफल प्रयास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता पूरे जिले में अवैध नर्सिंग होम, अवैध अल्ट्रासाउंड एवं अवैध गर्भपात रोकने के लिए मुहिम चला रखी है। वहीं दूसरी ओर बालूमाथ सरकारी अस्पताल में नाक के नीचे सरकारी कर्मियों की मिली भगत से धड़ल्ले से यह अवैध धंधा फल फूल रहा है।वही जांच के नाम पर बालूमाथ प्रशासन दो दिनों से सिर्फ खाना पूर्ति कर रिपोर्ट भेज रही है। इसका ताजा उदाहरण गुरुवार की देर शाम देखने को मिला।बालूमाथ हरिजन टोला निवासी शंकर भुइयां की पत्नी किरण देवी 20 वर्ष एक सप्ताह पूर्व अपने पेट में पल रहे बच्चे का जांच करने के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी जहां ड्यूटी में कार्यरत एएनएम रीना कुमारी ने उसे कुछ दवाइयां देकर एवं एक पुर्जा में अपना मोबाइल नंबर लिख कर दे दिया।व कहा कि किसी भी प्रकार का दिक्कत हो तो हमसे संपर्क करना।इसी बीच गुरुवार को महिला का रक्तरसाव होने लगा।महिला सरकारी अस्पताल के समिप पहुंचकर रीना कुमारी सरकारी नर्स द्वारा दिये गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया व रक्तरसाव की जानकारी दी ।इसके बाद रीना कुमारी ने महिला एवं उसके पति को बरगलाते हुए कहा कि तुम लोग टमटम टोला में जो नर्सिंग होम संचालित है उसमें पहुंच जाओ और साथ में पैसा भी लेते आना हम वहीं पर तुम्हारा अल्ट्रासाउंड एवम गर्भपात करा देंगे। इसी बीच बालूमाथ के कुछ सज्जन लोगों ने महिला के पति वह सरकारी नर्स की बातें सुन कर महिला से पूछताछ करने पर पूरी बात बताई ।उसके बाद उसे समझा बूझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर के जाँच उपरांत महिला के पेट मे पल रहे दो माह के बच्चे की मौत बताया गया उसके बाद डॉक्टर सुरेंद्र कुमार एवम एएनएम रीता टोप्पो द्वारा उसका निशुल्क एवम समुचित इलाज किया गया।इधर बालूमाथ बीडीओ एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा गठित टिम तीन दिनों से लगातार अवैध नर्सिंग होम एवं अवैध अल्ट्रासाउंड की छापामारी कर रहे हैं । फिर भी उन्हें एक भी सफलता नहीं मिली और नाक के नीचे उस महिला का अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड एवं अवैध गर्भपात करने की तैयारी सरकारी नर्स द्वारा कर ली गई और इसकी भनक ना तो स्वास्थ्य विभाग को लगी ना ही प्रखंड प्रशासन को जो बड़ा सवाल है।लोगों ने उपायुक्त से इस तरह के अवैध गोरख धंधा में संलिपित स्वस्थ कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**पहले भी लग चुका है एएनएम रीना कुमारी पर आरोप**

बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम रीना कुमारी पर पूर्व में भी मरीज को बरगलाकर अवैध नर्सिंग होम में भेजने, अवैध गर्भपात करने के एवज में मोटी रकम वसूलने, सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के एवज में पैसा मांगने का आरोप लग चुका है ।जिस पर तत्कालीन डीसी अबू इमरान ने एक जाँच टीम गठित कर जांच कराया था। जिसमें एएनएम रीना कुमारी पर लगे सारे आरोप की पुष्टि होने के बाद उसका स्थानांतरण चंदवा कर दिया गया था। लेकिन 6 माह के अंदर ऊंचे पैरवी के बदौलत वह पुनः बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरण करा ली है और फिर से इस तरह के मामले उभर कर सामने आ रही है जो जाँच का विषय है।

## खेल स्टेडियम में नियोजनालय जागरूकता सह मोबलाईजेसन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 6 एवं 7 फरवरी क, लेकिन को सी0 एम0 एक्सीलेंस स्कूल, जिला खेल स्टेडियम, लातेहार एवं सी0 एम0 एक्सीलेंस स्कूल (बालिका), लातेहार में नियोजनालय जागरूकता कार्यशाला - सह- मोबलाईजेसन सेमिनार समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार संतोष कुमार के द्वारा जिला नियोजनालय द्वारा दिये जाने वाले सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिला नियोजन पदाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पढाई के बाद आगे रोजगार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं के द्वारा सिविल सर्विसेस, बैंकिंग, नीट, एन0डी0ए0 एवं अन्य प्रतियोगिता संबंधित परीक्षा के विषय में पूछे गए प्रश्न का जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा बच्चों को जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में जिला नियोजनालय के कर्मी के अतिरिक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक भी उपस्थित थे।

## सड़कों पर अनाधिकृत रूप से वाहन लगाया तो खैर नहीं : राजीव रंजन




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगर आप अपनी बाइक या कार से शहर में निकलते हैं और किसी ऐसी जगह अपनी वाहन पार्क कर देते हैं, तो आप मुसीबत में पड़ सकते हैं। आपको जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। सड़क सुरक्षा और शहर में बढ़ते जाम की समस्या से निपटने के लिए उपायुक्त, लातेहार के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है।शुक्रवार को नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र में जिला परिवहन कार्यालय और नगर पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक और नगर प्रशासक राजीव रंजन मुख्य रूप से मौजूद थे।शहर के धर्मपुर चौक से सर्किट हाउस तक नो पार्किंग और सड़क पर अनाधिकृत रूप से वाहन लगाने वाले बस, टेंपो और कार चालकों से जुर्माना वसूला गया। बसों से दो हजार रुपये, टेंपो और कार से पांच हजार पांच सौ रुपये जुर्माना लिया गया। नगर पंचायत के द्वारा कुल नौ हजार रुपये राजस्व की वसूली वाहन जांच के दौरान की गई।मौके पर एमवीआई सुनील कुमार, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, अकाउंटेंट राहुल गुप्ता, और रोड सेफ्टी के इंजीनियर ऋषि कुमार भी उपस्थित थे। एसडीओ ने बताया कि यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे सड़कों पर अनधिकृत रूप से वाहन न लगाएं। साथ ही कहा कि सड़कों पर अनधिकृत रूप से वाहन लगाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विष्णुगढ भाजपा की बैठक में लिए गए अहम निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश द्वारा आदेशानुसार बूथ अध्यक्षो के चुनाव पश्चात चुनाव हेतु विष्णुगढ़ पश्चिमी के वर्तमान मंडल पदाधिकारियों, शक्तिकेन्द्र संयोजक, शक्तिकेन्द्र सह-संयोजक तथा बूथ अध्यक्षो के साथ एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की तथा संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया।बैठक जिले से नियुक्त इंद्र नारायण कुशवाहा तथा सहयोगी पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता एवं पूर्व सॉंसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद की उपस्थिति में की गई। इस महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक में पश्चिमी मंडल के 12 शक्तिकेन्द्रों में से लगभग सभी बूथ अध्यक्षो की उपस्थिति में कामकाजी बैठक को सम्बोधित करते हुए इंद्र नारायण कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ उनके देवतुल्य कार्यकर्ता है,इसी को ध्यान में रखते पार्टी के आधारस्तम्भ कार्यकर्ताओं को सदस्यता महापर्व अभियान में लगाया गया था। उसी सदस्यता अभियान से सक्रिय कार्यकर्ताओ में बूथ अध्यक्ष का चुनाव किया जाना है,और बूथ अध्यक्ष हीं आगामी 12 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष का सर्वसम्मति से अथवा चुनाव के माध्यम से चयन किया जायेगा।इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आप सबो के बीच प्रत्येक शक्तिकेन्द्रों में वर्तमान मंडल पदाधिकारी बतौर प्रभारी एवं सहयोगी नियुक्त किये गए है, जिसमे भेलवारा पंचायत में मंत्री राजेश सोनी, सहयोगी अशोक कुमार, सुखदेव मंडल, कुसुम्भा में मंत्री गौतम भारती, सहयोगी विकाश पाण्डेय ,रंजीत पासवान, खरना में कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई) सहयोगी सुरेश रजवार, रामधन माली, गैंडा में पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता सहयोगी रंजीत यादव, धर्मवीर यादव, बेड़ा हरियारा में पूर्व सॉंसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद सहयोगी झल्लू पंडित, दीपक कुमार रजक, विष्णुगढ़ में महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा, सहयोगी प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, अनूप कुमार कसेरा, चेडरा में उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, सहयोगी गौतम भारती, लखन प्रसाद अलपिटो में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, सहयोगी टेकलाल यादव, कन्हाई यादव, गोविंदपुर में मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, तिलेश्वर साहू, बकसपुरा में पूर्व महामंत्री शंकर प्रसाद बर्मन, सहयोगी मुरलीधर महतो, उत्तिम कुमार महतो, नवादा में भाजयुमो महामंत्री नीतीश कुमार बर्णवाल, सहयोगी बिसुन साव, लाटो साव, बनासो में शम्भूनाथ पाण्डेय, सहयोगी सुरेश राम, बिनोद कुमार गुप्ता, राजू यादव नियुक्त किये गए है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सॉंसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय, पूर्व महामंत्री शंकर प्रसाद बर्मन, उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, राकेश वर्मा(डब्लू सोनी), अशोक कुमार मंडल, मंत्री गौतम भारती, राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई), मीडिया प्रभारी जीवन सोनी,सुनील कुमार अकेला, महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, अनु.जाति मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार रजक, भाजयुमों मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार कसेरा, भाजयुमो मंडल महामंत्री नीतीश कुमार बर्णवाल, सुखदेव मंडल, सुरेश राम समेत सैकड़ो की सॅंख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आरएनवाईएम महाविद्यालय बरही में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएससी सेल के तहत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरएनवाईएम महाविद्यालय के मुख्य अतिथि के तौर पर परमेश्वर यादव, विशिष्ठ अतिथि सचिव शासी निकाय एडवोकेट रवि शंकर, चेयर पर्सन प्राचार्य डॉ विमल किशोर थे। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों की बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) की समझ को बढ़ाना और उन्हें बौद्धिक संपदा का मसौदा तैयार करने, दाखिल करने और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल से लैस करना था। वहीं प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने प्रेरणादायक संबोधन में बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷नवाचार और अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के आधार होते हैं। मौके पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीडी मोदी, डॉ महेश यादव, डॉ अशोक कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बद्री साव, प्रो. बबीता कुमारी, डॉ. अंजलि कुसुम ओम, समाजशास्त्र विभाग के डॉ अजय कुमार रंजन, इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अरुणा रानी, राजनीति शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डा. अजय रविदास, प्रो.संजय बक्शी, उर्दू विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ नैयर इकबाल, प्रो तमन्ना परवीन, समाजशास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ गिरधारी यादव, डॉ एसी बसु, डॉ अजय कुमार रंजन, दिनेश्वर प्रसाद यादव, नागेश्वर यादव, गामा कपद्दार, आनंद रतन सहित सैकड़े छात्र एवं छात्राओं उपस्थित हुए।

# बीडीओ ने पगार स्थित बिरहोर टोला का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** शुक्रवार को केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार द्वारा चट्टी बरियातू पंचायत अंतर्गत पगार ग्राम के बिरहोर टोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में बिरहोर टोला में संचालित स्कूल के बच्चों के बीच मिल रहे मिड डे की जांच की गई जिसमे सप्ताहिक मीनू के आलोक में भोजन वितरण किया जा रहा था व साथ ही एमडीओ कंपनी ऋत्विक द्वारा सभी बिरहोर परिवारों के बीच भोजन का वितरण किया जा रहा था । निरीक्षण के क्रम में टोला में निर्मित दो जल मीनार में एक ख़राब पाया गया जिस संबंध में पेय जल विभाग के कनीय अभियंता से बात करते हुए त्वरित सुधार करवाने का निर्देश दिया गया । टोला में महिलाओं द्वारा अगरबत्ती का भी निर्माण किया जा रहा था । इस पर बीडीओ द्वारा उक्त महिलाओं से बात - चित भी किया गया । प्रत्येक महिला द्वारा एक दिन में 700 से 800 अगरबत्ती का निर्माण किये जाने एवं कार्य के एवज में 80 से 100 रुपया आमदनी की बात बताई गई । टोला में काफ़ी समय व्यतीत करते हुए आदिम जनजाति के लोगो से हाल चाल एवं सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के विषय में परिचर्चा की गई। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार भी उपस्थित थे।

# मौलिक अधिकार के बिना मानवीय मूल्यों का विकास संभव नहीं : प्रो. बालेश्वर सिंह

- **गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान गौरव अभियान पर लेक्चर सीरीज का दूसरा दिन**
- **विभावि राजनीति विज्ञान के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार पर प्रशिक्षुओं को पढ़ाया पाठ**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सात फरवरी को संविधान गौरव अभियान पर लेक्चर सीरीज के दूसरे दिन बतौर मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष व डीन प्रो. बालेश्वर प्रसाद सिंह ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में 1215 ईसवी के मैग्नाकार्टा में राजनैतिक आजादी की गारंटी मौलिक अधिकारों की शुरूआती दौर के रूप में देखा जा सकता है। राजतंत्र से प्रजातंत्र तक जो राजनीति का विकास हुआ, वह मौलिक अधिकार के बिना संभव नहीं था। मौलिक अधिकारों को स्थगित नहीं किया जा सकता। भारतीय नागरिकों को प्रदत्त अधिकार संविधान की देन है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यदि देखा जाए तो ज्यादातर देशों ने उदारवादी जनतंत्र को अपनाया है जो राजनीतिक न्याय व समानता पर आधारित है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अनुच्छेद 32 को संविधान का हृदय व आत्मा माना है। यह अनुच्छेद न्याय, जवाबदेही और व्यक्तिगत अधिकारों के संरक्षण के लिए अहम है। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र, प्राचार्या डॉ वसुंधरा कुमारी सहित सभी सहायक प्राध्यापक व प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग 3 मार्च को लगाएगा रक्तदान शिविर, पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम संपन्न



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को गति देते हुए शुक्रवार को पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने पोस्टर का अनावरण कर इस आयोजन की सफलता की कामना की। यह रक्तदान शिविर समाज के उन जरूरतमंद मरीजों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिन्हें समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता। विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए यह शिविर संजीवनी साबित होगा, क्योंकि उन्हें नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। पिछले वर्ष 2024 में हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 130 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जबकि इस बार संस्था ने 170 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य सह कार्यक्रम सहसंयोजक रोहित बजाज,प्रमोद खण्डेलवाल,विकाश तिवारी,अभिषेक पांडे,प्रिंस कसेरा, कुल्तार सिंह, सनी सिंह सलूजा,कुणाल तिवारी एवं धीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थें।

# टेकलाल महतो की जयंती मनाने को लेकर इंडिया गठबंधन ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ झामुमो कार्यालय में शुक्रवार को झारखंड आंदोलन के जननायक मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक तथा गिरिडीह के पूर्व सांसद स्वर्गीय टेक लाल महतो की जयंती मनाने को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता टेको चंद महतो तथा संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक की शुरुआत प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए मृतकों की प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा मृतकों के आंकड़े छिपाने तथा लापता लोगों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 फरवरी को बिष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में झारखंड के जननायक टेकलाल महतो की जयंती भव्य समारोह आयोजित कर मनाया जाएगा। समारोह में सरकार के मंत्री, सांसद और विधायकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ-साथ वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की गई। जयंती को लेकर गांव में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का जिम्मा उपस्थित कार्यकर्ताओं को दिया गया।बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के सुरेंद्र मिश्र, टेको चंद महतो , महेंद्र राम, किशोर महतो, संजय कुमार महतो, भागीरथ महतो, नीलकंठ महतो, जय प्रकाश महतो,? मोहन रजक, बुद्धन महतो, दशरथ महतो, गुलाब राम, विजय कुमार, महादेव मंडल, सुरेश मंडल, जगदीश प्रसाद बर्मन, द्वारिका महतो, हीरामन महतो, महादेव महतो, कालेश्वर महतो, निरंजन महतो, मनोज रविदास, लालजी महतो, जाकिर हुसैन, चेत लाल महतो, गुरु प्रसाद साव समेत कई कांग्रेस और झारखंड मुक्ति

# स्व. रूपेश पाण्डेय की तृतीय पुण्यतिथि पर विधायक ने किया श्रद्धासुमन अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर नईटांड़ में बरही के बहुचर्चित हत्याकांड स्व. रूपेश पांडेय की तृतीय पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर सभी ने उन्हें नमन करते हुवे दोषियों पर कड़ी करवाई कि मांग की। बता दे कि पिछले 6 फरवरी 2022 को नईटांड़ निवासी 17 वर्षीय कॉलेज का छात्र रूपेश पांडे की सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान बहुचर्चित हत्याकांड हुई थी। रूपेश पांडे हत्याकांड का मामला सड़क से लेकर सदन तक जोरदार तरीके से गुंजा था। हालात पर नियंत्रण को लेकर प्रशासन द्वारा जिले व उसके आसपास में करीब 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा तक बंद कर दी गई थी।

# गैंगरेप के आरोप में पाँच युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ थाना पुलिस के द्वारा गैंग रेप के आरोप मे पांच युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस संबंध मे पीड़िता के द्वारा विष्णुगढ़ थाना मे आवेदन दिया गया था। दिये गये आवेदन मे बताया गया कि 03 फरवरी 25 को इनकी माँ सरस्वती पूजा में सम्मिलित होने हेतु गाँव के विद्यालय में गई हुई थी। पीडिता घर में अकेले थी,इसी क्रम में समय करीब 09.00 बजे रात्रि को किशोर नामक युवा पीडिता के घर पर आया था पीडिता को सरस्वती पुजा का देखने के लिए चलने को कहा, चुंकि पीडिता पुर्व से किशोर को जानती थी इसलिए उसके साथ सरस्वती मूर्ति देखने के लिए चली गई । किशोर पीडिता को मूर्ति देखने के बजाय ग्राम खरकट्टो स्थित धोबिनिया टांड अन्तर्गत एक अर्द्धनिर्मित मकान में ले गया तथा पीडिता के साथ मारपीट करते हुए बाजबरन दुष्कर्म करने लगा साथ मे पवन यादव पिता भुनेश्वर यादव, सोनु कुमार पिता किशुन साव, विक्की कुमार पिता हिरालाल साव, रेहन कुमार पिता रामेश्वर राम एवं संदीप कुमार पिता रमेश यादव सभी ग्राम खरकट्टो थाना विष्णुगढ जिला हजारीबाग भी उक्त स्थल पर पहुंच गये तथा पीड़िता के साथ बारी बारी से बाजबरन दुष्कर्म किये जिससे पीडिता बेहोश हो गई । 04 फरवरी 25 को समय करीब 04.00 बजे सुबह में पीडिता को होश आया तो वह अपने घर के आगे बने ओहरी में सोई हुई पाई। तत्पश्चात घर का दरवाजा खुलवाने पर सारी बाते अपनी माँ को बताई। पीड़िता को 06 फरवरी 25 को थाना लेकर आई । पीडिता के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर विष्णुगढ थाना कांड सं0- 20/25 दिनांक- 06.02.25 धारा- 70 (1) क्ष्न्न्ह्स अंकित किया गया। पुलिस अधी0 महोदय हजारीबाग के निर्देशानुसार अनु0पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें कांड के प्राथमिकी अभियुक्त 01. किशोर 02. पवन यादव 03. सोनु कुमार 04. विक्की कुमार 05 रेहन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# नाबार्ड-बंधन एनजीओ महिलाओं को बना रहा है सशक्त, व्यापार बढ़ाने के लिए बांटे सिलाई मशीन, ठेले व जरूरी सामान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग):** जिले के दारू और सदर प्रखंड के कई पंचायतों में नाबार्ड बंधन एनजीओ ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया। गरीब, असहाय और विधवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन, ठेले, ग्रॉसरी, मनिहारी और कॉस्मेटिक जैसे व्यावसायिक सामान वितरित किए। इस अवसर पर बंधन के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट बिप्लब घोष, असिस्टेंट मैनेजर तमल पाठक, सीनियर मैनेजर अकाउंट्स मुथैयला भास्कर, आईटी मैनेजर विश्वज्योति बसु, असिस्टेंट मैनेजर विकास देय, एरिया कोऑर्डिनेटर इमामुल हक, नाबार्ड अधिकारी, जिनगा पंचायत के उपमुखिया सुरेश साव टीम के सदस्य एवं कई लाभुक महिलाएं उपस्थित थी।महिलाओं को मिला आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसरइस कार्यक्रम के तहत, महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। बंधन एनजीओ की यह पहल न सिर्फ उनके जीवन में आर्थिक संबल प्रदान करेगी, बल्कि उनके आत्मसम्मान को भी बढ़ाएगी।स्थानीय लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की और महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभा सकेंगी।

# भाजपा मंडल कमेटी का पुनर्गठन होगा जल्द, 12 फरवरी तक सभी बुथों के अध्यक्षों का होगा चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** संगठन सदस्यता महापर्व 2025 अभियान के तहत भाजपा बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल की बैठक हरली पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में हुई। बैठक में बुथ अध्यक्षों की नई कमेटी के गठन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को कई दिशानिर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल के सभी बुथों में बुथ कमिटी के गठन के पश्चात मंडल अध्यक्ष एवं मंडल कमिटी का गठन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पुर्व मुखिया श्रीकांत निराला, महेंद्र महतो, महामंत्री दिनेश करमाली, भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता पुनम साहू, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, मंत्री किरिषणा गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष तिरवेणी महतो, भाजयुमो अध्यक्ष विजय यादव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष दानिश खान, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उमेश दांगी, भगीरथ ठाकुर, रवि कुमार दांगी, नागेश्वर महतो, शंकर सोरेन, लालदेव महतो, नीलेश कुमार, नवीन साव, विष्णु गुप्ता, बाबुलाल सोरेन, दासो तुरी, उमेश साव, सुरज कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# सीडीपीओ को बैठने के लिए कटकमदाग प्रखंड में कार्यालय कराया जाएगा उपलब्ध : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** प्रखंड बने एक दशक से अधिक समय हो गया लेकिन दो तीन विभाग का संचालन आज भी पुराने प्रखंड कटकमसांडी से संचालित हो रहा है , जिसके कारण विभाग से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस बाबत कटकमदाग बीडीओ शिव बालक प्रसाद ने कहा कि कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के आंगनवाड़ी सेविका को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए कटकमदाग प्रखंड में सीडीपीओ को बैठने कार्यालय उपलब्ध कराया जाएगा । इधर कटकमसांडी सीडीपीओ सावित्री देवी , पर्यवेक्षिका अनुसुइया कुमारी ने कहा कि कार्यालय उपलब्ध होने के बाद कटकमदाग प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के समस्या का समाधान इसी प्रखंड से किया जायेगा । हालांकि सीडीपीओ ने यह भी कहा कि कुछ विशेष कार्यो को लेकर सेविका , सहायिका को कभी कभार कटकमसांडी प्रखंड आना पड़ सकता है । बताया जाता है कि वर्ष 2007 में 31 पंचायत वाले कटकमसांडी को विभाजित कर नया कटकमदाग प्रखंड बनाया गया । लेकिन वर्तमान समय में दो पंचायत के नगर निगम में शामिल हो जाने के बाद अभी शेष 11 पंचायत रह गया है। कटकमदाग नया प्रखंड बनने के बाद भी आज समेकित बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग का संचालन पुराने प्रखंड कटकमसांडी से ही संचालित हो रहा है । जिसके कारण दोनों विभाग में काम करनेवाले कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । समेकित बाल विकास विभाग में कार्यरत कटकमदाग प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ता है । कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को बैठक या अन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जहां दो सौ से अधिक आवागमन में खर्च करना पड़ता है वहीं सारा दिन आने जाने में ही बर्बाद हो जाता है । वही केन्द्र में लाभार्थियों के बीच पोषाहार व अन्य सामान वितरण करने के लिए कटकमसांडी सामान रिसिव करने के लिए रिजर्व वाहन लेकर जाना पड़ता है । वही स्वास्थ्य विभाग आज भी पुराने प्रखंड कटकमसांडी से ही संचालित हो रहा है ।इस वजह से जो सुविधाएं आम लोगों को मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती है । लोगों का कहना कि जिस उद्देश्य से कटकमसांडी को विभाजित कर नया कटकमदाग प्रखंड बना आज वह उद्देश्य पर पानी फिर गया है ।इधर कटकमदाग प्रखंड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू ने राज्य सरकार से मांग किया है कि जो विभाग पुराने प्रखंड कटकमसांडी से संचालित हो रहा है उसका संचालन नये प्रखंड कटकमदाग से संचालित हो ।वही कांग्रेस नेता शारदा रंजन दूबे ने कहा कि राज्य सरकार के विभागीय मंत्री से मिलकर इस समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे ।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अब अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा, विधायक मनोज यादव ने किया उद्घाटन

- **बरही में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ करना है लक्ष्य : मनोज यादव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासोनोग्राफी सेवा की शुरुआत हो गई है। इस नई सुविधा का उद्घाटन बरही विधायक मनोज यादव ने फीता काटकर किया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को अब अपने क्षेत्र में ही अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब तक मरीजों को इस सुविधा के लिए निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें यहीं पर यह सेवा उपलब्ध होगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अल्ट्रासोनोग्राफी सेवा के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक डॉ इंद्रजीत और तकनीशियन शैलेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण ले लिया है, विधायक मनोज यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बरही में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में और भी जरूरी चिकित्सा सुविधाओं को अस्पताल में जोड़ा जाएगा, ताकि आम जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रिती गुप्ता, जीप प्रतिनिधी गुरुदेव गुप्ता, उपाधीक्षक अनुमंडलीय अस्पताल डॉ प्रकाश ज्ञानी, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, अस्पताल प्रबंधन समिति सदस्य सुरेन्द्र रजक, बीपीएम नारायण राम, स्थानीय मुखिया यास्मीन तब्बसुम, भाजपा नेता बिपिन सिन्हा, अमित केशरी, पंकज बर्णवाल, सचिन यादव, नागेश्वर यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रह्लाद कुमार, मृत्युंजय चौरसिया, भूपेंद्र यादव समेत स्वास्थ्य कर्मी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## प्रखंड सभागार डाडी में बीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी डाडी के अध्यक्षता में मनरेगा , आवास,15वे वित योजना एवं अन्य विकास से संबंधित योजनाओ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।मनरेगा दिवस (साप्ताहिक कार्यक्रम), एवं बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया है।उक्त बैठक में सभी पंचायत के पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवक ,बीपीओ,कनीय अभियंता ,सहायकअभियंता, जेएसएलपीएस के कर्मी एवं पदाधिकारी,पीएमए के प्रखंड समन्वयक, 15 वे वित के प्रखंड समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक का असामयिक निधन पर विद्यालय परिवार द्वारा की गई शोक सभा



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिटीजन फोरम के वरिष्ठ शिक्षक अरविन्द कुमार सिंह के असामयिक निधन पर विद्यालय परिवार द्वारा एक शोक सभा विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित की गई। साथ ही विद्यालय परिवार द्वारा दिवंगत शिक्षक को अंतिम विदाई दी गई। इस विद्यालय में उन्होंने 2000 में अपना पहला योगदान दिया था।हिंदी शिक्षक के रूप में अरविन्द कुमार ने बच्चों को शैक्षणिक योग्यता हासिल करने में सक्रिय रहे। वे विद्यालय के सीनियर शिक्षकों में एक थे।सभी बच्चों के साथ उनका संबंध मधुर व आत्मिक था।विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी। प्राचार्य उदय शंकर भट्टाचार्य ने इसे अपूरणीय क्षति बताया।शोक सभा में विद्यालय प्रबंधन की ओर से अरुण घोष,शिक्षक अशोक साहु,मदन सिंह, लखिन्द्र कुमार, विश्वजीत सिंह,नीलीमा मित्रा, सीमा देवी,कुमकुम कुमारी, नेहा कुमारी, शिया गुप्ता उपस्थित थे।अरविन्द कुमार कुछ दिनों से बीमार थे।

## सोसोकलां घटना पर कानूनी कार्यवाही करे प्रशासन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विसर्जन के दौरान रामगढ़ जिले के सोसोकलां और हेगल में हुए पत्थरबाजी की घटना पर राज्य के मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को स्वयं बयान देना चाहिए था,क्योंकि उनका ये ग्रह क्षेत्र भी है और इससे शांति व्यवस्था में प्रशासन को मदद मिलती पर ऐसा कुछ दिखा नहीं।उक्त बातें विज्ञप्ति के माध्यम से राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद् की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने कही।उन्होंने कहा की पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के वजह से कोई बड़ी घटना तो नहीं घटी लेकिन किसी की धार्मिक आस्था पर प्रतिबंध लगाने,महिलाओं को चोटिल करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की जरूरत है जिससे समाज में अमन शांति बनी रहे। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर भी प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए जो घटना और एफआईआर के बाद लोगों को भड़काने में लगे हुए हैं।अक्सर देखने को मिलता है की किसी घटना के बाद संतोषजनक कार्यवाही न होने के कारण समाज में कुंठा फैलती जिसका फायदा समाज में छुपे उन लोगों को मिलता है जिनकी दाल रोटी ही ऐसे विवादों की हवा देने से चलता है।अतैव प्रशासन को इसका भी ध्यान रखने की जरूरत है।

## गड़के सरना स्थल में सरना झंडागड़ी कार्यक्रम किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गड़के सरना स्थल में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरना झंडागड़ी कार्यक्रम किया गया द्य राजेश पहान के द्वारा सहयोगी पाहनों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की द्य पूजा के लिए डाड़ी से जल कलश में भरकर सरना स्थल सभी को आए द्य पर्यावरण की रक्षा की संकल्प लिया द्य साथ ही गांव की खुशहाली सुरक्षा और समृद्धि के लिए कामना कीद्य मौके पर राजेश पहान, भुवनेश्वर बेदिया, आरती मुंडा, रूपलाल मुंडा, अनु मुंडा ,किरण मुंडा, जीतू पहान, पंचम पाहन, आल्हामुनी, रामदुलारी मुंडा ,इंदु करमाली आदि कोई उपस्थित थे।

## सांसद, बड़कागाँव विधायक, पूर्व विधायक ने प्रयागराज महाकुम्भ मे सपरिवार आस्था की लगाई डुबकी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत देश के विश्व सुप्रसिद्ध स्थल पर 2025 का महाकुम्भ स्नान प्रयागराज स्थित गंगा-यमुना-सरस्वती त्रिवेणी संगम पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,बड़कागाँव विधायक रोशनलाल चौधरी,रामगढ़ पूर्व विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा सपरिवार संगम स्थल पर पहुँचे और आस्था की डुबकी लगाया, सांसद व विधायक ने भगवान भोलेनाथ से देश-प्रदेश सुख समृद्धि शांति व खुशहाली की कामना किया,इस अवसर पर रामगढ़ सदर पार्षद धनेश्वर महतो कुंदरू कला मुखिया किसुन राम मुंडा ने भी महाकुम्भ मे सपरिवार त्रिवेणी संगम पर प्रयागराज मे डुबकी लगाए इस मौके पर सांसद गिरिडीह की माँ कलावती चौधरी,धर्मपत्नी पूर्व विधायक सुनीता चौधरी,विधायक रोशनलाल के धर्मपत्नी डॉ रेखा चौधरी,वीणा चौधरी,सूरज चौधरी,रक्षित चौधरी, सोनल चौधरी,कुंदरूकला पूर्व मुखिया शीला देवी, पूनम देवी, ओमप्रकाश महतो, निशा कुमारी, संतोष मुंडा,शोभा कुमारी,सपना कुमारी सहित दो दर्जन से अधिक लोग शामिल थे

## जोगा मांझी का पुण्यतिथि मनाई गई

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाडी प्रखंड के रोयांग जोगा चौक मे स्वतंत्रता सेनानी स्व. जोगा मांझी जी के 30वें पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंची झारखंड सरकार के पूर्वमंत्री श्री जय प्रकाश भाई पटेल जी की धर्मपत्नी ललिता देवी। उन्होंने सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानी स्व जोगा मांझी जी के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए लोगो से कहा कि किसी भी समस्या के लिए बेझिझक आप सभी मेरे पास आइए मैं आपके समस्या के समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहूँगी।

## पतरातू भाजपा संगठन महापर्व कार्यशाला का किया गया आयोजन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंडल के अंतर्गत पंच मंदिर पंचायत भवन मे भाजपा संगठन महापर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति एवं संचालन महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा की गई कार्यशाला का मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह पतरातू मंडल संगठन चुनाव अधिकारी महेंद्र प्रजापति एवं सह चुनाव अधिकारी दशरथ कुर्मी उपस्थित थे।मण्डल कार्यशाला में अपेक्षित प्रतिनिधि मण्डल पदाधिकारी,सभी मण्डल मोर्चा अध्यक्ष,शक्तिकेन्द्र के संयोजक सह-संयोजक,मण्डल सगठण पर्व सहयोगी,शक्तिकेन्द्र सगठण पर्व सहयोगी,बूथ अध्यक्ष,स्थानीय निकाय मे चुने गए सदस्य वहीं मुख्य अतिथि महेंद्र प्रजापति ने कहा की पतरातू मंडल अंतर्गत 14 शक्ति केंद्र है जिसमें 64 बूथ है सभी शक्ति केंद्र में 14 चुनाव अधिकारी के रूप में अधिकृत मंडल अध्यक्ष के माध्यम से घोसना की गई है सभी शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्ष के साथ 12 सदस्य टीम एवं संयोजक सहसंयोजक का चुनाव 12 फरवरी तक जवाब देही जिम्मेवारी के साथ करनी है। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद,सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा,किशोर कुमार महतो,रंजन भगत,गणेश कुमार ठाकुर,रामेश्वर महतो,पंकज गुप्ता,मानसिंह,रामू कुमार,अशोक ठाकुर,सुरेश गिरी,विनोद प्रसाद,हरदेव प्रसाद,बृजेश पाठक इत्यादि उपस्थित थे।

# अंचल अपर समाहर्ता ने किया दाखिल खारिज मामलों के निष्पादन कार्यों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार 8 फरवरी 2024 को जिले के सभी 6 अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजलि कुमारी ने रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू एवं रामगढ़ अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने उपायुक्त द्वारा बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन अभियान मोड में करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में हो रहे हैं कार्यो का जायजा लिया। अपर समाहर्ता के द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाले शिविर के सफल आयोजन को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए।

**आवेदकों को शुद्धि-पत्र निर्गत करने का निर्देश**

08.02.2025 (शनिवार) को रामगढ़, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने सभी 06 अंचल अधिकारियों को पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची अनुसार म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सूची में उपलब्ध कराये गये मामलों में से कोई मामला सीआई या कर्मचारी के लॉगिन में पाया गया तो उनपर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निष्पादित मामलों के आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में शुद्धि-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया है।

**वरीय पदाधिकारियों को मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण का निर्देश**

शनिवार को आयोजित किए जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

*सयाल दक्षिणी पंचायत में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास*

## मुखिया मद से किया जा रहा सड़क निर्माण,ग्रामीणों को होगी आवागमन में सुविधा : जगदीश साव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल दक्षिणी पंचायत के चीफ हाउस दोत्तला स्थित शुक्रवार को सोहन होटल से मोती यादव के घर तक कुल लंबाई 293 फिट लंबी पीसीसी सड़क का शिलान्यास दक्षिणी पंचायत के मुखिया जगदीश साव,पंसस विजय साव, उपमुखिया रजनी देवी के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। बता दें कि यह पीसीसी सड़क 15 वी वित्त आयोग द्वारा निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क कि कुल लंबाई 293 फिट है। वहीं इस पीसीसी सड़क कि कुल लागत दो लाख उन्चास हजार तीन सौ रुपए है। वहीं सयाल दक्षिणी पंचायत के मुखिया जगदीश साव ने कहा कि यह सड़क काफी दिनों से खस्ताहाल था। आने जाने में ग्रामीणों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। वहीं मुखिया जगदीश साव ने यह भी कहा कि इस सड़क के बन जाने से चीफ हाउस दोत्तला कालोनी में रहने वाले लोगों को काफी सहुलियत होगी। लोग को अब आने जाने में कोई असुविधा नहीं होगी। वहीं इस मौके पर डा महेंद्र सिंह, बिरजू कुमार, हरेंद्र सिंह, गणेश साव,जय किशोर मेहता, राजेश यादव, नन्दलाल राय, स्वीटी कुमारी, अखिलेश महतो, संजय सोनी, बसंती देवी, अखिलेश सिंह,सोहन यादव आदि लोग मौजूद थे।

## प्रचंड गर्मी से पूर्व शुद्ध पेयजल आपूर्ति मुहैया कराना पहली प्राथमिकता होगी : मंत्री योगेंद्र महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखण्ड सरकार के जल संसाधन व पेयजल आपूर्ति मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो द्वारा अपने पैतृक गाँव मुरुबंदा चितरपुर मे जनता दरबार का आयोजन कर गोमिया विधानसभा की जन समस्या से अवगत हुए दर्ज़नों लोगों ने मंत्री के समक्ष अपनी अपनी क्षेत्र की विकास हेतू मंत्री से मुलाक़ात कर आवेदन दिया इस बाबत मंत्री ने लोगों की बातों को गंभीरता से लिया और आश्वासन भी दिया गया, सूबे के मंत्री योगेंद्र महतो ने एक प्रेस वार्ता मे कही की पुरे झारखण्ड प्रदेश मे घर घर तक़ नल से जल योजना के तहत बहुत जल्दी ही शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा,पेयजल विभाग द्वारा शीघ्र ही नल से जल झारखण्ड के हर गाँव-घर के चूल्हा तक़ पहुंचाना सरकार का मकसद है, पुरे प्रदेश बंद पड़े चापाकल की मरम्मत जल्द ही किया जाएगा जिसे गर्मी आने के पहले ही पूरा कर लिया जाएगा ताकि पीने का पानी के लिए कठिनाई नहीं हो सके मंत्री ने कहा की पुरे प्रदेश मे जलापूर्ति हेतू खराब पड़े जलमीनार को भी दुरुस्त कर नियमित रूप से पीने की पानी बहाल किया जाएगा और पेयजल की कठिनाई से शीघ्र लोगों को राहत मिलेगी।

## आचार्य श्री का प्रथम समाधि स्मृति दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में परम पूज्य विश्व वंदनीय आचार्य भगवन् श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस का आयोजन किया गया।आचार्य श्री अंतिम समय में उनके साथ रहे मुनिश्री 108 पूज्य सागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 अतूल सागर जी ससंघ के परम सानिध्य में समाधि दिवस का आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज रामगढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः नित्य अभिषेक एवं शांति धारा मुनिश्री के मुखारविंद से कराई गई। उसके बाद चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, मुनिश्री को शास्त्र भेंट किया गया तत्पश्चात विनयांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र चूड़ीवाल,मानिक पाटनी ,राजू पाटनी ,पंकज शास्त्री एवं योगेश सेठी आदि आचार्य श्री के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात मुनि संघ द्वारा आचार्य श्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया। अंत में मुनि संघ के सानिध्य में आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए । समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया मुनि संघ का प्रवास एवं सानिध्य हम सभी के अंधकारमय जीवन को आलोकित करता है , ऐसे आयोजन से समाज के सदस्यों में आचार्य श्री द्वारा बताए गए मार्गो को अनुसरण करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित दीपक शास्त्री एवं गायन हेमंत सेठी की टीम द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में कल सौरभ अजमेरा, सुनील छाबड़ा,विकास रपरिया ,अमित काला, देवेंद्र गंगवाल, कमल पाटनी, नितिन पाटनी, महावीर गंगवाल, पदम छाबड़ा, प्रकाश अजमेरा,अशोक चूड़ीवाल, अरुणा जैन ,खुशबू चूड़ीवाल, ममता गंगवाल,रेनू चूड़ीवाल, मीना पाटनी, प्रिया पाटनी, प्रीति गंगवाल, श्रीकांता गंगवाल, उषा सेठी, सुनीता सेठी, उषा अजमेरा, रीना रपरिया, गिनिया सेठी, कुसुम पाटनी, शारदा अजमेरा,आदि श्रद्धालुओं ने अपना विशिष्ट योगदान दिया। उपरोक्त् जानकारी जैन समाज के। मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

*शांति निकेतन विद्यालय उरीमारी के दशवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई*

## सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े बच्चे, सफलता अवश्य मिलेगी : नरेश करमाली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** शांति निकेतन विद्यालय बगरैया उरीमारी के छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। वहीं इस विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विधालय के निदेशक नरेश करमाली ने कहा कि वाकई में विदाई का पल दुखदाई होता है।लेकिन मैं आप सबो को विधालय से विदा तो नहीं कर रहा हूं पर विधि के विधान के अनुसार आगे आप सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो इस बात को ध्यान में रखते हुए विदाई दी जाती है। आप सभी अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा दें और अच्छा रिजल्ट करें यही मेरी शुभकामना है। सभी छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय का दरवाजा हमेशा खुला है। कभी भी कमी महसूस होने पर विद्यालय आकर मिलें और अपनी समस्या को रख सकते हैं।सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें सफलता अवश्य मिलेगी।वहीं प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आप अभी दसवीं की परीक्षा देने जा रहे हैं तन मन से पढ़ाई करें और अपना रिजल्ट अच्छा करें।आप सबों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल कूद का हो या कला कौशल का प्रतिभा के क्षेत्र में इस विद्यालय के पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अव्वल हैं। समय के पाबंदी को महत्व देते हुए जिसने समय को पकड़ लिया वह आगे बढ़ जाता है। कठिन परिश्रमी बनें और हमेशा अच्छा करने की सोच रखें। देश और राष्ट्र के लिए कुछ करने की मन में चेष्टा बनाए रखकर आगे की तैयारी करें देश का भविष्य आपके कंधों पर है। वहीं इस मौके पर शिक्षक राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, रंजीत करमाली, राजू बेसरा, पूनम सरोज किंडों, अर्चना कुमारी,सूरज कुमार, सुशील कुमार, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, बिनोद हांसदा, पूनम भारती, एवं कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## श्याम बाबा मंदिर में ऊपरी गुंबद में विशाल निशान स्थापित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर मैं पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सुबह से ही पांचो यजमान श्री ओम प्रकाश अग्रवाल श्री राधे श्याम मोदी श्री विष्णु पोद्दार श्री ऋषभ पटवारी, संजय जी अग्रवाल मथुरा वाले, के अलावा दैनिक जजमान में मुकेश बौंदिया जी विवेक अग्रवाल राजेश पटवारी पूर्ण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल राजेश बंसल द्वारा, दैनिक जजमान के अंतर्गतपूजन का कार्यक्रम बनारस से आए विद्वान पंडित लोकेंद्र जी मिश्रा की टीम के द्वारा आरंभ कर दिया गया। श्री श्याम प्रभु के विग्रह को विश्राम देते हुए वस्त्र ओड़ा दिया गया। आगे घनत्व को की भारी भीड़ बाबा की दर्शन का इंतजार करते हुए इंदिरा अग्रवाल महेश सैंडी विष्णु शर्मा एवं कमल बागड़िया के द्वारा भजनों में आनंद विभोर हो रही थी। बाबा के पट दर्शन हेतु खुलने के इंतजार में लोग अति उत्साह में बैठे हुए थे। बार-बार आग्रह के बावजूद भी भीड़ अत्यधिक बढ़ती जा रही थी। बाबा के मैज नाइन फ्लोर में भी लोग दर्शन के लिए इंतजार में जाकर खड़े हो गए। पश्चात पांचवी जजमानों के द्वारा मंदिर के ऊपरी भाग में हवन का कार्यक्रम शुरू हुआ। सूरजगढ़ से आए हुए हजारीमल जी इंदौरिया के द्वारा विशाल निशान लाया गया था जिसे मंदिर के ऊपरी गुंबद में स्थापित किया गया। 367 साल से सूरजगढ़ का यह परिवार अपने सभी सदस्यों सहित पैदलयात्रा करते हुए खाटू में प्रवेश करते हैं सहित पहला निशाना बाबा के मंदिर में चढ़ाते हैं, उसके बाद दूसरे निशानों को चढ़ाया जाता है। मंदिर की ऊपरी ताले में हवन का कार्यक्रम शुरू हुआ पांचो चश्माओं ने हवन किया एवं बारी-बारी से अन्य सभी उपस्थित पारिवारिक सदस्यों ने श्याम भक्तों ने भी हवन में हिस्सा लिया। ठीक एक शव बजे के आसपास मंदिर की घंटियां बजने लगी बाबा के जय कारे होने लगे और बाबा का पट खुल गया। कई भक्त आंखों से अश्रु प्रभाव में डूबते नजर आए। श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरी अरदास लाया हूं, दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, ऐसी भजनों में भाव विभोर हो रहे थे। वर्षो से मांगी हुई मन्नत आज आंखों के सामने पूरी हो गई।

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता सह नामांकन शिविर आयोजित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची और सीएससी, रांची द्वारा संयुक्त रूप से पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता सह नामांकन शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है।यह कार्यक्रम पंचायत भवन, सुकरीगढ़ा, रामगढ़ में उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के संयोजक गौरव, सहायक निदेशक द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपङ्करेखा से अवगत कराया एवं यह बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं ङ्क कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले।उन्होंने यह भी बताया किइस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रूपए 500/- प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण उपरान्त टूल किट हेतु 15 हजार रूपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे।

## अरगड्डा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के ऊपर से बिजली झटका लगने से एक व्यक्ति की मौत, शव 4:30 घंटे तक पड़ा रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में बरवाडीह -गोमो पैसेंजर ट्रेन 53348 के ऊपर से बिजली झटका तेज आवाज के साथ एक शक्स प्लेटफार्म पोल संख्या 97 /10ए, अरगड्डा 1012 के पास गिरकर मौत हो गई. घटना में व्यक्ति के हाथ, शरीर, माथा झुलश गये, माथे पर भी चोट लगी थी, सूचना के बाद आरपीएफ बरकाकाना घटना के कुछ देरी के बाद मौके वारदात पर पहुंच गई .लेकिन जीआरपी के नहीं आने के कारण शव प्लेटफार्म पर साढ़े चार घंटो से अधिक समय तक पड़ा रहा. इससे मानवता शर्मसार हुई. यात्रियों में डर और भय का वातावरण बना रहा. इस संबंध में अरगड्डा स्टेशन मास्टर (एसएस) अशोक राम से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि बरवाडीह- गोमो पैसेंजर ट्रेन आने के बाद दोपहर 12-19 में ट्रेन के समीप तेज आवाज हुई और एक व्यक्ति की मौत हो गई. इसकी सूचना वरीय रेलवे प्रबंधन को दे दी गई है. लेकिन दूसरी ओर संध्या 4-30 के बाद तक जीआरपी घटना पर नहीं पहुंच पाई थी. जिसके कारण शव 4-30 घंटे से अरगड्डा स्टेशन के चापानल के समीप पड़ा हुआ था. आस-पास के ग्रामीण शव को देखने के लिए पहुंच रहे थे. लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई थी. अज्ञात व्यक्ति के ब्लू काला चेकदार हाप गंजी, टाउजर पहने हुए हैं. उम्र तकरीबन 45 होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ के द्वारा एक दिवसीय दिया गया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ के तत्वाधान में अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अचानक और अन्याय पूर्ण निर्वासन के खिलाफ में एक दिवसीय धरना दिया गया इसके अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष श्री मुन्ना पासवान ने किया। धरना में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि निर्वासित व्यक्तियों को मानवीय हिरासत की स्थिति, यात्रा के दौरान हथकड़ी लगाए जाने और वित्तीय तबाही का सामना करने सहित गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इस तरह का व्यवहार उनके गरिमा का घोर उल्लंघन है और हमारे देश की छवि को धूमिल करता है। हमारे नागरिकों के लिए खड़े होने और मानवीय व्यवहार की मांग करने के बजाय सरकार शर्मनाक तरीके से इन कार्रवाइयों को उचित ठहरा वैश्विक मंच पर हमारे नागरिकों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा करने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही हैं। मौके पर मुकेश यादव, संजय साव,रूपेंद्र महतो, दिगंबर गुप्ता, विनोद नायक, अनिल नायक, राजन करमाली, अजमल हुसैन,उपेंद्र वर्मा, मोहम्मद सलीम इत्यादि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रथ को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि प्रचार रथ 6 दिनों तक सभी प्रखंडों के पंचायत में भ्रमण करेगा। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन, एचआईवी /एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य ट्रांसजेंडर पेंशन योजना, सर्वजन पेंशन के अलावा राज्य सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगा।इसके अलावा केंद्र सरकार की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी।इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम (सप्लाई) जियाउल अंसारी, डीएलओ राम नारायण खलको, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा के अलावा अन्य

## डीएवी बनियाहीर में जादू प्रदर्शन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी बनियाहीर के प्रांगण में विख्यात जादूगर एस कुमार और जादूगरनी माया और उनके सहयोगियों के द्वारा बच्चों के मनोरंजन हेतु एक मनोरंजक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। जादूगरनी माया के द्वारा हवा में झूलना, कागज़ को फूल में परिवर्तित करना आदि विस्मय कारी कार्यक्रम की प्रस्तुत किया गया। इस अविश्वशनीय कार्यक्रम को देख छात्र आश्चर्यचकित थे।इस कार्यक्रम का छात्रों ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पाणिनि ने कहा कि परीक्षा से पूर्व का यह कार्यक्रम बच्चों के मन में उत्साह भरेगा और परीक्षा से पूर्व उतपन्न तनाव से मुक्ति प्रदान करेगा। कार्यक्रम के सफल सम्पन्न होने पर उन्होंने सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भारत को अपमानित करने का कार्य किया है ट्रंप सरकार ने : अनुपमा सिंह



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने अमेरिका से निर्वासित कर डिपोर्ट किए गए 104 भारतीय नागरिकों को हाथों में हथकड़ीयां और पांव में बेड़ियां डाल कर 40 घंटे की लंबी यात्रा और सभी के लिए सिर्फ एक शौचालय जिसमें महिलाएं बच्चे भी शामिल थे, अपमानित कर गुलामी की तरह अमानवीय तरीके से सैन्य विभाग से भेजने के मामले में कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए मोदी सरकार से इस अमानवीय कृत्य पर 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान के लिए राजनीति से ऊपर उठकर अमेरिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। अनुपमा सिंह ने कहा की आज हमारे देश के नागरिकों का सीना छलनी है जब कोलंबिया जैसा छोटा सा देश अमेरिका को आंख दिखा कर अमेरिका के सैन्य वापिस भेजने का काम किया, अपने नागरिकों को अपमानित होने से बचाया और सम्मान पूर्वक अपने विमान से वापस लेकर आए। भारत सरकार ने ऐसा क्यों नहीं किया? प्रवासी होना अपराध नहीं है। केवल भारत के लोग ही नहीं हैं अमेरिका में। इतिहास में पहली बार अमेरिका सरकार ने अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के लिए सैन्य विभागों के साथ-साथ अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया है जिससे हमारे देश की छवि धूमिल हुई है जो वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।

## डीएवी किड्स विंग वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल खेल ग्राउंड में बच्चों को खेलों के साथ जोड़ने के लिए किड्स विंग वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय पदाधिकारी एन एन श्रीवास्तव ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। वहीं दूसरी ओर अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रख कर प्रतिदिन 10 से 15 मिनट कसरत एवं खेल के प्रति प्रोत्साहित करें। खेलकूद से बच्चों में आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी होती है। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों के बीच बैलून रेस, रैबिट रेस, जलेबी रेस, मैथ मैजिक रेस, रिले रेस एवं अन्य कई तरह के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षिका मौसमी दास के साथ-साथ किड्स विंग के सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## सीओ के आदेश के बाद भी कर्मचारी नहीं काट रहे हैं रसीद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने तेतुलमारी, गोविंदपुर, कतरास, बरवाअड्डा, चिरकुंडा सहित जिले के अन्य क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में कतरास के लकड़का से आए व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि बाघमारा के अंचल अधिकारी के आदेश के बावजूद अंचल कार्यालय के कर्मचारी द्वारा लगान रसीद नहीं काटी जा रही है। भूली आजाद नगर से आई महिलाओं ने भूमाफियाओं द्वारा जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि जमीन की मापी हो गई है परंतु अंचल कार्यालय ने जमीन चिह्नित नहीं की है। इसके अलावा सेवा के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद अनुकंपा पर नियुक्ति करने और पावना का भुगतान करने, जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा करने, जबरन मकान हड़पने, अबुआ आवास दिलाने, अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा दिलाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ की समिति के निर्वाचन को लेकर बैठक संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्य समिति एवं केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन को लेकर संघ की एक आवश्यक बैठक हाउसिंग कॉलोनी, एच आई वी 27 में महामंत्री अवधेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने की। बैठक में संघ द्वारा किए गए कार्यो की रिपोर्ट और अंकेक्षित लेखा विवरण को कोषाध्यक्ष के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आगामी कार्यकाल के लिए पदाधिकारी का निर्वाचन के लिए सर्वसम्मति से केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन के लिए महामंत्री ने काशीनाथ प्रसाद को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। निर्वाचन पदाधिकारी काशीनाथ प्रसाद ने चुनाव अधिसूचना जारी की जिसके अनुसार अगामी 25 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया चलेगी। 26 फरवरी को नामांकन पत्रों की जाँच एवं 27 फरवरी को मतदान और उसी दिन मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जायेगी। निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए वे कटिबद्ध हैं। मौके पर सुनील सिंह, उदय शर्मा, काशीनाथ प्रसाद, सुमेश कुमार पाण्डेय, रंजीत कुमार यादव गुड्डु, रामनन्द प्रसाद, शंकर सिंह, कामेश्वर यादव, गंगा सिंह, गनौरी मिस्त्री, फैजान करीम, संजय मंडल के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सीएमपीडीआईएल द्वारा निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शुक्रवार को सीएमपीडीआईएल धनबाद के द्वारा एवं नव भारत जागृति केंद्र के सहयोग से गोविंदपुर प्रखण्ड के महूबनी पंचायत अंतर्गत डुमरियाटंड गांव में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसका उदघाटन सीएमपीडीआईएल धनबाद, क्षेत्रीय संस्थान दो के क्षेत्रीय निदेशक संजीव एम सिंह एवं नोडल अधिकारी नवीन कुमार के द्वारा किया गया। नेत्र जांच शिविर में महूबनी पंचायत के दूर दराज के ग्रामीणों ने भाग लिया और नेत्र जांच शिविर का लाभ लिया। सीएमपीडीआईएल धनबाद, क्षेत्रीय संस्थान 2 के क्षेत्रीय निदेशक संजीव एम सिंह ने बताया कि यह नेत्र जांच शिविर गोविंदपुर प्रखंड के गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों को मुफ्त में उच्च गुणवत्ता वाली किफायती सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लगाई गई है। शिविर में आंखो से सम्बंधित आधारभूत समस्याओं का पता चलने पर निःशुल्क चश्मे, आई ड्रॉप और अत्यधिक बुजुर्ग अथवा विकलांग व्यक्तियों के हाथ की छड़ी प्रदान की जा रही है। शिविर से करीब 150 लोगों को फायदा मिला।कार्यक्रम का सफल संचालन में नव भारत जागृति केंद्र के कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार शर्मा, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक मोसेस चौहान, प्रमुख ऑप्टोमेट्रिस्ट गौरव पांडे, अर्जुन यादव, प्रत्याशा प्रभा, चंदन कुमार, मंटू कुमार, यशिका सिंह, सोनाली कुमारी, रवि कुमार, संदीप कुमार, कैंप ऑर्गेनाइजर उज्ज्वल बाउरी, अर्जुन रजक, सुखविंद्र टुडू, कलीम अंसारी, अमानुल्ला अंसारी आदि का योगदान महत्वपूर्ण रहा।



## बेड़ियों में हिंदुस्तान नहीं सहेंगे ये अपमान : कांग्रेस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में अमेरिका में हो रहे भारतीय नागरिकों को अमानवीय तरीके से अपमानित कर के सैन्य जहाज से भारत भेजे जाने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय रणधीर प्रसाद वर्मा चौक पर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। नेताओं ने कहा की हमें उम्मीद थी कि भारत सरकार की ओर से विदेश मंत्री अपनी बात रखेंगे, हमारे लोगों को पैर में जंजीर बांध कर आतंकवादियों की तरह क्यों लाया गया।


## AFFIDAVIT

**BEFORE : THE NOTARY PUBLIC : DHANBAD**

I, SAJJAD ALI, Son of Faquir Mohammad, Date of birth - 09.06.1975, by faith - Muslim, by occupation - Business, R/O - Near Old Imam Bara, Qumar Makhdumi Road, Wasseypur, P.O. - Wasseypur, P.S. - Bank More, District - Dhanbad, Pin - **826001** (Jharkhand) ; do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows : -

**1)** That, my name is SAJJAD ALI having my Aadhaar card no. is **8134 5188 1976.**

**2)** That, prior to this, I have already obtained Passport from the Passport Authority PATNA, date of issue **07.10.1994** therein, my name has been mentioned as MOHAMMAD SAJJAD ALI vide Passport No. **T 073088.**

**3)** That, I do hereby declare that SAJJAD ALI & MOHAMMAD SAJJAD ALI is one and same person, who is myself, but my actual and correct name is SAJJAD ALI.

**4)** That, now I wish to obtain Passport from the competent authority (Passport authority) wherein my name should be mentioned as SAJJAD ALI.

**5)** That, I have concealed nothing and there is nothing false statement in it.

**6)** That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concerned to confirm my actual name & for needful.

**SERIAL NO. : 16**
**DATE : 06/02/2025**

**SAJJAD ALI : DEPONENT**

## पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) /पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा सं.: C-710-PEH-B-GCT**

**1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** पाथरडीह–B-(PEH) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। **2. पाथरडीह स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत:** रू.34,50,31,415/– **3. ब्याने की राशि:** रू. 3,45,03,200/– **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 03.03.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 03.03.2025 को 15:30 बजे से। **5. वेबसाइट, का विवरण: www.ireps.gov.in**

ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी / समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/02069/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/36

## शपथ पत्र

मै केसरी भारती कुमारी उर्फ केसरी कुमारी निवासी ग्राम नईटाड, पोस्ट खुरचुटा थाना -बेंगाबाद जिला गिरिडीह शपथ पूर्वक बयान करती हुँ कि मेरी उम्र लगभग 21 बर्ष है, मै केसरी भारती कुमारी उर्फ केसरी कुमारी दोनों नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मेरी शद्ध नाम केसरी कुमारी है इस नाम से मेरा आधार कार्ड, वोटर कार्ड या अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में नाम केसरी कुमारी दर्ज है जबकि बैंक आफ इडिया शाखा छोटकी खरगडीहा में मेरा पुकारू नाम केसरी भारती कुमारी दर्ज है।

इस नाम का व्यक्ति मेरे अलावे गांव मोहल्ले में अन्य कोई नहीं है, मैं अपनी शुद्ध नाम केसरी कुमारी प्रमाणित करने हेतु शपथ पत्र सामिल कर रही हूँ।

मै केसरी भारती कुमारी ऐतद द्वारा घोषणा करती हुँ कि उपरोक्त बाते सही व सत्य है।

## Government of Jharkhand
## Department of Information Technology and e-Governance
## 3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004

**Cancellation Notice**

It is to inform that the tender reference no. ASA & AUA/KUA Audit-06/2024-25 against advertisement PR. No. 343680 has been cancelled due to unavoidable circumstances.

**Sd/-**
**(Bhim Rabidas)**
**Deputy Secretary to Government**

PR 345992 (Information Technology)24-25*D

## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
## विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉची।
## शुद्धि पत्र

एतत् द्वारा इस कार्यालय के पत्रांक– 338 दिनांक– 22.01.202 से प्रेषित तथा पी0 आर0–345035 Energy(24-25) D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–Energy/EWD/Ranchi/110-2024-25 की तिथि निम्नवत् संशोधित किया जाता है :–

| | |
|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.02.2025 |
| निविदा जमा करने की तिथि | 08.02.2025 के 10.30 बजे पूर्वाहन से 13.02.2025 के 2.00 बजे अपराहन तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 14.02.2025 को 3.00 बजे अपराहन में |

शेष अंश यथावत रहेगा।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 346016 Energy(24-25)D

## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

''ईरबा–ओरमांझी–रूक्का–सालहन–गोंदलीपोखर पथ, पुल एवं सम्पर्क पथ परियोजना''

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–सालहन (शीट नं0–1), सालहन (शीट नं0–2), थाना सं॰–15, अंचल–अनगड़ा एवं ओरमांझी, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना– ''इरबा–ओरमांझी–रूक्का–सालहन–गोंदलीपोखर पथ, पुल एवं सम्पर्क पथ परियोजना'' अतिरिक्त हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–सालहन (शीट नं0–1), सालहन (शीट नं0–2), थाना सं॰–15, अंचल–अनगड़ा एवं ओरमांझी, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा क्रमशः – **0.535, 0.6425, 3.035,** एवं **0.27** एकड़ कुल रकबा–8.54 भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

मौजा–सालहन (शीट नं0–1)

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 1 | 127 | 2287 | – | – | 0.40 | गैरमजरुआ मालिक | 2287 भाग | 2287 भाग | रास्ता | जंगल |
| 2 | 58 | 841 | काएमी | दोन–III | 0.08 | दिनेष चौधरी, पिता–रमेष चौधरी वगै0 | 841 भाग | रास्ता | 842 | रास्ता |
| 3 | 142 | 846 | काएमी | दोन–III | 0.30 | वकाष्त मालिक | 842 | रास्ता | 844 | 846 भाग |
| 4 | 135 | 942 | काएमी | टांड़–II | 0.12 | वकाष्त मालिक | रास्ता | उपर भाग | 848 | 947 |
| 5 | 143 | 848 | काएमी | मोटा आर | 0.06 | गैरमजरुआ मालिक | रास्ता | तालाब | रास्ता | 943 |
| | | | | **कुल** | **0.96** | | | | | |

**मौजा–सालहन (शीट नं0–2)**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प0 |
| 1 | 143 | 1223 | – | परती कदीम | 0.02 | गैरमजरूआ मालीक, खेवट सं0–7 | रास्ता | 1224 | रास्ता | 1222 |
| 2 | 142 | 1224 | – | | 0.06 | वकाष्त मालीक | 1223 | 1695 | रास्ता | 1224 भाग |
| 3 | 75 | 1236 | काएमी | टांड़–I | 0.02 | अखीलनाथ चौधरी वल्द भाउ चौधरी | 1645 | 1237 | रास्ता | 1235 |
| 4 | 75 | 1237 | काएमी | टांड़–I | 0.01 | अखीलनाथ चौधरी वल्द भाउ चौधरी | 1236 | 1238 | रास्ता | 1236 |
| 5 | 75 | 1238 | काएमी | टांड़–I | 0.03 | अखीलनाथ चौधरी वल्द भाउ चौधरी | 1237 | 1239 | रास्ता | 1236 |
| 6 | 02 | 1341 | – | टांड़–II | 0.08 | वकाष्त | 1239 | 1344 | रास्ता | 1341 भाग |
| 7 | 02 | 1344 | – | टांड़–II | 0.03 | वकाष्त खेवट नं0–3 | 1341 | 1345 | रास्ता | 1344 भाग |
| 8 | 02 | 1345 | – | दोन–III | 0.11 | वकाष्त खेवट नं0–3 | 1344 | 1346 | रास्ता | 1344 |
| 9 | 119 | 1346 | काएमी | टांड़–II | 0.02 | सुधुवा महतो वल्द भुखल महतो | 1345 | 1347 | रास्ता | 1344 |
| 10 | 119 | 1347 | काएमी | टांड़–II | 0.0025 | तदैव | 1346 | 1348 | रास्ता | 1344 |
| 11 | 33 | 1480 | काएमी | टांड़–II | 0.01 | सखुआ महतो वल्द जीतराम महतो | रास्ता | 1481 | 1481 | 1348 |
| 12 | 33 | 1481 | काएमी | दोन–III | 0.01 | तदैव | रास्ता | 1480 | 1479 | 1480 |
| 13 | 33 | 1479 | काएमी | टांड़–II | 0.03 | तदैव | रास्ता | 1479 भाग | 1478 | 1480 |
| 14 | 33 | 1478 | काएमी | टांड़–II | 0.10 | तदैव | रास्ता | 1477 | रास्ता | 1479 |
| 15 | 94 | 1477 | काएमी | टांड़–II | 0.15 | रामनाथ महतो वल्द मेघनाथ महतो | 1478 | 1476 | रास्ता | 1462 |
| 16 | 94 | 1476 | काएमी | टांड़–II | 0.03 | तदैव। | 1477 | 1475 | रास्ता | 1476 भाग |
| 17 | 93 | 1475 | काएमी | दोन–III | 0.015 | रामजनम महतो वल्द मेघनाथ महतो | 1476 | 1475 | रास्ता | 1475 |
| 18 | 51 | 1473 | काएमी | दोन–III | 0.12 | दशा उरांव वल्द कन्दना उरांव | रास्ता | 1472 | रास्ता | 1387 |
| 19 | 51 | 1471 | काएमी | दोन–III | 0.015 | महादेव उरांव वगै0, पिता–सुतला उरांव | 1473 | 1470 | रास्ता | 1472 |
| 20 | 103 | 1470 | – | – | 0.015 | महादेव उरांव वगै0, पिता–सुतला उरांव | 1472 | 1469 | रास्ता | 1394 |
| 21 | 80 | 1468 | काएमी | टांड़–II | 0.035 | छोटका पछुआ महतो वल्द झुलूवा महतो | 1469 | 1467 | रास्ता | 1398 |
| 23 | 47 | 1467 | काएमी | टांड़–II | 0.035 | डीबीया उरांव वल्द वीपरा उरांव | 1468 | 1466 | रास्ता | 1399 |
| 24 | 22 | 1466 | काएमी | टांड़–II | 0.015 | गीरधारी महतो वल्द मुड़ला महली | 1467 | 1464 | रास्ता | 1399 |
| 25 | 22 | 1464 | काएमी | टांड़–II | 0.015 | तदैव। | 1466 | 1463 | रास्ता | 1464 |
| 26 | 37 | 1463 | काएमी | टांड़–II | 0.025 | जलनाथ महतो वल्द बोना महतो | 1464 | 1462 | रास्ता | 1463 भाग |
| 27 | 15 | 1462 | काएमी | टांड़–II | 0.025 | योगेश्वर महतो, सुदा लाल महतो, पिता–हरिचरण महतो | 1463 | 1453 | रास्ता | 1462 |
| 28 | 92 | 1453 | काएमी | टांड़–II | 0.04 | रधवा महतो वल्द दूलार महतो | रास्ता | 1452 | रास्ता | 1453 भाग |
| 29 | 51 | 1451 | काएमी | – | 0.08 | बुतला मुण्डा | रास्ता | 1451 भाग | 2274 | 1452 |
| 30 | 92 | 1452 | काएमी | टांड़–II | 0.06 | रधवा महतो वल्द दूलार महतो | 1453 | 1445 | रास्ता | 1454 |
| 31 | 81 | 2274 | काएमी | टांड़–II | 0.12 | महश महतो वल्द केतरा महतो | रास्ता | 2274 भाग | रास्ता | 1451 |
| 32 | 134 | 1820 | . | टांड़–I | 0.04 | वकाष्त खेवट नं0–4/2 | 1823 | 1729 | 1820 भाग | रास्ता |
| 33 | 61 | 1823 | काएमी | – | 0.015 | पुरन महतो वगैरह | 1824 | 1820 | 1823 भाग | रास्ता |
| 34 | 134 | 1824 | काएमी | – | 0.015 | वकाष्त | रास्ता | 1823 | 1824 भाग | रास्ता |
| 35 | 58 | 1836 | काएमी | मकान सहन | 0.02 | चरका तेली, पे0 बन्धन तेली | 1839 | 1825 | 1830 भाग | रास्ता |
| 36 | 111 | 1828 | काएमी | परती कदीम | 0.015 | शिवनाथ महतो, पे0 कारीनाथ महतो | रास्ता | रास्ता | 1828 भाग | रास्ता |
| 37 | 60 | 1595 | काएमी | टांड़–I | 0.02 | पुरन महतो वल्द बैजु महतो | 1663 | 1594 | 1596 | रास्ता |
| 38 | 33 | 1594 | काएमी | टांड़–I | 0.0025 | सखुआ महतो वल्द प्रितम महतो | 1595 | 1593 | 1594 भाग | रास्ता |
| 39 | 33 | 1593 | काएमी | टांड़–I | 0.005 | तदैव। | 1594 | 1589 | 1593 भाग | रास्ता |
| 40 | 33 | 1580 | काएमी | टांड़–I | 0.035 | तदैव। | 1584 | 1578 | 1581 | रास्ता |
| 41 | 103 | 1579 | काएमी | टांड़–I | 0.015 | लटुआ महतो वल्द बोधवा महतो | 1580 | 1489 | 1579 | रास्ता |
| 42 | 142 | 1489 | . | टांड़–II | 0.12 | वकाष्त, खेवट नं0–7 | 1479 | 1483 | 1488 | रास्ता |
| 43 | 47 | 1483 | काएमी | टांड़–II | 0.10 | डीबीया उरांव वल्द तोपना उरांव | 1489 | रास्ता | 1485 | रास्ता |
| 44 | 75 | 1484 | काएमी | टांड़–II | 0.01 | भीगलनाथ चौधरी वल्द मादु चौधरी | 1485 | रास्ता | 1484 भाग | रास्ता |
| 45 | 124 | 1519 | | | 0.025 | सोहराई महतो वगैरह | 1484 | रास्ता | 1520 | रास्ता |
| 46 | 127 | 2094 | | परती कदीम | 0.04 | गैरमजरूआ मालीक, खेवट नं0–3 | | 2095 | 2094 रास्ता | रास्ता |
| 47 | 96 | 2095 | काएमी | टांड़–II | 0.07 | रामनाथ महतो वल्द मेघनाथ महतो | 2094 | 2100 | 2055 भाग | रास्ता |
| 48 | 124 | 2112 | काएमी | दोन–III | 0.05 | सखुआ महतो वल्द पीतराम महतो | 2100 | 2113 | 2111 | रास्ता |
| 49 | 124 | 2113 | काएमी | दोन–II | 0.025 | सोहराई महतो वल्द झगु महतो | 2112 | 2114 | 2113 भाग | रास्ता |
| 50 | 124 | 2114 | काएमी | टांड़–II | 0.045 | तदैव | 2113 | 2115 | 2117 | रास्ता |
| 51 | 124 | 2115 | काएमी | मोटा आर | 0.0025 | सोहराई महतो, पे0–मगु महतो | 2114 | 2116 | 2117 | रास्ता |
| 52 | 124 | 2116 | काएमी | बांध | 0.025 | तदैव। | 2115 | रास्ता | 2117 | रास्ता |
| 53 | 11 | 2224 | काएमी | टांड़–II | 0.05 | कमल महतो वल्द कजरू महतो | 2224 भाग | 2226 | 2224 | रास्ता |
| 54 | 125 | 2226 | काएमी | टांड़–II | 0.13 | दुगुआ उरांव वल्द वीरू उरांव | 2224 | 2229 | 2227 | रास्ता |
| 55 | 22 | 2229 | काएमी | टांड़–II | 0.04 | गीरधारी महली वल्द जदुआ महली | 2226 | 2230 | 2228 | रास्ता |
| 56 | 119 | 2230 | काएमी | टांड़–II | 0.01 | सुधवा महतो वल्द भूखल महतो | 2229 | 2231 | 2230 भाग | रास्ता |
| 57 | 119 | 2231 | काएमी | परती कदीम | 0.0025 | तदैव। | 2230 | 2232 | 2232 | रास्ता |
| 58 | 119 | 2232 | काएमी | दोन–III | 0.01 | तदैव। | 2231 | 2237 | 2236 | रास्ता |
| 59 | 119 | 2237 | काएमी | टांड़–II | 0.050 | तदैव। | 2232 | 2239 | 2237 भाग | रास्ता |
| 60 | 119 | 2239 | काएमी | दोन–III | 0.02 | तदैव। | 2237 | 2273 | 2240 | रास्ता |
| 61 | 119 | 2238 | काएमी | टांड़–II | 0.01 | तदैव। | 2239 | 2273 | 2239 | रास्ता |
| 62 | 119 | 2273 | काएमी | दोन–III | 0.035 | तदैव। | 2239 | 2272 | 2241 | रास्ता |
| 63 | 68 | 2272 | काएमी | दोन–III | 0.02 | बलका महतो वल्द धुमड़ा महतो | 2272 भाग | रास्ता | 2241 | रास्ता |
| 64 | 47 | 2271 | काएमी | दोन–III | 0.08 | डीबीया उरांव वल्द तोपना उरांव | 2270 | रास्ता | 2270 | रास्ता |
| 65 | 47 | 2270 | काएमी | टांड़–II | 0.06 | डीबीया उरांव वल्द तोपना उरांव | 2270 भाग | रास्ता | 2270 भाग | 2271 |
| 66 | 17 | 1695 | | . | 0.01 | खेदना घासी वल्द एतवा घासी | 1224 | रास्ता | रास्ता | 1695 भाग |
| 67 | 83 | 1728 | काएमी | टांड़–I | 0.01 | मुषीया महतो वल्द खदुरा महतो | रास्ता | 1725 | रास्ता | 1728 भाग |
| 68 | 83 | 1725 | काएमी | टांड़–I | 0.015 | तदैव। | 1728 | 1724 | रास्ता | 1725 भाग |
| 69 | 15 | 1724 | काएमी | टांड़–I | 0.01 | कोदीया महतो वल्द मोणराम महतो | 1725 भाग | 1718 | रास्ता | 1720 |
| 70 | 14 | 1719 | | टांड़–II | 0.015 | रबिया महतो वगै0, पिता–कोठिया महतो | 1724 | 1719 | रास्ता | 1720 |
| 71 | 19 | 1718 | काएमी | मकान सहन | 0.005 | खेदुआ महतो वल्द चमरा महतो | 1719 | 1717 | रास्ता | 1716 |
| 72 | 19 | 1717 | काएमी | टांड़–I | 0.005 | खेदुआ महतो वल्द चमरा महतो | 1718 | 1713 | रास्ता | 1715 |
| 73 | 143 | 1713 | | मकान सहन | 0.03 | गैरमजरूआ मालीक, खेवट नं0–7 | 1717 | रास्ता | रास्ता | रास्ता |
| 74 | 129 | 1647 | | . | 0.02 | वकाष्त | रास्ता | 1648 | रास्ता | रास्ता |
| 75 | 75 | 1648 | काएमी | . | 0.025 | अनिल चौधरी, पिता–स्व0 मदन महतो | 1647 | 1649 | रास्ता | 1652 |
| 76 | 75 | 1649 | काएमी | रास्ता | 0.005 | भीजलनाथ चौधरी वल्द माडु चौधरी | 1648 | 1649 भाग | रास्ता | 1650 |
| 77 | 85 | 1729 | काएमी | टांड़–I | 0.025 | मोगा चौधरी, वल्द भुवनाथ चौधरी | 1520 | रास्ता | 1730 | रास्ता |
| 78 | 85 | 1734 | काएमी | टांड़–I | 0.015 | तदैव। | रास्ता | 1735 | 1734 भाग | रास्ता |
| 79 | 137 | 1735 | काएमी | टांड़–II | 0.11 | तदैव। | 1734 | 1743 | 1735 भाग | रास्ता |
| 80 | 26 | 1743 | काएमी | टांड़ | 0.015 | गंगादास वल्द हीरा दास | 1735 | रास्ता | 1742 | रास्ता |
| 81 | 33 | 1636 | काएमी | मकान सहन | 0.015 | सखुआ महतो वल्द परिनाथ महतो | 1637 | 1595 भाग | 1634 | रास्ता |
| 82 | 33 | 1637 | काएमी | परती कदीम | 0.015 | तदैव। | 1639 | 1636 | 1634 | रास्ता |
| 83 | 33 | 1639 | काएमी | परती कदीम | 0.015 | सखुआ महतो वल्द प्रितम महतो | 1640 | 1637 | 1642 | रास्ता |
| 84 | 33 | 1640 | काएमी | टांड़–I | 0.015 | तदैव। | रास्ता | 1639 | 1642 | रास्ता |
| 85 | 33 | 1641 | काएमी | टांड़–II | 0.0025 | सखुआ महतो वल्द पिरत राम महतो | 2270 | रास्ता | 2270 | 2272 |
| 86 | 02 | 2275 | – | टांड़–II | 0.18 | वकाष्त मालीक | रास्ता | 2275 भाग | . | 2274 |
| | | | | **कुल** | **3.0975** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
राँची

PR 346025 Land Reforms (24-25)_D

# उपायुक्त ने की संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन / सहकारिता विभाग / आत्मा विभाग / पौधा संरक्षण विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने जिला सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कैम्पस से रबी बीज उठाव एवं वितरण, उर्वरक उठाव एवं वितरण, झारखंड राज्य फसल रहात योजना (खरीफ 2022 ) का भुगतान, लैंपस वार धान अधिप्राप्ति, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने धान अधिप्राप्ति में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिस लैम्पस के अध्यक्ष, सचिव द्वारा धान की खरीदी काफी कम की गई उसके उपर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त महोदय ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभुकों का वेरिफिकेशन संबंधित आवश्यक निर्देश दिये। मत्स्य विभाग की समीक्षा मत्स्य उत्पादन, वेद-व्यास आवास निर्माण, तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीणोद्धार, मत्स्य बीज उत्पादन, केज हाउस अधिष्ठापन एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने पशुपालन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जोड़ा बैल वितरण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने ने जिले में दुध उत्पादन को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को पहुंचाने की बात कहीं। उन्होंने 90 प्रतिशत, 75 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत अनुदान पर लाभुकों का चयन कर गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त महोदय कृषि एवं आत्मा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले में हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। जिले एवं प्रखंड में कृषक कार्यशाला एवं पाठशाला आयोजन का किसानों को जागरूक करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री आत्म अभय टोप्पो, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती सीमा टोप्पो, ज़िला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरुण राम, परियोजना निदेशक आत्मा श्री कृष्ण बिहारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने लैम्पस वार धान अधिप्राप्ति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा वितरण, पीभीटीजी डाकिया योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (ग्रीन राशन कार्ड), आधार सीडिंग, राशन कार्डधारी का ई-केवाईसी सहित अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदय 23 क्रियाशील धान अधिप्राप्ति केंद्र की समीक्षा की, उन्होंने लैंपस द्वारा धान अधिप्राप्ति विशेष रूप से बढ़ाने हेतु सभी लैम्पस के अध्यक्ष, सचिव को एक सप्ताह के अंदर किसानों को जागरुक कर धान की खरीदी को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिस धान अधिप्राप्ति केंद्र के अध्यक्ष सचिव द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति में रुचि नहीं ली जा रही है उसके ऊपर कार्रवाई करते हुए हटाने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया। साथ ही उस लैम्पस को बीज एवं उर्वरक नहीं देने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने हुरदा लैम्पस द्वारा किये गये धान अधिप्राप्ति कार्यों की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने धान अधिप्राप्ति केंद्र से मीलर को धान उठाव में आ रही समस्याओं यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिस लैंपस में धान का स्टॉक अभी भी है उसे 2 दिन के अंदर मीलर द्वारा उठाव करने की बात कहीं।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में दिया गया एनसीसी का प्रशिक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में 46 झारखंड बटालियन गुमला द्वारा एनसीसी का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें भैया-बहनों के पारस्परिक कौशल के विकास को देखा गया। 46 झारखंड बटालियन गुमला से आए प्रशिक्षक हवलदार अमित कुमार, हवलदार वी अमुचून सिंह ने भैया- बहनों को बताया कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों की भारतीय सैन्य कैडेट कोर शाखा है। जो छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करती है।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि 3 वर्ष का है। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा, विद्यालय विभाग प्रमुख एनसीसी कैडेट वीणा तिवारी, ऋषि रंजन और सुप्रिया घोषाल उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने मत्स्य विभाग के विभिन्न योजनाओं के लिए लाभुक समितियों के चयन को लेकर की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता आज मत्स्य विभाग के विभिन्न योजनाओं के लिए लाभकों/लाभुक समितियों का चयन हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत बायोफ्लॉक तालाब योजना, स्मॉल रीसर्कुलेटरी एक्वेकल्चर सिस्टम, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, वेद व्यास आवास योजना, मोटर बोट योजना में प्राप्त आवेदन की समीक्षा उपरांत लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुमलता, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ रमेश उराँव, कृषि विज्ञान केंद्र के सीनियर साइंटिस्ट डॉ हेमंत कुमार पांडेय समेत सभी माननीय सदस्य उपस्थित थे।

## कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार पर बीडीओ के अध्यक्षता में मनरेगा सप्ताह का आयोजन, समापन आज

➲आयोजन में 100 दिन रोजगार प्राप्त मजदूर परिवार को प्रसस्ति पत्र, उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनरेगाकर्मियों को मिला सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छन्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में किया गया मनरेगा सप्ताह का आयोजन जिसका 08 फरवरी को आज होगा समापन। मनरेगा सप्ताह मनरेगा दिवस कार्यक्रम के आयोजन में प्रखंड के ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन करना, 07 रजिस्टर अद्यतन करना, मनरेगा हेल्पलाइन नंबर का दीवार लेखन करना, रोजगार दिवस का आयोजन करना, श्रमिकों से काम का आवेदन प्राप्त करना, लंबित आधार का सत्यापन, शिकायत निवारण, मनरेगा के विषय, महत्व, मृदा एवं जल संचयन, अजिवीका संवर्धन, समाजिक भागीदारी, जागरुकता हेतु प्रभातफेरी, दैनिक मजदूरी 272/- रुपये प्रतिदिन भुगतान, इत्यादि, आयोजन में चर्चा की गई। आयोजन में 100 दिन रोजगार प्राप्त मजदूरों के परिवार को बीडीओ के द्वारा प्रसस्ति पत्र एवं मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 महिला मेट जलीशा खातून, संगीता कुमारी, मीना देवी इत्यादि को सम्मानित किया गया। आयोजन में प्रविपदा0 सूश्री भट्टाचार्य, बीपीओ अरविंद रौशन, मुखिया वीरेन्द्र महली, सुमित्रा उरांव, अमित कुमार, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, राजमणि मिंज, परवेज अख्तर, मो0 मंसुर इत्यादि मनरेगा कर्मी आयोजन में उपस्थित थे।

## पंचायती राज विभाग का दो दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग और डिजिग्राम के संयुक्त से आयोजित सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 सफल क्रियान्वयन हेतु ई-ग्राम स्वराज, टी एम पी, पी डी आई तथा जी ई एम पोर्टल संचालन हेतु लोहरदगा पंचायती राज रिसोर्स सेंटर सभागार में दूसरे सत्र का दो दिवसीय प्रशिक्षण 6 फरवरी से आयोजित किया गया। जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। जिसमें कुल 32 डिजिटल पंचायत वीएलई ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोहरदगा, किसको, सेन्हा प्रखंड के सीएससी संचालक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण हेतु डिजीग्राम के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद ने प्रशिक्षण में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन के लिए ई ग्राम स्वराज टीएमपी, पीडीआई, तथा जेम पोर्टल के संचालन को लेकर लॉगिन करना, डेटा, भरना, और उसे ब्लॉक के लिए फॉरवर्ड करना जैसा जानकारी दिया गयं। प्रशिक्षण कब क्रम में मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद ने कहा कि जैसे ही सभी पंचायत के सीएससी संचालन पूरी तरह प्रशिक्षण ले लेंगे उसके बाद आम जनता व विभाग के काम के लिए किसी को प्रखंड के चक्कर नहीं लगाना होगा, इतना ही नही सरकार व विभाग के द्वारा मिलने वाली विभिन्न योजनाओं को धरातल तक पंहुचने में बहुत कम समय लगेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हर योजना को सुचारू तरीके से समाज के अंतिम आदमी तक पहुचाना है। प्रशिक्षण में पंचायती राज विभाग के डीपीएम विमलेंद्र कुमार, सीएससी जिला समन्वयक सुधीर कुमार, कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अंजर अहमद, भिएलई सूरज कुमार, सूरज दसौंधी, परवेज अंसारी, भूमिका कुमारी, सीता उरांव, सहित सीएससी संचालक उपस्थित हुए।

## भाजपा संगठन का महापर्व के निमित बैठक कर किया गया पंचायत चुनाव, अधिकारियों का मनोनयन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 फरवरी शुक्रवार को कैरो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल उराँव व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे बैठक आहुत की गई। बैठक में संगठन के महापर्व को संपन्न किये जाने, एप डाऊन लोड कर अधिक-से-अधिक सक्रीय सद्स्य प्रखंड से बनाये जाने एवं सांगठनिक अन्य विन्दुओं पर बैठक में चर्चा की गई वही पंचायत संगठन चुनाव अधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। जिसमें गुड़ि बजरंग उराँव कुलदीप सिंह, कैरो गोविंद महतो नसीर आलम, सढ़ाबे कैलाश महतो लाखो उरांव, हनहट लखन उराँव श्रवण मुंडा, गजनी फलिंद्र रविदास विदेशी राम, नरौली शिवचरण तुरी मणिन्द्र शाह पंचायत चुनाव अधिकारी के रुप में मनोनयन किया गया है।

## सांसद के प्रयास से जल्द यहां कमरा एवं शौचालय का होगा निर्माण : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू आज सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंजार किसको पहुंचकर स्कूल का जायजा लिए। स्कूल के प्रधानाध्यापक विकास कुजूर ने बताया कि अभी वर्तमान में 101 बच्चे एवं तीन शिक्षक हैं। अभी मात्र तीन कमरा में पढ़ाई होता है। तीन वर्ग के बच्चे को एक साथ पढ़ाते हैं। कमरा की कमी है। शौचालय नहीं है एवं स्कूल में स्थित चापाकल भी खराब हो गया है। मौके पर आलोक साहू ने कहा कि कुछ माह पूर्व इस गांव के ग्रामीण सांसद की पास आकर स्कूल में कमरा एवं शौचालय निर्माण की मांग किए थे। श्री साहू ने कहा कि सांसद के प्रयास से जल्द ही इस स्कूल में दो कमरा एवं शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।कार्यपालक अभियंता पीएचईडी से वार्ताकर शीघ्र चापानल मरममति करने निर्देश श्री साहू ने दिया। श्री साहू ने कहा कि सांसद क्षेत्र की समस्याओं के निदान करने के लिए कटिबद्ध है और इसके लिए वे सकारात्मक पहल कर रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित राम मंदिर का प्राणप्रतिष्ठा का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार ग्राम में नवनिर्मित राम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। प्राण प्रतिष्ठा से 51 बालिकाओं द्वारा फुलझर नदी से कलश में जल उठाया गया। तथा श्री राम जी का प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। वही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य श्यामबिहारी मिश्रा और वृजेन्द्रमनी मिश्रा की अगुवाई में पुजारी नरेंद्र महतो व कौशल्या देवी द्वारा नवनिर्मित मन्दिर में भगवान श्री राम का प्रण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। साथ ही अखण्ड हरि कृतन व भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर सैकड़ो श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। मौके पर पूजा कुमारी,ममता देवी, अंजली कुमारी, रोशनी कुमारी, कौशल्या देवी, रीता कुमारी, रेशमा कुमारी, रानी साहु, पूजा यादव, प्रीति जायसवाल के अलावे रोहित यादव, नरेंद्र यादव, बजरंग यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## विश्व की समस्त वस्तुएं व प्रकृति नियमों से बंधी है : प्राचार्य जी पी झा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में माननीय प्राचार्य श्री जी.पी. झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन करने से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की साझा जिम्मेदारी पर जोर देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की चौंका देने वाली संख्या के साथ,यह पहल ड्राइवरों और पैदल चलने वालों के बीच अनुशासन,जागरूकता और सावधानी पैदा करने का प्रयास करती है। किशोरावस्था में प्रवेश कर चुके विद्यार्थियों में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानी के नियमों से उन्हें अवगत करवाने व जागरूक उत्पन्न करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा छठी की छात्रा हर्षिता कुमारी द्वारा यातायात के नियमों पर भाषण प्रस्तुत कर किया गया। शिक्षिका आरती कुमारी ने यातायात के संदर्भ में कविता प्रस्तुत किया। शिक्षक शशिकांत पाठक और शिक्षक रुचिर मृगेंद्र द्वारा सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों को लेकर प्रश्नोत्तरी चर्चा तथा भाषण प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका आरती कुमारी व अमित कुमार के निर्देशन में वेद प्रकाश व समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। पीटी शिक्षक द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन हेतु संकल्प दिलवाया गया।

## चोरी कर भाग रहे एक युवक को स्वजनो ने रंगे हाथों धर दबोचा किया पुलिस के हवाले



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैमारी गांव में गुरुवार की शाम घर में रखे गोदरेज का लॉकर तोड़ आभूषण की चोरी कर भाग रहे एक युवक को स्वजनों ने रंगे हाथ धर दबोचा है। साथ ही चोरी करते पकड़े गए युवक को आभूषण के साथ भंडरा थाना को सुपुर्द कर दिया है। इधर अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए भंडरा थाना पुलिस ने आरोपित सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी सफीक अंसारी के पुत्र हबीब अंसारी ( 30 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित हबीब अंसारी द्वारा गुरुवार की देर शाम भंडरा थाना क्षेत्र के बैमारी गांव निवासी सीताराम उरांव के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी भनक लगते ही घर के स्वजनों द्वारा आरोपित को पकड़ कर तलाशी लिया गया। जिसमें आरोपित के पास से एक जोड़ा चांदी का बाला,चांदी का एक अंगूठी, सोना का एक अंगूठी और नाक का बरामद किया गया। साथ ही इसकी सूचना स्वजनों ने भंडरा थाना पुलिस को दिया।

# जायका परियोजना बना रिमनी देवी के आजीविका का साधन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रिमनी देवी जीमा चटकपुर गांव की रहने वाली हैं। महिला स्वयं सहायता समूह में जुड़ने से पहले उनको चल रही योजनाओं की जानकारियां नहीं मिल पाती थी। जब वे समूह में जुड़ीं तो उन्होंने बचत करना सीखा और समूह के माध्यम से उनको सूक्ष्म टपक सिंचाई (जायका प्रोजेक्ट-पलाश जेएसएलपीएस) का लाभ मिला। इनके परिवार का मुख्य व्यवसाय खेती-बाड़ी है। समूह में जुड़ने से पहले खेती का आधुनिक तकनीक का ज्ञान न होने से परंपरागत तरीके से ही खेती-बाड़ी किया करती थीं एवं सब्जी की खेती केवल अपने घर के सदस्यों को खाने के लिए ही उगाया करती थी। उनके घर में उनके सहित कुल 6 सदस्य हैं। वह कहती हैं कि ड्रिप खेती से पहले वह बेचने के उद्देश्य से कभी खेती नहीं की थी। उनके घर का खर्चा साल-भर धान बेचकर ही चलता था। सूक्ष्म टपक सिंचाई की योजना मिलने के पश्चात उनको पाली नर्सरी घर में बिचड़ा उगाने, वर्मी बेड में केंचुआ खाद तैयार करने, MDI बेड बनाने इत्यादि का प्रशिक्षण मिला और ब्लरू ( प्रखंड क्रियान्वयन ईकाई-पलाश JSLPS) कुडू की ओर से उनका एक्सपोजर भी कराया गया। आज वह अपने से नर्सरी घर में बिचड़ा उगाती हैं। वेंचुरी से फसलों में घुलनशील खाद देती है। लत्तर फसलों में स्टेकिंग करती है। भिन्न-भिन्न फसलों की बिचड़ा रोपाई का तरीका की जानकारी रखती हैं।उसके साथ साथ मशीन का रख-रखाव एवं प्रबंधन इत्यादि की जानकारी के बारे में सीख चुकी हैं ढ्ढ वह बताती है कि जब से टपक विधि से खेती कर रही हैं उनके कुए में सालो भर पानी की कमी नहीं होती है क्योंकि उसी कुआँ का पानी वह अपने घर के उपयोग के लिए भी करती हैं। प्रत्येक फसल से उपज अच्छा मिल जाता है। मजदूरी में खर्चा कम आता है। बार-बार जोताई करने का झंझट भी नहीं रहता है और एक सीजन में उनको 45 हजार रूपये लेकर 55 हजार रूपये की आमदनी हो जाती है ढ्ढ इस प्रकार दीदी को सूक्ष्म टपक सिचाई विधि से खेती में सालभर में लगभग 1 लाख रूपये से लेकर 1.20 लाख रूपये की आमदनी हो जाती है ढ्ढ आज वह 1 एकड़ में ड्रिप से खेती करने लगी हैं। वर्तमान में उन्होंने अपने 25 डिसमिल खेत में स्टेकिंग में मटर की फसल लगाई हुई हैं जिसमें उन्होंने 963 किलो मटर ( 34, 22 और 20 रूपये प्रति किलो की दर से ) बेचकर 24075 रूपये की आमदनी भी कर चुकी है तथा उन्होंने अपने 75 डिसमिल के खेत में फ्रेंचबीन फसल की खेती की जिससे अब तक उन्होंने 3 क्विंटल बीन ( 30 और 25 रूपये प्रति किलो की दर से ) बेचकर 8500 रूपये का मुनाफा कमाया है।अबतक दोनों फसल से उन्होंने कुल 32575 रूपये का लाभ कमाया है। दीदी टपक विधि से खेती करके काफी उत्साहित हैं।और अपनी सब्जी की कमाई से अपनी बेटी को स्नातक की पढ़ाई करवा रही हैं। वहीं बेटा को भी 10वीं कक्षा में पढ़ा रही हैं। पूरे घर का खर्च वे स्वयं चला रही हैं। सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से खेती करने की इस कुशलता को देखते हुए राज्य,जिला एवं प्रखंड द्वारा इनके सूक्ष्म टपक सिंचाई माध्यम से लगी हुई फसल में एक्सपोजर विजिट भी किया जाता रहा है। गरमा मौसम में दीदी करैला और खीरा की खेती करेंगी और मल्चिंग में प्याज की खेती करना चाहती हैं। रिमनी दीदी कहती हैं कि जेएसएलपीएस की जायका परियोजना ने उन्हें आगे बढ़ने का राह दिखायी है,जो आजीविका बढ़ाने का जरिया बनता जा रहा है।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिये 10 फरवरी से जिला के चार प्रखंड में होगा विशेष अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से जिला के चार प्रखंड सिमडेगा, कुरडेग, जलडेगा और कोलेबिरा में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आइडीए कार्यक्रम के तहत 382194 लोगों को दवाएं दी जाएगी। सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन के सभाकक्ष में सिविल सर्जन डॉक्टर श्री रामदेव पासवान की अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। इसके लक्षण उभरकर आने में 10 वर्ष भी लग जाते हैं। ऐसे में हम सभी सावधानी बरतकर एवं बचाव कर फाइलेरिया संक्रमण से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने के लिए जिले के चार प्रखंड में 10 फरवरी से अभियान प्रारंभ होगा, जो 25 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे जिले में लोगों की सैंपल जांच की गई थी। जिसमें सिमडेगा, कोलेबिरा, जलडेगा और कुरडेग के लोगों में फायलेरिया की खतरा अधिक देखने को मिली। इसलिए इन चार प्रखंड में इस अभियान को चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से ऊपर के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी दवा दी जाती है। वहीं 2 साल के ऊपर वाले बच्चे को एक दवा दी जाती है। उन्होंने कहा कि हाइट और उम्र के हिसाब से दवा दिया जाता है। उम्र के हिसाब से डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवा दी जाती है। वहीं हाइट के हिसाब से आइवरमेक्टिन की दवा दी जाती है।उन्होंने सभी जिलेवासियों से फाइलेरिया रोधी दवा खाने की अपील की है। जिससे कि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। सीएस ने बताया कि अभियान में 382194 लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर उन्होंने बताया कि अभियान के सफल आयोजन को लेकर कई रणनीति भी बनाई गई। सीएस डॉ रामदेव पासवान ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि दस फरवरी को कर्मचारी अपनी उपस्थिति में लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएं। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को बूथों में फायलेरिया की दवा दी जाएगी। इसके लिए जिले के चयनित चार प्रखंडों में 730 बूथ बनाए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इन बूथों में छूटे हुए लोगों को 11 से लेकर 25 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। सीएस ने बताए कि अभियान में दो वर्ष से कम, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगियों को छोड़ सभी लोगों को दो प्रकार की दवा खिलाई जाएगी। बता दें कि सिमडेगा में इस अभियान की शुरूआत 2019 में हुई थी। इस बार सातवां वर्ष है। जब इस अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा। इस अभियान के रिजल्ट के बाद इस अभियान की आगे की रणनीति तय की जाएगी। याद रखें फाइलेरिया की दवा सभी को खानी जरूरी है। क्योंकि इस बीमारी के लक्षण की वर्षों के बाद उभरते हैं। इसलिए बीमारी से बेहतर बचाव है। लेकिन कभी भी खाली पेट फाइलेरिया की दवा मत खाएं। आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रयासरत स्वास्थ्य विभाग की इस अभियान में आप सभी सहयोग करें और आईए संकल्प ले कि सिमडेगा को फाईलेरिया मुक्त बनाएं।

## अपने बेटे की शादी के उपलक्ष्य में गौतम अडानी ने लिया समाज सेवा का संकल्प

# गौतम अडानी ने 10 हजार करोड़ रुपया किया दान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महाकुंभ मेले की यात्रा के दौरान गौतम अदाणी ने कहा था कि उनके बेटे की शादी ÷सादगी और पारंपरिक तरीके÷ से होगी। गौतम अदाणी ने न केवल शादी को साधारण रखा, बल्कि समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपये भी दान किए। बेटे की शादी के अवसर पर यह अनोखा उपहार उन्होंने समाज के कल्याण के लिए दिया है। गौतम अदाणी का यह दान उनके परमार्थ के विचार ÷सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है÷ पर आधारित है। उनके दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य , शिक्षा और कौशल विकास के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च किया जाएगा। इस पहल से समाज के सभी वर्गों को किफायती विश्व स्तरीय अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, शीर्ष स्तरीय के-12 स्कूलों और सुनिश्चित रोजगार क्षमता के साथ ग्लोबल स्किल एकेडमी के नेटवर्क तक पहुंच प्रदान होगी। अपने छोटे बेटे जीत की शादी के अवसर पर गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) के संदेश में अपनी बहू को बेटी दिवा कहकर संबोधित किया। उन्होंने लिखा,परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। यह विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ। यह एक छोटा और अत्यंत निजी समारोह था, इसलिए हम चाह कर भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके, जिसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूँ। मैं आप सभी से बेटी दिवा और जीत के लिए स्नेह और आशीष का हृदय से आकांक्षी हूँ।



**अहमदाबाद में संपन्न हुई अडानी के बेटे की शादी**

शादी अहमदाबाद के बेल्वेडियर क्लब, अदाणी शांतिग्राम टाउनशिप में संपन्न हुई, जहां जीत अदाणी और हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शादी के बंधन में बंध गए। शादी पूरी तरह से पारंपरिक रूप से संपन्न हुई। सामान्य धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक गुजराती समारोह में केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। शादी में राजनेता, बड़े कारोबारी, फिल्मी सितारे, नौकरशाह और अन्य कोई प्रमुख हस्तियां शामिल नहीं हुई।

### अडानी एयरपोर्ट के निदेशक हैं जीत अडानी

जीत अदाणी इस समय अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक हैं और छह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रबंधन देख रहे हैं। साथ ही नवी मुंबई में बन रहे सातवें हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज से पढ़ाई की है।

## राजहरा कोलियरी में उत्खन्न प्रारम्भ करने को लेकर केंद्रीय कोयला मंत्री से मिले पलामू के सांसद वीडी राम



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात कर राजहरा कोलियरी में उत्खन्न प्रारम्भ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा किया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रजहरा कोलियरी को खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है जिसपर अटॉर्नी जनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परन्तु अनावश्यक रूप से विलम्ब किया जा रहा है। उपरोक्त मामले में माननीय मंत्री जी ने संबंधित पदाधिकारियों को निदेश देते हुए कहा कि सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड, दरभंगा हाउस, रॉची के प्रबंध निदेशक, उपायुक्त पलामू एवं माननीय सांसद जी की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर आ रही अड़चनों को दूर करने को कहा है। उक्त सभी मामले को बहुत जल्द दूर कर कोयले का उत्खनन प्रारम्भ किया जाएगा। इस आशिक जानकारी संसद के नीति सचिव पलक दुबे ने दी।

# राज्यपाल ने प्रतिभागियों से किया संवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन में राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 के प्रतिभागियों से संवाद किया। यह यात्रा अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह यात्रा युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर वहां की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक संरचना को समझने का अद्भुत अवसर प्रदान करेगी। राज्यपाल ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि एसआईएल 1966 से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ कर रहा है और यह संगठन सीमावर्ती एवं सुदूर क्षेत्रों के छात्रों को भारत के अन्य भागों के लोगों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक जन-एक संस्कृति केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक एकता का वास्तविक प्रतिबिंब है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की समृद्धि केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता और आपसी सहयोग से भी तय होती है। राज्यपाल ने झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि एसआईएल के माध्यम से देशभर के युवाओं को झारखंड की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और झारखंड में राज्यपाल के रूप में छह माह का अनुभव अच्छा रहा है। उन्होंने इस प्रदेश की संभावनाओं, लोक संस्कृति और परंपराओं को अत्यंत समृद्ध बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि पांच वर्ष पूर्व, नई दिल्ली में भी एसआईएल के लगभग 100 प्रतिभागियों से संवाद हुआ था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के दौरान बने आपसी संबंधों को बनाए रखें। इस अवसर पर रुस्तम (अरुणाचल प्रदेश) और अनुमति राधा (असम) ने राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 के दौरान अपने अनुभव साझा किए और इसे एक अविस्मरणीय और शिक्षाप्रद यात्रा बताया। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सर्व कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जींद :** सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के आवास के बाहर जमकर नारेबाजी की। डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिलाना प्रदर्शनकारी कर्मियों के बीच पहुंचे और मांगों को लेकर ज्ञापन लिया। शुक्रवार को आयोजित प्रदर्शन से पहले सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने रोष सभा की। जिसकी अध्यक्षता सकसं प्रधान संजीव ढांडा ने की। रोष सभा को संबोधित करते हुए संजीव ढांडा, मनदीप नेहरा, राजेश कालीरमन ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें काफी लंबे समय से लंबित हैं। सरकार द्वारा मांगों का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए लेकिन पिछले काफी समय से सरकार की तरफ से कोई प्रयास नही किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। अब केंद्र सरकार के आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर दी गई है। परंतु हरियाणा सरकार के कर्मचारियों की कुछ समस्याएं अलग से हैं। जिनकी केंद्रीय वेतन आयोग में समुचित सुनवाई नही हो रही है।हरियाणा के कच्चे व पक्के कर्मचारियों व पेंशनर्स की सुनवाई किसी स्तर पर नही हो पाती है। जिसको लेकर कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ता है। अगला वेतन आयोग लागू होने तक प्रत्येक कर्मचारी को 5000 रुपये अंतरिम राहत दी जाए। कर्मचारी नेता सुशील ईक्कस, सन्नी पटवारी, मनदीप नेहरा, अनिल शर्मा, राजेश कालीरमन, धर्मबीर, राकेश, अनूप ने कहा कि केंद्र सरकार में ग्रुप डी की भर्ती नही है लेकिन हरियाणा सरकार में है।




## कांग्रेस का भाजपा पर पुलिस दबाव बनाने का आरोप



**हरिद्वार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि निकाय चुनाव के बाद भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता हरिद्वार पुलिस पर बेवजह दबाव बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के नेता मनोज सैनी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना, मध्य हरिद्वार के ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा और कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अश्विन कौशिक ने संयुक्त बयान में कहा कि जिस प्रकार निकाय चुनाव के बाद भाजपा पार्षदों और कार्यकर्ताओं द्वारा हरिद्वार पुलिस पर बेवजह दबाव बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर मुकदमें दर्ज कराने का घटिया प्रयास किया जा रहा है, उसे कांग्रेस पार्टी के नेता बर्दास्त नहीं करेगें। उन्होंने कहा कि पुलिस को निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए और सत्ता के दबाव में आकर कोई भी कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार भाजपा नेता हरिद्वार के हिस्ट्रीशीटर को संरक्षण देकर एक निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के लिए कनखल पुलिस पर दबाव बना रहे हैं वह किसी भी सूरत में बर्दास्त योग्य नहीं है। जब कनखल पुलिस को हिस्ट्रीशीटर की शिकायत पर प्रथम दृष्ट्या कोई भी सबूत नहीं मिले तो मामला रफा दफा हो जाना चाहिए। फिर भी यदि पुलिस ने भाजपा नेताओं के दबाव में किसी भी निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ता पर झूठा मुकदमा दर्ज किया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षदगण और नेता एक हिस्ट्री शीटर को संरक्षण देकर आखिर धर्म नगरी हरिद्वार और शांत प्रदेश उत्तराखंड की जनता को क्या संदेश देना चाहते है? क्या भाजपा नेता अब शांत प्रदेश उत्तराखंड में गुंडाराज स्थापित करना चाहते है, जिससे धर्म नगरी का माहौल खराब हो।

## दंतेवाड़ा से किरंदुल के बीच 19 दिनों तक यात्री रेल सेवा रहेगी बाधित




**जगदलपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में किरंदुल-कोत्तावालसा रेललाइन में दंतेवाड़ासे किरंदुल के बीच 9 से 27 फरवरी तक रेल (यात्री) सेवा प्रभावित रहेगी। भांसी और बचेली रेललाइन के समेली घाट सेक्शन में दोहरीकरण का काम चल रहा है। इस वजह से दंतेवाड़ा से किरंदुल के बीच 19 दिनों तक रेल सेवा बाधित रहेगी। इस दौरान किरंदुल जाने वाली दोनों यात्री ट्रेनों किरंदुल-विशाखापत्तनम पैसेंजर (गाड़ी संख्या 58501-58501) और किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18513-18514) का परिचालन दंतेवाड़ा तक किया जाएगा, जबकि मालगाड़ियों का परिचालन पहले की तरह ही जारी रहेगा। शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार किरंदुल से ओड़िशा के जैपुर स्टेशन के बीच 219 किलोमीटर और दंतेवाड़ा जिले में कमलूर से बचेली के बीच लगभग 20 किलोमीटर रेललाइन में दोहरीकरण का काम बाकी है। इस सेक्शन में बचेली से किरंदुल के बीच 9.48 किलोमीटर की दोहरी लाइन बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) का बचेली-किरंदुल के बीच नई लाइन की जांच के लिए 27 फरवरी को प्रवास प्रस्तावित है। इसके पहले इन दोनों स्टेशनों के बीच - नान इंटरलाकिंग का काम पूरा किया जाएगा। यात्री सुरक्षा की दृष्टिकोण से दोनों यात्री ट्रेनों को दंतेवाड़ा में रद्द कर वहीं से विशाखापत्तनम के बीच चलाने का प्रस्ताव रेल प्रशासन मंडल ने किया है।

## पिलाटेस व्यायाम शरीर के सभी प्रमुख मांसपेशी समूहों को देता है ताकत : डॉ खटुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दिनांक 7 फरवरी को द मूवमेंट स्टूडियो फॉर पिलेट्स एंड फिजियोथेरेपी का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सीआईडी के डीआईजी संध्या रानी मेहता, नौशाद आलम(आईपीएस), देव कमल और देवानिका हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ अनंत सिन्हा, डॉ तरुण ओडुकिया के साथ साथ कई अन्य लोग शामिल हुए। द मूवमेंट स्टूडियो फॉर पिलेट्स एंड फिजियोथेरेपी का संस्थापक डॉक्टर शुभालक्ष्मी ने बताया कि पिलाटेस व्यायाम की एक श्रृंखला है, जो शरीर के सभी प्रमुख मांसपेशी समूहों की गतिशीलता और ताकत को संतुलित तरीके से बढ़ावा देता है। यह शारीरिक व्यायाम विधि विशेष रूप से मांसपेशियों को टोन करने, सही पोस्चर बनाए रखने और शरीर की आंतरिक सहनशक्ति और बाहरी ताकत को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि प्रथम विश्व युद्र के दौरान जोसेफ पिलाटेस को इंग्लैंड में नॉकालोए इंटर्नमेंट कैंप में बंदी बना लिया गया था। जहाँ उन्होने अपने साथी बंदियों को अपनी व्यायाम प्रणाली सिखाई और अस्पताल के बिस्तरों पर स्प्रिंग्स जोड़कर बिस्तर पर लेटे हुए मरीजों के लिए व्यायाम की व्यवस्था की।युद्ध के बाद, जोसेफ पिलाटेस न्यूयोर्क शहर चले गए। जहां उन्होंने 1920 के दशक में पहला पिलाटेस स्टूडियो खोला । यहाँ उन्होने अपनी प्रणाली को और विकसित किया और कई प्रसिद्ध नर्तकों और कंपनियों को प्रशिक्षित किया और कुछ इस प्रकार पिलाटेस की शुरूआत जोसेफ पिलाटेस द्वारा 20वीं सदी की शुरुवात में की गई थी जो समय के साथ विकसित होकर आज एक लोकप्रिय व्यायाम प्रणाली बन गई हैं। पिलाटेस के क्या फायदे हैं : फलेक्सिबिलिटी बढ़ाना, पोस्चर ठीक करना, तनाव कम करना, शारीरिक एवं मानसिक ताकत बढ़ाना, मांसपेशियों की ताकत और टोन में वृद्धि, बेहतर शारीरिक समन्वय और संतुलन, मस्कुलोस्केलेटल चोटों की रोकथाम, बेहतर एकाग्रता, ब्रेस्ट कैंसर रिहैबिलिटेशन, प्री-नेटल एंड पोस्ट-नेटल पिलाटेस,फेफड़ों एवं हृदय स्वास्थ्य में सुधार एवं क्षमता बढ़ाना, चोट से उबरने में मदद करता हैं। इस मौके पर मौजूद आदित्य मल्होत्रा, डॉ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश कुमार, डॉ राहुल सिन्हा, के साथ साथ डॉ प्रियंका, डॉ ज्योत्स्ना,डॉ शिवानी,डॉ नेहा, डॉ आर्यन, डॉ अफ़ज़ल के साथ साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे।



## महाकुम्भ में बौद्ध-सनातनी एकता का लिया गया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महाकुम्भनगर :** आस्था के महापर्व, महाकुम्भ में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था का स्नान करने प्रयागराज आ रहे हैं। वहीं पहली बार दुनिया के 11 देशों के बौद्ध भिक्षु,भंते व लामा बड़ी संख्या में महाकुम्भ में पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई। 04 फरवरी को जब बौद्ध भिक्षु प्रयागराज के महाकुम्भ पहुंचे तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं बौद्ध भिक्षुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत व सम्मान किया और उपहार दिया। दूसरे दिन संघम शरण गच्छामि,बुद्धं शरणम् गच्छामि को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बौद्ध भिक्षुओं ने महाकुम्भ क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली। वहीं 06 फरवरी को बुद्ध शरणं गच्छामि, धम्म शरणम् गच्छामि का उद्घोष करते हुए बौद्ध भिक्षुओं का दल संगम घाट पहुंचा और गंगा यमुना सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर सनातन बौद्ध एकता का संदेश दिया। इस दौरान संगम तट भगवान बुद्ध की करूणा हो,सम्राट अशोक अमर रहें के नारे से गूंज उठा। संगम में डुबकी लगाने के बाद बौद्ध भिक्षुओं सनातन के प्रति गर्व की अनुभूति कर रहे थे। बौद्ध सम्मेलन में बांग्लादेश-पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बंद हो, तिब्बत स्वतंत्र हो और सनातन व बौद्ध की एकता को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। बौद्ध महाकुम्भ यात्रा की व्यवस्था,स्वागत और बौद्ध सनातन के दिव्य भव्य आयोजन को देखकर सभी बौद्ध भिक्षु अभिभूत दिखे। प्रत्येक कुम्भ में मिलने का संकल्प लेकर बौद्ध भिक्षु अपने-अपने स्थान के लिए रवाना हुए। चार दिवसीय बौद्ध महाकुम्भ यात्रा में बौद्ध व सनातनी एक थे, एक हैं,एक रहेंगे। हम सनातन के अंश थे,सनातन के अंश हैं और सनातन के अंश रहेंगे का संकल्प लिया गया। निर्वासित तिब्बत की रक्षामंत्री गैरी डोलमा ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर लगे महाकुम्भ में हम बौद्ध व सनातनी एक साथ आए हैं। हम सबका सौभाग्य है कि हम सब एकत्व भाव के साथ कदम मिलाकर चल रहे हैं।



## शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान करती है भारती शिक्षा समिति : प्रदीप कुशवाहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भागलपुर :** आनंदराम ढांढनियाँ सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन के पूर्व संध्या पर शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई।मौके पर प्रदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि विद्या भारती की इकाई भारती शिक्षा समिति है। यहाँ शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान किया जाता है। बच्चों का संस्कृति से प्रत्यक्ष नाता है। दक्षिण बिहार की प्रांतीय समिति के अंतर्गत 17 जिला से 225 प्रधानाचार्य इस सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं। वर्तमान सत्र 2024-25 में किए गए कार्यों की समीक्षा और आगामी सत्र 2025-26 में किए जाने वाले कार्यों की योजना हेतु यह प्रधानाचार्य सम्मेलन है। क्रियान्वयन आधारित, व्यावसायिक शिक्षा, क्रियाआधारित शिक्षा देने की योजना इस सम्मेलन में बनने वाली है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित शिक्षा प्रदान करने की योजना बनने वाली है। प्रधानाचार्य विद्या भारती के केंद्र बिंदु होते हैं।प्रधानाचार्यों को सम्मेलन के माध्यम से नयी नयी जानकारी प्रदान की जाती है। अटल टिंकरिंग लैब बच्चों के समेकित विकास की दृष्टि से बनाई गई है। प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 8 फरवरी 2025 से 11फरवरी 2025 तक आयोजित है। इस अवसर पर प्रांतीय प्रचार संयोजक सतीश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य सुमंत कुमार, उमाशंकर पोद्दार, ब्रह्मदेव प्रसाद, राकेश नारायण अम्बष्ट, राजेश कुमार, विनोद कुमार, वीरेन्द्र कुमार, परमेश्वर कुमार, गंगा प्रसाद चौधरी, भीष्म मोहन झा, सुमन चौधरी, शशि भूषण मिश्र, राजीव वर्मा एवं विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित थे।



# पूर्व सैनिकों के लिए गुवाहाटी में रोजगार मेला आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुवाहाटी :** पुनर्वास महानिदेशालय, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा मंत्रालय ने आज नारंगी कैंट, गुवाहाटी में पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया। इस मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को पुनः रोजगार दिलाने के लिए उन्हें कंपनियों से जोड़ना था।असम और आसपास के क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों ने इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 1000 से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया, जबकि 55 से अधिक कंपनियों ने 1500 से अधिक नौकरियों और 250 से अधिक उद्यमिता के अवसरों की पेशकश की। चयनित पूर्व सैनिकों को विभिन्न वरिष्ठ पदों के लिए साक्षात्कार व स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुजरना होगा।इस अवसर पर कौशल रोजगार और उद्यमिता मंत्री प्रशांत फूकन, डीईएसडब्ल्यू सचिव डॉ. नीतेन चंद्र, मेजर जनरल एसबीके सिंह (डीजी, पुनर्वास) और मेजर जनरल आरडी शर्मा (जीओसी, 51 उप क्षेत्र) उपस्थित रहे।पूर्वोत्तर क्षेत्र के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों में लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता (सेवानिवृत्त) और एयर मार्शल एके गोगोई (सेवानिवृत्त) शामिल थे। असम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जयंत शर्मा कॉरपोरेट गेस्ट ऑफ ऑनर थे। यह रोजगार मेला पूर्व सैनिकों को नए करियर विकल्प प्रदान करने के लिए डीजीआर की एक पहल थी।